
## न्यूज ब्रीफ

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउ लाल वैष्णव का निधन



**जोधपुर (अप्रस)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउ लाल वैष्णव का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह करीब 81 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में भर्ती थे। एम्स सूत्रों के अनुसार श्री दाउ लाल वैष्णव ने मंगलवार पूर्वाह्न 11:52 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। बागडे ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इसी तरह श्री शर्मा ने दुख जताते हुए कहा कि श्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊ लाल वैष्णव के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।




# एसवाईएल पर हरियाणा व पंजाब की बैठक आज

- बैठक के बाद केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगी रिपोर्ट
- दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अधिकारियों के साथ बनाई रणनीति

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा व पंजाब के बीच कई दशकों से विवाद का विषय बनी एसवाईएल की लड़ाई अब निर्णायक दौर में आ गई है। बुधवार को दोनो राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा आला अधिकारियों संयुक्त बैठक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में होगी। हालांकि इससे पहले भी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बैठक कर चुके हैं लेकिन बुधवार की बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि इस बैठक में दोनों राज्यों से फाइनल स्टैंड पूछा जाएगा। जिसके आधार पर केंद्र सरकार अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में देगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट वर्षों से लटक रहे इस मुद्दे पर अपना फैसला दे सकता है।

मई में सुप्रीम कोर्ट ने फिर से पंजाब और हरियाणा को मामले को सुलझाने के लिए केंद्र के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले जल शक्ति मंत्री को इस मामले में मुख्य मध्यस्थ नियुक्त किया था और उनसे कहा था कि वे केवल मूक दर्शक बने रहने के बजाय सक्रिय भूमिका निभाएं। 6 मई को इस मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट जस्टिस गवई ने पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि यह मनमानी नहीं तो क्या है। नहर बनाने का आदेश पारित होने के बाद, इसके निर्माण के लिए अधिगृहीत जमीन को गैर-अधिसूचित कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट में 13 अगस्त को इस केस की सुनवाई होनी है।

बुधवार की बैठक में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को देरात तक चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास में एसवाईएल को लेकर अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में सीएम सैनी ने अधिकारियों को विवादों से जुड़े सभी फैक्ट्स पर काम करने निर्देश दिए। मंगलवार को सचिवालय में अधिकारी दिनभर पुराना रिकार्ड खंगालने तथा पानी को लेकर हरियाणा की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करने में जुटे रहे। इस बैठक में जल संसाधन, सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

सतलुज-यमुना लिंक नहर के निर्माण में देरी को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के पक्ष में स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद पंजाब की भगवंत मान सरकार सहयोग की बजाय टकराव की राह पर है। सैनी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस बैठक में बातचीत से कोई हल जरूर निकलेगा।

### पंजाब एसवाईएल को चाहता है वाईएसएल बनाना

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी आज अधिकारियों के साथ बैठक करके पंजाब की रिपोर्ट तैयार की। पंजाब एसवाईएल को वाईएसएल फार्मूले से निपटाने की पैरवी करेगा। पंजाब के सीएम भगवंत मान कह चुके हैं कि पंजाब में पानी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सतलुज-यमुना-लिंक नहर के बजाय यमुना-सतलुज-लिंक नहर के निर्माण पर विचार किया जाना चाहिए। 12 मार्च, 1954 को पुराने पंजाब और उत्तर प्रदेश के बीच एक समझौते में यमुना के पानी से सिंचाई के लिए किसी विशेष क्षेत्र को नहीं दर्शाया गया था।

**सीएम भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के 65 लाख परिवारों के लिए नकदी रहित 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' का किया ऐलान**

# पंजाब के लोगों को 10 लाख तक मुफ्त इलाज

- पंजाब बना देश का पहला राज्य
- तीन महीना में लागू की जाएगी योजना

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' की शुरुआत के साथ पंजाब ने स्वास्थ्य क्रांति के एक नए युग में प्रवेश किया। इस योजना के लागू होने के साथ, पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है, जहां सभी नागरिकों को 10 लाख रुपए तक का नकद रहित इलाज (कैशलेस ट्रीटमेंट) उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि राज्य में कई परिवार गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन इलाज महंगा होने के कारण मजबूरी में जीवन बिताते थे। उन्होंने कहा कि लोगों ने तो उम्मीदें भी छोड़ दी थीं, क्योंकि उन्हें इलाज के लिए जमीन या घर-बार बेचना पड़ता था। भगवंत सिंह मान ने दुख के साथ कहा कि पिछली सरकारों की निकम्मी कार्यप्रणाली के कारण इस गंभीर मुद्दे पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

मुख्य मंत्री ने कहा कि अब नई स्वास्थ्य योजना के शुरू होने से राज्य के सभी निवासी 10 लाख रुपए तक के नकद रहित इलाज के हकदार होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सभी सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में इलाज मुफ्त होगा, जिससे आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब राज्य के किसी भी निवासी को गंभीर बीमारियों का इलाज कराने के लिए अपनी जेब से एक भी पैसा नहीं देना पड़ेगा।

मुख्य मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को केंद्र में लाने का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र उनकी सरकार की पांच प्रमुख प्राथमिकताएं हैं और इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जब दूसरी राजनीतिक पार्टियां केवल नफरत और विभाजनकारी एजेंडे को बढ़ावा दे रही थी, तब केजरीवाल के नेतृत्व में 'आप' ने इन पांच क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर राजनीति को नई दिशा दी।

मुख्य मंत्री ने कहा कि अपने आप को बड़े राष्ट्रवादी कहने वाले लोगों ने बिना वजह पंजाबियों को निशाना बनाया, जो पंजाब और पंजाबियों के साथ साजिश करते हैं। अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभिनेता की फिल्म, जो हमले से बहुत पहले बनी थी, पर देश में अनावश्यक प्रतिबंध लगाया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजायीं ने हमेशा देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और देश की सीमाओं की रक्षा करने में सबसे अधिक योगदान दिया है।

मुख्य मंत्री ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान के साथ उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति में पंजाब को बहुत नुकसान सहना पड़ा, लेकिन देश ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर सियासी ड्रामा देखा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दुखद है कि भाजपा और केंद्र सरकार ने बिना किसी तर्क के हर घर में सिंदूर भेज दिया और लोगों की भावनाओं का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्ताधारी लोगों की इन नौटंकियों का शिकार राज्य और देश के समझदार लोग कभी नहीं बने। मुख्य मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जैसी सूझबूझ वाली शख्सियत ही देश की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल जैसा व्यक्ति देश का नेतृत्व करेगा, तभी यह देश दुनिया का नेतृत्व करेगा।

### बिना किसी औपचारिकता के जारी होगा नया कार्ड

मुख्य मंत्री ने कहा कि नया स्वास्थ्य कार्ड लोगों को बिना किसी औपचारिकता के मुफ्त जारी किया जाएगा और इससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री लोगों से जन्म का प्रमाण मांग रहे हैं, जबकि लोग दशकों से वोट डाल रहे हैं, और दूसरी तरफ हमारी सरकार बिना किसी शर्त के स्वास्थ्य कार्ड जारी कर रही है। जन्म के प्रमाण मांगने की आलोचना करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब ने देश के विभाजन का दर्द झेला, जब लाखों लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए।

# अहिंसा और अनेकांतवाद के सिद्धांत आज की जरूरत: नायब सैनी

### मुख्यमंत्री ने आचार्य भिक्षु स्वामी को दी श्रद्धांजलि



आचार्य भिक्षु स्वामी की 300वीं जयंती समारोह को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी। फोटोः अजय गौतम

- कहा- महापुरुषों के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर करें नैतिक समाज का निर्माण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महापुरुषों के विचार और सिद्धांत आज भी हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाते हैं। यदि हम उनके आदर्शों को अपनाएं और अपने आचरण में उतारें, तो एक नैतिक और चरित्रवान समाज का निर्माण संभव है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को चंडीगढ़ में आचार्य भिक्षु स्वामी की 300वीं जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंचासीन परम श्रद्धेय मुनिश्री विनय कुमार आलोक, मुनिश्री सुधाकर, मुनिश्री अभय कुमार आलोक,मुनिश्री नरेश,स्वामी सम्पूर्णानन्द ब्रह्मचारी महाराज सहित समस्त मुनिजनों को सादर नमन किया और कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें इस पावन अवसर पर तेरापंथी समाज के श्रद्धालुओं के बीच आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि देश की धरा संतों की धरा है। संतों के कारण ही हमारी संस्कृति जीवित है। मुख्यमंत्री ने जैन मुनियों की तपस्वी जीवनचर्या की सराहना करते हुए कहा कि वे भौतिकवादी युग में त्याग और संयम की प्रतिमूर्ति हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य भिक्षु स्वामी जी केवल एक मुनि नहीं, बल्कि एक साहसी और क्रांतिकारी विचारक थे। उन्होंने धर्म में व्याप्त कुरीतियों पर चोट की और अध्यात्म को तर्कसंगत दिशा दी।

इस अवसर पर मुनि विनय कुमार आलोक एवं मुनिश्री सुधाकर जी ने मुनि श्री भिक्षु जी महाराज के जीवन एवं तेरापंथ के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की शिक्षाओं पर बोलना आसान है, परंतु उन शिक्षाओं को जीवन में अमल में लाना कठिन कार्य है।

### आचार्य भिक्षु जी की शिक्षाएं आज के युग में भी अत्यंत जरुरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य भिक्षु जी की शिक्षाएं आज के युग में भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि अहिंसा केवल मारपीट न करना ही नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म से पवित्र होना ही सच्ची अहिंसा है। आज के तनावपूर्ण और असहिष्णुता से भरे माहौल में यह विचार समाज को जोड़ने का काम कर सकता है। उन्होंने अनेकांतवाद की चर्चा करते हुए कहा कि यह दर्शन लोकतंत्र की आत्मा है, जो विभिन्न दृष्टिकोणों के सम्मान की प्रेरणा देता है। अपरिग्रह का संदेश आज की उपभोक्तावादी प्रवृति, संग्रह और भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक नैतिक आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य भिक्षु जी मानते थे कि जब व्यक्ति सुधरेगा, तब समाज और राष्ट्र भी अपने आप सुधर जाएगा। हमारा भी यही विश्वास है कि राष्ट्र का सशक्त निर्माण नैतिक मूल्यों की नींव पर ही संभव है।

**फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रिपोर्ट में खुलासा**

# पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा

- गोरखपुर में आतंकी को ऑनलाइन मुहैया कराई गई थी पेमेंट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किया गया विस्फोटक पदार्थ ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर हमले का भी जिक्र किया है। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं।

रिपोर्ट में यह बताया गया है कि किस तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतरराष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं।

### आतंकवाद की फंडिंग को समझने में आ रही मुश्किलें

एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं, और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे।


AADHARSHILA
AADHARSHILA IIT-JEE / NEET / FOUNDATION
Coaching Classes From Class 5th to 12th
SCO. 27-C,28-C, Bella Homes, Mubarikpur Road, Dera Bassi, Punjab -140201

| 5th to 7th | 8th to 10th | 11th to 12th |
|---|---|---|
| Maths, Science, English. SST. | Maths, Science, English, SST | Science & Commerce |

Special Classes For Economics And Banking
ADMISSION OPEN
Study Cafe (Library) A Space For Peaceful Learning

Highlights
- Result Oriented Faculty
- Small Batches
- Individual Attention
- Regular Assignments
- Regular Parent Teacher Meeting
- Affordable Fee Structure
- A/C Class Room

Register Today and Get Free Admission Kit (Study Material, Bag and T-Shirt)

ASAT Aadharshila Scholarship Admission Test
Every Sunday | Enroll Today
Get upto 100% Scholarship For Class 5th to 11th
01762-449926 | 90567-23700





# बठिंडा में पाकिस्तान की हिमायत वाले ड्रग तस्करी कार्टल का पर्दाफाश; 40 किलो हेरोइन सहित छह गिरफ्तार

पाकिस्तान- आधारित हैंडलरों के द्वारा चलाया जा रहा था ड्रग सिंडिकेट: डीजीपी गौरव यादव

माड्यूल से जुड़े अन्य मुलजिमों की पहचान जारी: अमनीत कोंडल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बठिंडा, 8 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर शुरु की गई 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के दौरान सरहद पार नशा-तस्करी की समस्या के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुये बठिंडा पुलिस ने छह मुख्य नशा तस्करों को 40 किलो हेरोइन सहित गिरफ़्तार करके विदेशी तस्करों द्वारा चलाए जा रहे एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान लखवीर सिंह उर्फ लक्खा (33), प्रभजोत सिंह (26), रणजोध सिंह (27), आकाश मरवाहा (21), रोहत कुमार (25) और गुरचरन सिंह उर्फ गुरी (27) के तौर पर हुई है, जो सभी श्री मुक्तसर साहिब, मलोट के रहने वाले हैं। मुलजिमों लखवीर सिंह और प्रभजीत सिंह का पुराना आपराधिक रिकार्ड है और उनके विरुद्ध क्रमवार हथियार एक्ट और एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मामले दर्ज हैं।

यह सफलता अमृतसर कमिशनरेट पुलिस द्वारा पाकिस्तान स्थित तस्कर तनवीर शाह और कैनेडा स्थित हैंडलर जोबन कलेर द्वारा चलाए जा रहे ड्रग कार्टल का पर्दाफाश करने, जिसमें नौ नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सरहद के नजदीक 60.302 किलो हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की गई थी, से कुछ देर बाद सामने आई है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों द्वारा पंजाब में आगे बाँटने के लिए भेजी गई थी।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच जारी है जिससे सरहद-पार संपर्कों का पता लगाते हुये ड्रग स्पलाई चेन का पूरी तरह पर्दाफाश किया जा सके। अन्य विवरण सांझे करते हुये सीनियर पुलिस सुपरडैंट (एसएसपी) बठिंडा अमनीत कौंडल ने कहा कि यह कार्यवाही क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी के बारे ठोस जानकारी मिलने के बाद शुरू की गई थी।

उन्होंने कहा कि तेज़ी से कार्यवाही करते हुये सीआईए स्टाफ-1 बठिंडा की टीम ने विशेष आपरेशन चलाया और उक्त छह मुलजिमों को उनकी फारचूनर कार, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर पीबी- 53ई- 6771 है, में से 40 किलो हेरोइन बरामद करने के उपरांत गिरफ़्तार कर लिया।

### अन्य मुलजिमों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है

एसएसपी ने कहा कि जांच में यह भी सामने आया है कि नशीले पदार्थ भारत- पाकिस्तान सरहद पार भेजे जा रहे थे, जिनको बाद में स्थानीय तस्करों की तरफ से पंजाब में आगे बांटा जाता था। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान-आधारित हैंडलरों से जुड़े अन्य मुलजिमों की पहचान की जा रही है और उनको पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है। इस सम्बन्धी बठिंडा के थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के अंतर्गत एफआईआर नंबर 132 दर्ज की गई है।

# पंजाब व मध्य प्रदेश में टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम; जालंधर में लारेंस बिश्नोई गैंग का गुर्गा काबू

दुबई आधारित नमित शर्मा द्वारा चलाया जा रहा था मॉड्यूल: गौरव यादव

आरोपी हिमांशु सूद से दो पिस्तौल बरामद: नवजोत माहल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 8 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनज़र चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता दर्ज करते हुये पंजाब पुलिस के काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) जालंधर की टीम ने लारेंस बिश्नोई गैंग के मुख्य गुर्गे को दो पिस्तौलों सहित गिरफ़्तार करके गिरोह द्वारा पंजाब और मध्य प्रदेश में टारगेट किलिंग करने की साजिश को नाकाम कर दिया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को यहाँ दी।

गिरफ़्तार किये गए मुलजिम की पहचान कपूरथला के फगवाड़ा में रहने वाले हिमांशु सूद के तौर पर हुई है।




पंजाब पुलिस ने मुलजिम के कब्ज़े में से एक .30 बोर का चीनी पीऐक्स 3 पिस्तौल, एक .32 बोर का पिस्तौल और दो मैगज़ीनों सहित सात ज़िंदा कारतूस बरामद किये हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गिरफ़्तार किया गया मुलजिम हिमांशु अपने गैंग सदस्यों के साथ मिलकर अपने दुबई स्थित हैंडलर नमित शर्मा के निर्देशों अधीन एक अंतरराज्यीय गैंग चला रहा था। उन्होंने बताया कि नमित शर्मा गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई का करीबी साथी है।

उन्होंने आगे कहा, ''जून 2025 में, मुलजिम हिमांशु सूद ने अन्य गैंग सदस्यों के साथ मिलकर अपने हैंडलर नमित शर्मा के निर्देशों पर हरिद्वार में एक होटल मालिक अरुण पर गोलियाँ चलाई थीं।''

डीजीपी ने आगे कहा कि गिरफ़्तार किये गए मुलजिम हिमांशु को उसके हैंडलर ने क्रमवार मध्य प्रदेश, लुधियाना और कपूरथला समेत तीन टारगेट्स को ख़त्म करने का काम सौंपा था। सी. आई. जालंधर की टीम ने जन सुरक्षा के लिए एक बड़े ख़तरे को टालते हुए इस टारगेट किलिंग माड्यूल को सफलतापूर्वक ख़त्म कर दिया। सहायक इंस्पेक्टर जनरल (एआईजी) सीआइ जालंधर नवजोत सिंह माहल ने कार्यवाही सम्बन्धी विवरण सांझे करते हुए कहा कि पुलिस टीमों को लारेंस बिश्नोई गैंग के मैंबर शक्की हिमांशु के बारे पुख़्ता जानकारी मिली थी कि वह राज्य में आपराधिक गतिविधियां अंजाम देने की साजिश रच रहा है।

ए. आई. जी. ने कहा कि मुस्तैदी से कार्यवाही करते हुए एक ख़ुफ़िया कार्यवाही की गई, जिसके नतीजे के तौर पर हिमांशु सूद को दकोहा रेलवे क्रॉसिंग, जालंधर के नज़दीक हथियारों समेत तब गिरफ़्तार किया जब उक्त अपने साथी का इन्तज़ार कर रहा था।

# बैकफिंको के बोर्ड ऑफ डायरैक्टरज़ के नव-नियुक्त 2 डायरैक्टर्ज़ ने पद संभाला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा पंजाब पिछड़ी श्रेणी भू विकास और वित्त निगम (बैकफिंको) के बोर्ड आफ डायरैक्टरज़ के नियुक्त किये गए नॉन आफिशियल डायरैक्टर श्री दिनेश कुमार और श्री जसवीर सिंह द्वारा आज चंडीगढ़ में स्थित बैकफिंको मुख्य दफ़्तर में चेयरमैन, बैकफिंको श्री सन्दीप सैनी की हाज़िरी में पद संभाल लिया। इस मौके पर श्रीमती इन्द्रजीत कौर मान, एम. एल. ए. नकोदर, बैकफिंको के कार्यकारी डायरैक्टर स. जी. एस. सहोता, आई. ए. एस., श्री विकास सैनी, चेयरमैन, मार्केट कमेटी पठानकोट, श्री अनिल महाजन, मैंबर, पंजाब व्यापारी मंडल कमीशन और अन्य आदरणिय मौजूद थे।

# काम करो या कार्यवाही के लिए तैयार रहो: कटारूचक्क

ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए डीएफएससीज़ को जंगी स्तर पर काम करने के निर्देश

डीपू होलडरों को कमर कसने के लिए कहा

कहा, आगामी समीक्षा एक हफ़्ते बाद की जायेगी, बुरी कारगुज़ारी वालों के साथ कोई नरमी नहीं बरती जायेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** योग्य लाभार्थियों को बिना किसी रुकावट के मुफ़्त राशन (गेहूँ) मिलते रहने को यकीनी बनाने के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को जल्द से जल्द मुकम्मल करने की महत्ता पर ज़ोर देते हुये ख़ाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने आज ज़िला ख़ाद्य सप्लाई कंट्रोलरों (डीऐफऐससीज़) को अपने- अपने अधिकार क्षेत्रों में इस प्रक्रिया को जंगी स्तर पर पूरा करने के सख़्त निर्देश जारी किये हैं।

डीऐफऐससीज़ के साथ वीडियो कॉन्फरंसिंग के द्वारा समीक्षा मीटिंग के दौरान कैबिनेट मंत्री को अवगत करवाया गया कि राज्य के कुल 1.57 करोड़ लाभार्थियों में से 1.25 करोड़ लाभर्थियों (1,25, 55, 621) के लिए ई- केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस प्रक्रिया को मुकम्मल करने की आखिरी तारीख़ 30 जून, 2025 थी परन्तु लक्ष्य की तरफ तेज़ी से आगे बढ़ने के बावजूद अभी भी कई लाभार्थियों की ई-केवाईसी बाकी है।

इसका सख़्त नोटिस लेते हुये कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत सरकार से इस प्रक्रिया के लिए आखिरी तारीख़ 31 अगस्त, 2025 तक बढ़ाने के लिए हर संभव यत्न किये जा रहे हैं। उन्होंने डीऐफऐससी को ई-केवाईसी विधि को तेज़ी से पूरा करने के लिये, बुरी कारगुज़ारी वाले डीपू होलडरों की पहचान करने और ऐसे डीपू होलडरों को सख़्त चेतावनी देने के लिए कहा है कि यदि इस सम्बन्ध में कोई भी लापरवाही पाई जाती है तो उनके डीपू रद्द किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि जुलाई- अगस्त- सितम्बर सर्किल में यह प्रक्रिया पूरी तरह मुकम्मल की जाये।

डीऐफऐससी को इस पहल को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश देते हुये कटारूचक्क ने कहा कि इस दौरान यह ध्यान में रखा जाये कि कोई भी योग्य लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया की आगामी समीक्षा 1 हफ़्ते बाद की जायेगी और बुरी- कारगुज़ारी वाले वालों के साथ नरमी नहीं बरती जायेगी।

ज़िक्रयोग्य है कि ई-केवाईसी एक डिजिटल विधि है जो लाभार्थियों की पहचान और उसके पते की पुष्टि के लिए मुख्य तौर पर आधार कार्ड नंबर और प्रामाणिकता के लिए बायोमैट्रिकस का प्रयोग करती है। उन्होंने बताया कि योग्य लाभार्थियों को गेहूँ का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीऐस) के अधीन 2 श्रेणियों में किया जाता है। इस मौके पर अन्यों के इलावा ख़ाद्य, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मामले के प्रमुख सचिव राहुल तिवारी, डायरैक्टर वरिन्दर कुमार शर्मा, अतिरिक्त सचिव पनग्रेन कमल कुमार गर्ग और अतिरिक्त डायरैक्टर डा. अंजुमन भास्कर शामिल थे।

# बेहतर सुविधाओं के साथ शुरू हुआ नया लुधियाना पासपोर्ट सेवा केंद्र



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 8 जुलाई।** लुधियाना, पंजाब में पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) का परिचालन शुभारंभ 7 जुलाई, 2025 को डॉ. के.जे. श्रीनिवास, संयुक्त सचिव (पीएसपी) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

लुधियाना स्थित मौजूदा पीएसके को आकाशदीप कॉम्प्लेक्स, ज्ञान सिंह रारेवाला मार्केट से स्थानांतरित कर, अब ग्लोबल बिजनेस पार्क, जी.टी. रोड, जालंधर बायपास के समीप, गांव भोरा, लुधियाना में नए परिसर में स्थानांतरण के साथ ही बुनियादी ढांचे एवं सेवा वितरण में उल्लेखनीय अपग्रेड किया गया है।

नव उद्घाटित पीएसके लुधियाना को अधिक संख्या में पासपोर्ट आवेदनों को कुशलतापूर्वक संभालने हेतु उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रवाह, शिशुओं के साथ आने वाली महिला आवेदकों के लिए बेहतर सुविधाएँ और समग्र आवेदक अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत इंटीरियर शामिल हैं।

# पुलिस ने राज्य भर में 180 बस अड्डों पर चलाई तलाशी मुहिम

## युद्ध नशों विरुद्ध' के 129वें दिन 111 नशा तस्कर गिरफ़्तार; 41. 3 किलोग्राम हेरोइन, 1.7 किलोग्राम अफ़ीम बरामद

पुलिस टीमों ने छह जिलों की जेलों में भी ली तलाशी: स्पैशल डीजीपी अर्पित शुक्ला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए चलाई गयी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' 129वें दिन में दाख़िल हो गई, जिस दौरान पंजाब पुलिस ने आज राज्य भर के 180 बस अड्डों पर घेराबन्दी और तलाशी मुहिम चलाई। यह मुहिम डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर सभी 28 पुलिस जिलों में चलाई गई।

इस राज्य स्तरीय कार्यवाही की निजी तौर पर निगरानी कर रहे स्पेशल डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( स्पेशल डीजीपी) कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि सभी सीपी/ एसएसपी को इस कार्यवाही को सफल बनाने के लिए सुपरडैंट आफ पुलिस ( एसपी) रैंक के अधिकारियों की निगरानी अधीन भारी पुलिस फोर्स तैनात करना यकीनी बनाने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी बस अड्डों पर चलाई गई मुहिम के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। इसके इलावा पुलिस टीमों ने नशों के विरुद्ध अपनी मुहिम जारी रखते हुये आज 458 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके अंतर्गत राज्य भर में 84 एफआईआरज़ दर्ज करने के बाद 111 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया गया है। इससे 129 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 21,026 हो गई है।

स्पेशल डीजीपी ने कहा कि छापेमारी के उपरांत गिरफ़्तार किये गए नशा तस्करों के कब्ज़े में से 41.3 किलोग्राम हेरोइन, 1.7 किलोग्राम अफ़ीम और 23,980 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि 87 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1500 से अधिक पुलिस मुलाजिमों वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में छापेमारी की है और दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान 473 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की है। स्पेशल डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस ने एक व्यापक रणनीति तैयार की है और ऐसी कार्यवाही तब तक जारी रहेगी, जब तक राज्य में से नशों की बुराई जड़ से ख़त्म नहीं हो जाती।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन- आयामी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस द्वारा इस रणनीति के 'डी-एडिकशन' हिस्से के तौर पर 83 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए प्रेरित किया गया है।

बताने योग्य है कि पंजाब पुलिस द्वारा जेलों में किसी भी ग़ैर-कानूनी गतिविधि को रोकने के लिए छह जिलों बठिंडा, मानसा, बरनाला, पटियाला, संगरूर और एस. ए. एस. नगर की अलग-अलग जेलों में भी तलाशी मुहिम चलाई गई है।

स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीमों ने जेल कंपलैक्स में बैरकों, रसोई घरों और शौचालयों सहित हरेक कोने की अच्छी तरह तलाशी ली गई है।

# वित्तमंत्री व स्थानीय निकाय मंत्री ने कर्मचारी यूनियनों से की मीटिंगें

## वित्तमंत्री ने यूनियनों के जायज़ मुद्दों के समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश


अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, जो कर्मचारियों के मुद्दों के समाधान के लिए बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी के चेयरमैन हैं, ने आज स्थानीय निकाय विभाग की विभिन्न यूनियनों के साथ कई मीटिंगें की। तीन घंटों से अधिक समय तक चले विचार-विमर्श के दौरान स्थानीय निकाय मंत्री डा. रवजोत सिंह उनके साथ मौजूद थे। इन मीटिंगों के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सफ़ाई मज़दूर फेडरेशन सीवरमैन यूनियन, पंजाब जल स्पलाई और सिवरेज बोर्ड आऊटसोर्सड वर्कर यूनियन, म्यूंसीपल कर्मचारी एक्शन कमेटी, पंजाब जल सप्लाई और सिवरेज कर्मचारी कंट्रैक्टर वर्करज़ यूनियन, पंजाब सफ़ाई मज़दूर फेडरेशन, पंजाब फायर सीवरमैन कच्चे कर्मचारी यूनियन (कंट्रैक्ट), और फायर सीवरमैन कच्चे कर्मचारी यूनियन (आउटसोर्स) के नुमायंदों द्वारा सांझे किये गए मुद्दों को गंभीरता से सुना। इस बातचीत के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त आलोक शेखर, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्थानीय निकाय तेजवीर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.एम.आई.डी.सी दीप्ति उप्पल और अतिरिक्त सचिव परसोनल नवजोत कौर सहित सीनियर अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए कि वह इन कर्मचारी यूनियनों द्वारा उठाई गई मुख्य समस्याओं और जायज़ माँगों का जल्दी समाधान करने के लिए एक व्यापक प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने विभाग को इन कर्मचारियों को ग्रुप बीमा कवरेज मुहैया करवाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए। यूनियन के नुमायंदों को भरोसा दिलाते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की कर्मचारियों की सभी जायज़ माँगों के लिए उचित समाधान ढूँढने की अटल वचनबद्धता को दोहराया।

# मात्र 6 रुपये में अंशु लॉटरी ने बनाया एक और करोड़पति

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल



**ज़ीरकपुर, 8 जुलाई।** दो कहावतें हैं... एक ये कि इंतजार का फल मीठा होता है और दूसरी कि ऊपरवाला जब देता है तो छप्पर फाडक़र देता है। जी हां, अंशु लॉटरी ने मात्र 6 रुपये की टिकिट में रातों रात एक और व्यक्ति की ज़िंदगी को पूरी तरह से बदल कर रख दिया।

पंजाब लॉटरी मार्किट में अंशु लॉटरी एजेंसी ज़ीरकपुर का नाम पिछले पांच दशकों से लोगों के विश्वास का प्रतीक बन चुका है। ज्ञात रहे कि गत दिवस अंशु लॉटरी एजेंसी के खरड़ जिला मोहाली स्थित चावला लॉटरी ने गत 6 जुलाई को सिक्किम राज्य के डियर लॉटरी के 6 बजे के ड्रा मे मात्र 6 रुपये वाली टिकट पर 1 करोड़ रुपए का इनाम निकला है।

अंशु लॉटरी ने आम लोगों को लखपति व करोड़पति बनाने मे अपनी अहम भूमिका अदा की है। इस बार मात्र 6 रुपये में एक अन्य व्यक्ति को करोड़पति बनाकर लोगों के दिलों मे विश्वास को और भी मजबूत किया है। गत 6 जुलाई को सिक्किम राज्य के डियर विक्सन संडे वीकली लॉटरी के ड्रा मे खरड़ के सेलर चावला लॉटरी द्वारा बेची गयी टिकट में 1 करोड़ का इनाम लगा।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए अंशु लॉटरी के विजय तनेजा व सुनील तनेजा ने बताया कि सिक्किम राज्य की डियर विक्सन संडे वीकली लाटरी का परिणाम घोषित किया गया जिसमें उनके सेलर चावला लॉटरी द्वारा बेची गयी टिकट नंबर 95، 09065 पर 1 करोड़ रुपये का इनाम निकला है।

विजय तनेजा ने बताया कि उनके पास नागालैंड राज्य का डियर रथ यात्रा बम्पर लॉटरी टिकट उपलब्ध है जिसका ड्रा आगामी 19 जुलाई को है और 3 करोड़ का प्रथम पुरस्कार जनता में दिए जाने की गारंटी है।

साथ ही पंजाब राज्य का डियर राखी बम्पर को टिकट भी उपलब्ध है जिसका प्रथम पुरस्कार 7 करोड़ रखा गया है जो कि पंजाब राज्य लॉटरी इतिहास में पहली बार है जो कि जनता में दिये जाने की गारंटी है। इसका ड्रॉ आगामी 16 अगस्त को निकाला जाएगा । दोनो टिकटों की कीमत 500 रुपये है। तो देर किस बात की है, आइए और टिकिट खरीदें। क्या मालूम अगले करोड़पति या लखपति आप ही हों।

# लालजीत सिंह भुल्लर ने 12 नव-नियुक्त जेल कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

कहा-मान सरकार जेल विभाग में लगातार नियमित भर्तियां कर रही है

पहले 15 जेबीटी अध्यापकों की भी नियमित आधार पर नियुक्ति की गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** पंजाब के जेल मंत्री स लालजीत सिंह भुल्लर ने मंगलवार को पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान 12 नव-नियुक्त जेल कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उनके साथ आत्म नगर, लुधियाना से विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू और एडीजीपी जेल अरुण पाल सिंह भी उपस्थित थे।

मंत्री ने बताया कि नव-नियुक्त कर्मचारियों में 5 जेबीटी अध्यापक भी शामिल हैं, जो कैदियों और उनके बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने और पुनर्वास का मार्ग आसान होगा। इसके अतिरिक्त, 3 क्लर्क, 1 वार्डर और 3 ग्रुप-डी अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

स भुल्लर ने कहा कि ये नियुक्तियाँ मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पहल का हिस्सा हैं, जो जेल विभाग में लगातार नियमित भर्तियाँ कर रही है।

उन्होंने बताया कि ये अध्यापक कैदियों और उनके बच्चों को शिक्षित करेंगे और उन्हें समाज की मुख्यधारा में पुनः शामिल करने में मदद करेंगे। मान सरकार जेलों के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बना रही है और कैदियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास और कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से सेवाओं में सुधार किया जा रहा है। नव नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंत्री ने उन्हें उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करने को कहा।

गौरतलब है कि जनवरी 2025 में श्री भुल्लर ने 15 जेबीटी अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे, जो जेल विभाग में इन पदों के लिए पहली बार की गई नियमित नियुक्ति थी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पहले ये शिक्षण पद अस्थायी रूप से भरे जाते थे, लेकिन पिछले तीन दशकों में पहली बार मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार ने इन्हें नियमित किया है।

जेल विभाग में चल रही भर्ती पहलों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में पूरी हुई भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 738 वार्डर और 25 मैट्रन पहले ही अपनी ड्यूटी पर शामिल हो चुके हैं। इसके अलावा 175 वार्डर और 4 मैट्रन की भर्ती प्रक्रिया भी पूरी होने के करीब है।

विभाग को मज़बूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने घोषणा की कि जेल विभाग में विभिन्न श्रेणियों में 1,220 पदों पर नियुक्तियाँ की जा रही हैं और इसके लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। शिक्षा पहलों पर बोलते हुए मंत्री ने बताया कि विभाग की ÷शिक्षा दान÷ परियोजना के तहत इस समय लगभग 2,200 कैदी विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं, जबकि 513 कैदी पंजाब हुनर विकास मिशन द्वारा संचालित इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर और टेलरिंग जैसे कौशल विकास कोर्स कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए स भुल्लर ने कहा कि अब तक लगभग 55,000 सरकारी नौकरियाँ नियमित आधार पर दी जा चुकी हैं।यह पहल मुख्यमंत्री मान के प्रतिभा पलायन को रोकने और युवाओं को नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने के दृष्टिकोण का हिस्सा है।

# भाजपा जिला पदाधिकारियों के नामों की सूची तैयार, जल्द होगी जारी: मोहन लाल

**भाजपा की पंचकूला में महत्वपूर्ण विषयों को लेकर हुई बैठक**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** भाजपा जिला कार्यकारिणी, संगठन के सशक्तिकरण, गुरू पूर्णिमा पर्व को बूथ स्तर तक मनाने को लेकर भाजपा की मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय ''पंचकमल'' में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मौजूद रहे। आज की इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों नामों की सूची तैयार की गई। संगठन द्वारा चलाए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और सभी 27 संगठनात्मक जिलों के भाजपा जिला अध्यक्षों से विचार विमर्श के बाद जिला पदाधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सभी जिला पदाधिकारियों के नामों की घोषणा जल्द कर दी जाएगी।

श्री बड़ौली ने कहा कि गुरू पूर्णिमा को भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मनाएंगे। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई गुरू पूर्णिमा के दिन भारतीय जनता पार्टी धार्मिक, सामाजिक, खेल व शिक्षा जगत से जुड़े गुरूओं का सम्मान करेगी। श्री बड़ौली ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पुण्य पर्व पर साधु संतों के आशीर्वाद एवं सम्मान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हो चुकी है। गुरूओं का आशीर्वाद प्राप्त करने का यह संगठनात्मक कार्यक्रम बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। इस दिन पार्टी के नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता गुरूओं का सम्मान करेंगे और आशीष लेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे 10 जुलाई को बूथ पर कार्यक्रमों का आयोजन कर गुरूजनों का सम्मान करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की ताकत है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम व जनता के आशीर्वाद से केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि हमें अभी और तेज गति से काम करना है। श्री बड़ौली ने कहा कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को हमें जनता तक पहुंचाना है और लोगों के दिलों को भी जीतना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना थके और बिना रूके हरियाणा के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार हर रोज जनहित को ध्यान में रखकर हर वर्ग को लाभान्वित करने वाली योजनाएं बना रही है और इन योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों को मिल रहा है।

## बाढ़ और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर विधायक चट्ठा ने सरकार को घेरा

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** कांग्रेस विधायक मनदीप सिंह चट्ठा ने आज सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में प्रेस वार्ता कर हरियाणा की मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। विधायक चट्ठा ने आरोप लगाया कि बाढ़ प्रबंधन और नदियों-नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट हर साल खर्च होता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ना तो नालों की सफाई हुई और ना ही कोई पुख्ता व्यवस्था की गई। जिसके चलते हल्की बारिश में ही गलियों और घरों में पानी भर गया। उन्होंने बताया कि मारकंडा नदी का बांध टूटने से पिहोवा हल्के के कई गांवों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई, जिससे किसानों की लाखों रुपये की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। चट्ठा ने सरकार से प्रभावित किसानों को तुरंत उचित मुआवजा देने की मांग की, साथ ही राशन कार्डों के बिना कारण काटे जाने के मुद्दे पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि गरीबों का हक छीना जा रहा है और सरकार आमजन को राहत देने की बजाय उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। इस मौके पर प्रधान करणजीत सिंह चट्ठा, चेयरमेन सुभाष रामगढ़ रोड, पूर्व प्रधान राकेश बधवार, महेंद्र सिंह चीमा, हरप्रीत सिंह चीमा, जसमेर बटेड़ी, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अढ़ाई करोड़ रुपए की लागत का सामुदायिक केंद्र बना कबाड़ घर



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 8 जुलाई।** लगभग अढ़ाई करोड रुपए की लागत से बने पिहोवा में एक सामुदायिक केंद्र की पालिका अधिकारियों ने इस तरह अनदेखी की कि जैसे मात्र अढ़ाई रुपए ही इस पर खर्च हुए हो। पालिका की अनदेखी के कारण नशेड़ियों ने इसका भरपूर लाभ उठाया । नशेड़ी इस सामुदायिक केंद्र में लगे पखे ही उतार कर ले गए । इतना ही नहीं वह वाश बेसिन , रसोई घर में लगी टुंटिया आदि सभी कुछ उखाड़ कर ले गए। इतना ही नहीं शौचालय में लगे सभी सामान को भी तोड़फोड़ करके उसमें से लोहा निकाल कर बेच दिया। इस तोड़फोड़ में यहीं पर ही रोक नहीं लगी । नीचे का फर्श टाइल भी उखाड़ दिया। इतना ही नहीं सीलिंग छत भी उखाड़ कर ले गए। खुली खिड़कियां व खुला दरवाजा का लाभ उठाते हुए सबमर्सिबल बोर की तारे और स्विच बोर्ड आदि भी चुरा ले गए ।उल्लेखनीय है कि इस सामुदायिक केंद्र के लिए अढ़ाई करोड रुपए की राशि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दी थी। वार्ड नंबर 11 में बने इस सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन पूर्व राज्य मंत्री संदीप सिंह व तत्कालीन सांसद वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नवंबर 2023 में किया था। मांत्र डेढ़ वर्ष में ही यह सामुदायिक केंद्र बनकर बिखर गया। सबसे हैरानी की बात यह है कि वार्ड नंबर 11 के पार्षद जयपाल कौशिक ने भी इस बारे पालिका अधिकारियों से शिकायत की थी । इतना ही नहीं उन्होंने इस समुदाय केंद्र की अनदेखी बारे अनेक बार पालिका अधिकारियों को सूचित किया। परंतु पालिका अधिकारियों ने अपने पार्षद की ही बात न मानी। जिस कारण समुदायिक केन्द्र कबाड घर बनता जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नवीन गोयत ने अमेरिका में जीते दो गोल्ड, एक सिल्वर



**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** अमेरिका में हुए इंटरनेशनल खेलों में मखंड गांव के नवीन गोयत ने अलग-अलग खेलों में दो गोल्ड, सिल्वर मेडल जीता। नवीन गोयत का 9 जुलाई को गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा। उचाना से डीजे के साथ जुलूस के रूप में ग्रामीण गांव तक नवीन गोयत को लेकर जाएंगे। नवीन गोयत थल सेना में फायरमैन के पद पर कार्यरत है। चाचा नसीब गोयत, दिलबाग गोयत ने बताया कि 24 जून को अमेरिका इंटरनेशनल खेलों में हिस्सा लेने के लिए नवीन गोयत रवाना हुआ था। 4 जुलाई को एकल खेल सीढियों में चढने् पर गोल्ड मेडल जीता तो रिले रेस में गोल्ड, सिल्वर मेडल जीता। नवीन गोयत ने गांव, उचाना हलका ही नहीं बल्कि जींद, हरियाणा एवं देश का नाम रोशन करने का काम किया है। गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत की तैयारी की हुई है। भाजपा नेता दीपक बुडायन ने नवीन गोयत एवं परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी के लिए गर्व की बात है कि ग्रामीण अंचल के बेटे ने देश का नाम रोशन किया है। हमें होनहार युवा पर गर्व है। उम्मीद है कि भविष्य में भी होने वाले खेलों में निरंतर मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

### राजकीय विद्यालय को भेंट किया वाटर कूलर



**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** धर्मनगरी की कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओ से जुड़ कर समाजसेवा की मिसाल बने स्वर्गीय धर्मपाल गोयल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवार द्वारा राजकीय विद्यालय कृष्णा गेट थानेसर में वाटर कूलर भेंट किया वही परिवार द्वारा लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल में भंडारे का आयोजन किया गया और गौशाला परिसर में पंखे दान दिए गए। बता दें कि समाजसेवी गोयल ने अपने जीवनकाल में समाजसेवा के लिए बहुत ही कार्य किये उन्होंने समाज के लिए स्कूल कॉलेज बनवाने का कार्य किया जिसमे आज भी हजारो बच्चे शिक्षा ले रहे है। उन्होंने आर्य समाज मंदिर मेन बाजार बनवाने में भी योगदान दिया। गोयल परिवार की ओर से उनके बड़े बेटे उद्योगपति एवं अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान नितिन गोयल ने बताया कि उनके पूजनीय पिता जी हमेशा यही कहते थे कि शिक्षा और स्वास्थ्य सबसे बड़ा दान है। प्रधानाचार्य बलकार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि धर्मपाल गोयल हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते थे और समाज के हर तबके की सेवा करना ही उनका जीवन लक्ष्य था। उन्होंने कहा कि आज उनके बच्चे भी उसी राह पर चलते हुए जनकल्याण के कार्यों में योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर हितेन्दर गोयल , दीपक सिंगला , विशाल सिंगला संजीव खंडूजा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### मामूली कहासुनी में कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**व्यासपुर (अप्रस/संजीव कुमार)।** छछरौली बाजार में मामूली कहासुनी के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सन्नी उर्फ मनप्रीत को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान 36 वर्षीय अनिल के रूप में हुई है, जो गांव मारवा कलां निवासी था। अनिल अपने भाई रामकुमार के साथ शनिवार रात छछरौली में बाजार से गुजर रहा था, तभी दोनों भाइयों में बहस हो रही थी। पड़ोसी मनप्रीत ने बीच में आकर गाली-गलौज शुरू कर दी और कुल्हाड़ी से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। घायलों को पहले छछरौली सीएचसी और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां अनिल की मौत हो गई। रामकुमार का इलाज जारी है। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

### समाना गांव के श्याम बाबा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 11से

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** समाना गांव में श्याम बाबा के मंदिर के एक साल पूरे होने पर 11 जुलाई से ब्रह्मलीन बाबा बंसी बाले जी की प्रेरणा से आठ दिवसीय स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस दौरान सहारनपुर से आए विद्वान रजनीश कौशिक द्वारा श्री मद भागवत कथा सुनाई जाएगी। इस समारोह का आगाज भव्य कलश यात्रा के साथ 11 जुलाई को होगा। इसका समापन भंडारा तथा श्याम जागरण से होगा। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के राजेंद्र शर्मा, दवेंद्र गौतम, सियाराम शर्मा, आजाद, बलवंत और संजीव शर्मा ने बताया कि 11 जुलाई को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकलेगी। उसके बाद प्रति दिन श्रीमदभागवत कथा अपरान्ह ढाई से सात बजे तक होगी। इस दौरान कथा को विद्वान रजनीश कौशिक अपने मुखारविंद से सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को निशान साहिब का पूजन शाम साढ़े चार बजे होगा उसके बाद साढ़े पांच बजे से गांव मे निशान यात्रा निकलेगी उसके बाद 17 जुलाई को दोपहर 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा लगाया जाएगा। इस अवसर पर श्री गोपाल स्वामी जी के शिष्यों द्वारा श्याम बाबा का गुणगान किया जाएगा।

## रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी ने काम शुरू किया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 8 जुलाई।** गौशाला रोड करनाल स्थित श्री कृष्ण गौशाला के परिसर में रोटरी क्लब करनाल द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 का शुभारंभ विशिष्ट अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें नवनिर्वाचित प्रधान रोटेरियन गौतम जैन व सचिव रोटेरियन भारती शर्मा,असिस्टेंट गवर्नर आशुतोष त्रिखा,निवर्तमान प्रधान रोटेरियन मिनाक्षी जैन व गौशाला एवम रोटरी क्लब के सदस्यों ने आयोजित हवन में मंत्रोच्चार के मध्य यज्ञाहुति अर्पित की। तदुपरांत सदस्यगणो द्वारा रोटरी संस्थान की विशव व स्थानीय स्तर पर कार्यान्वित विभिन्न जनमानस हितार्थ योजनाओं जैसे पोलियो उन्मूलन, विकलांग व्यक्तियो को कृत्रिम अंग, टीकाकरण कार्यक्रम, शीतल जल कूलर की व्यवस्था, वृद्धाश्रम/अनाथाश्रम को सहयोग, जरूरतमंद व्यक्तियों को वस्त्र व कंबल वितरण, स्वास्थ्य जांच शिविर आदि पर प्रकाश डाला।इसके पश्चात गौशाला के पदाधिकारियो ने रोटरी क्लब के सदस्यों का विधिवत स्वागत किया व गौशाला की गतिविधियों का विस्तार से विवेचन प्रस्तुत किया। अन्त में समस्त उपस्थित समुदाय ने सामूहिक रूप से गौमाता की पूजा अर्चना कर उन्हे हरा चारा व गुड समर्पित किया। आज के प्रकल्प में गौशाला के प्रधान सुनील गुप्ता, डॉ एस के गोयल, अरुण गुप्ता, गुरदयाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मुनीष गर्ग, सचिन गर्ग व रोटेरियन्स डॉ अरुण/डॉ सुषमा सूद,डॉ धर्म/ ऊषा शर्मा, जगदीश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, डॉ विक्रम मितल, शशी गौड,रनबीर/शकुन्तला सिंह,कुलभूषण/ सुरेन्द्र जैन, विनोद मिश्रा, विजय गुप्ता, मीना/रमन मिड्ढा, शीनू गोयल, स्नेहा जैन व ध्रुवी मितल आदि उपस्थित रहे।

## सभी वार्डो के 262 विकास कार्यों को दी गई मंजूरी

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि की अध्यक्षता में नगरपालिका फाइनेंस कमेटी की बैठक में फाइनेंस कमेटी ने नगर के सभी वार्डो के 262 विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई। फाइनेंस कमेटी के सदस्य पार्षद महंत दीपक प्रकाश ने बताया कि लगभग 10 से 12 करोड़ की राशि को सभी वार्डों में विकास कार्यों पर खर्च जाएगा। इस राशि से पार्कों का सौंदर्यकरण, गलियां, नालियां, सीवरेज सहित अन्य विकास कार्य पूरे करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 2 में बैंक्विट हॉल बनवाया जाएगा। वार्ड नंबर 3 में डॉ. अंबेडकर भवन, अंबाला रोड से डीएवी स्कूल की तरफ वार्ड नंबर एक में जाने वाली सडक् का भी 40 लाख रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा चौराहों को भी आधुनिक और भव्य रूप से बनाया जाएगा। वार्ड नंबर 11 में डेरा फतेह सिंह रोड पर इंडोर क्रिकेट अकादमी भी स्थापित की जाएगी, जिसके लिए 20 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्बंधित कार्यों के टेंडर आदि की सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी करवाई जाएं और गुणवत्ता पर भी पूरा फोकस रखा जाए।

## अक्षरा स्कूल के 6 खिलाड़ी राज्य स्तरीय एथलेटिक महाकुंभ के लिए हुए चयनित

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 8 जुलाई।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा के छह बच्चों का चयन प्रदेश स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए हुआ है। एमडी जन्नत काहड़ा ने बताया कि गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में हुए राज्य स्तरीय एथलेटिक खेल महाकुंभ के ट्रायल में स्कूल के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 6 छात्रों ने सफलता प्राप्त करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। उन्होंने बताया कि छात्रा भावना ने ऊंची कूद में, सिमरनजीत ने तीन हजार मीटर स्टीपल चेज, अंशुल गुर्जर 110 मीटर बाधा दौड़, अभिषेक 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान पर रहा। प्रिंस ने शॉट पुट और माकन ने डिस्कस थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर कब्जा किया। चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल अहम भूमिका निभाते हैं। इसे लेकर स्कूल की ओर से लगातार बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में शामिल किया जा रहा है। स्कूल में क्रिकेट अकादमी से लेकर अन्य गेम्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रिंसिपल शोबे मैथ्यू ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेलों में हिस्सा लेने के प्रति भी मोटिवेट कर।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विधिक सहायता क्लब द्वारा राष्ट्रीय छात्र दिवस पर आयोजित हुआ व्याख्यान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 8 जुलाई।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के विधि संकाय अंतर्गत संचालित विधिक सहायता क्लब द्वारा राष्ट्रीय छात्र दिवस के पावन अवसर पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच.एल. वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणास्पद नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर युवा प्रेरक वक्ता एवं जीवन मार्गदर्शक राहुल वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उनके प्रेरणादायक भाषण ने विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क में राष्ट्र निर्माण, आत्मविकास, अनुशासन और शिक्षा के महत्व को गहराई से स्थापित किया। राहुल वर्मा ने अपने वक्तव्य में विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि आज के छात्र ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, अतः उन्हें अपने चरित्र निर्माण, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर आत्मविकास की दिशा में सजग व सतत प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नकारात्मक सोच से दूर रहकर, जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। उनके शब्दों में ऊर्जा, आत्मविश्वास और दिशा का समावेश था, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस प्रेरणादायक आयोजन का सफल संयोजन डॉ. राहुल द्वारा किया गया, जिन्होंने समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा को न केवल व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया, बल्कि उसकी प्रभावशाली प्रस्तुति भी सुनिश्चित की। डॉ. प्रमिला ने सह-समन्वयक की भूमिका में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और आयोजन की समग्र सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच.एल. वर्मा एवं रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रेरणास्पद आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

## अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का उत्साह से सावन पर्व का आयोजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा उत्साह से हरिद्वार की धरती पर सावन पर्व का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा की अग्रणी संस्था अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा आगामी 11 से 13 जुलाई तक आस्था स्थली एवं पवित्र नगरी हरिद्वार में सावन पर्व का विशाल आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि सावन महीने की पवित्रता एवं हरियाली से ओतप्रोत इस आयोजन की शुरुआत 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे होगी। आगमन एवं आपसी मेलजोल के उपरांत इस कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियां प्रारम्भ होंगी।

## डीएवी स्कूल की छात्रा ने जीता राष्ट्रीय स्तरीय प्रथम पुरस्कार



अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 8 जुलाई।** डीएवी सी से पब्लिक स्कूल ,नारायणगढ़ की दसवीं कक्षा की छात्रा अनमोल को हेरिटेज क्लब ,अंबाला के कोर्डिनेटर कर्नल आर.डी. सिंह ने यंग इनटेक ग्रुप के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया ।प्रधानाचार्य डॉ आर पी राठी ने छात्रा को राष्ट्रीय स्तरीय प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह प्रतियोगिता 20 दिसम्बर 2024 को आयोजित हुई जिसमें लगभग 20 स्कूलों ने भाग लिया । क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में छात्रा अनमोल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय, अभिभावकों और शिक्षकों का नाम रोशन किया । डीएवी स्कूल नारायणगढ़ के विद्यार्थी समय -समय पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहते हैं। शिक्षकों के सहयोग व मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिलती है।

## व्यापारियों के हित भाजपा सरकार में हमेशा सुरक्षित: अर्चना गुप्ता

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 8 जुलाई।** भाजपा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती डा. अर्चना गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश सरकार व्यपारियों का हमेशा ध्यान रखती हैं। हरियाणा में भाजपा के 11 साल के कार्यकाल में व्यापारियों को शोषण और अफसरशाही से मुक्त रखा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दी है। वह टिम्बर मार्कीट में बीर लुम्बर प्रतिश्ठान पर एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत पहुंचीं। उनके साथ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान सौरभ चौघरी और भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर थे। उन्होंने कहा कि जनसंघ के समय से ही भाजपा के साथ व्यापारी रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने में व्यपारी बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। स्वागत भाषण अनिल जैन ने दिया। उन्होंने यहां पहुंचने पर सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान सौरभ चौघरी ने कहा कि हमेशा प्रदेश के व्यापारी को भाजपउसे सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सभी कारोवारी भाजपा को अपनप मनते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से उन्हें कोई शिकायत नहीं हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्रदेश में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान जोर शोर से चल रहा हैं। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए हमेशा व्यापारी आगे रहे है। इस अवसर पर योगेश गोयल ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग भाजपा और सरकार के साथ खडे हुए हैं। इस अवसर पर राजन जैन, सुरेश जिंदल, योगेश गुप्ता, अमित गुप्ता, राजेश जैन, मुकेश बंसल, संजीव बंसल, पंकज जैन, मनजीत सिंह, गोरव मित्तल, रविंद्र जैन,रोशन लाल बंसल, चेतन लाल,सौरभ जैन , अनिल जैन मौजूद रहे।

## ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर दौड़ेगा कैथल

### हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**अब तक करीब 53 हजार लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 8 जुलाई।** डीसी प्रीति ने कहा कि 13 जुलाई को कैथल में आयोजित की जा रही हाफ मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। स्वयं मुख्यमंत्री ने कैथल को हॉफ मैराथन जैसे आयोजन के लिए चुना है। इसीलिए जिला कैथल सहित प्रदेशवासियों से अपील है कि इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मुहीम का हिस्सा बनें। डीसी लघु सचिवालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी जिसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की रन फार फन शामिल हैं। 21 किलोमीटर की मैराथन में भाग लेने के लिए 200 रुपये तथा 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेने के लिए 100 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है। पांच किलोमीटर मैराथन की रजिस्ट्रेशन के लिए कोई फीस नहीं है। अब तक करीब 53 हजार लोगों ने कैथल हॉफ मैराथन को लेकर रजिस्ट्रेशन करवा लिया है और आगे आने वाले समय में इस रजिस्ट्रेशन के बढने् की संभावना है। उन्होंने कहा कि मैराथन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसके लिए रूट का चयन कर लिया गया है। तीनों कैटेगरी में मैराथन की शुरुआत अंबाला रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से होगी। सुरक्षा एवं यातायात को व्यवस्थित करने को लेकर पुख्ता प्रबंध कर लिए गए हैं। प्रतिभागियों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से, मेडिकल की दृष्टि से और अन्य किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी प्रतिभागी सुबह पांच बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। मैराथन रूट को लेकर ट्रैफिक डाइवर्ट किया जाएगा और आमजन के लिए एडवाइजरी भी जारी की जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम अजय सिंह तथा डीएसपी गुरविंद्र सिंह मौजूद रहे।

**मैराथन विजेताओं को दिया जाएगा नकद पुरस्कारः** डीसी ने बताया कि 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को एक लाख 21 हजार रुपये, द्वितीय को एक लाख रुपये तथा तृतीय को 75 हजार रुपये का नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं 10 किलोमीटर मैराथन में प्रथम विजेता को एक लाख रुपये, द्वितीय को 75 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपये की नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग कैटेगरी बनाई गई है।

**यह रहेगा मैराथन का रूटः** पांच किलोमीटर मैराथन अंबाला रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से शुरू होकर आरकेएम पैलेस तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। 10 किलोमीटर मैराथन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से एचसीटीएम कॉलेज तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। 21 किलोमीटर मैराथन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से एचसीटीएम कॉलेज तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी।

# कैथल में खोला जाएगा प्री वेडिंग काउंसलिंग सेंटर, जिला प्रशासन से जगह की मांग

## विवाह के बाद तलाक की संख्या कम करने की दिशा में देश भर में महिला आयोग द्वारा खोले जा रहे हैं ऐसे सेंटर

- महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने दी जानकारी
- विवाह से पूर्व एवं विवाह के बाद लड़का-लड़की किन बातों का ध्यान रखें, ताकि तलाक न हो, विशेषज्ञ इन सेंटरों में करेंगे युवाओं की काउंसलिंग
- कैथल में महिलाओं की शिकायतें सुनकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश, एक मामले में आईटीबीपी के एसआई को किया तलब



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 8 जुलाई।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मंगलवार को कैथल दौरे के दौरान परिवारों को टूटने से बचाने की दिशा में डीसी प्रीति के साथ बैठक की, वन स्टॉप सेंटर का दौरा कर वहां रह रही महिलाओं की समस्याएं जानीं। साथ ही जिला जेल का दौरा कर जेल में बंद महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इसके बाद लघु सचिवालय में महिलाओं द्वारा की गई शिकायतों में एक-एक करके सुनवाई करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके बाद जिले की महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने इस दौरे में खुलासा किया कि कैथल में टूटते परिवारों को बचाने व तलाक के मामलों को कम करने के लिए एक प्री-वेडिंग काउंसलिंग सेंटर खोला जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ महिलाएं लड़के व लड़कियों को विवाह से पहले काउंसलिंग कर बताएंगी कि उन्हें विवाह से पहले व विवाह के बाद किन-किन बातों का ध्यान रखना है, ताकि उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे और तलाक की नौबत न आए। इस सेंटर के लिए जिला प्रशासन को जगह देने के लिए कहा गया है। जैसे ही जगह मिलती है, सेंटर शुरू कर दिया जाएगा। महिला आयोग द्वारा पूरे देश में इस तरह के 54 सेंटर खोले गए हैं। हरियाणा में अब तक गुरुग्राम व फरीदाबाद में यह सेंटर खुल चुके हैं।

सबसे पहले उन्होंने लघु सचिवालय में डीसी प्रीति व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और महिला अपराध से संबंधित विषय पर विचार-विर्मश किया। इसके उपरांत उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का दौरा किया और वहां पर रह रही तीन युवतियों से मुलाकात की। उनके केस स्टडी करते हुए आवश्यक जानकारी हासिल की। उन्होंने वन स्टॉप सैंटर में आए केसों से संबंधित रजिस्टर चैक किया और पिछले केसों का फोलोअप जानने के लिए एक-दो मामलों में फोन करके बातचीत की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वन स्टॉप सैंटर में आनी वाली महिलाओं का कम से कम तीन महीनें तक फोलोअप जरूर लिया जाए।

इसके उपरांत महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने जिला जेल का निरीक्षण किया और वहां पर महिला बैरक में मौजूद कैदियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने जेल प्रबंधन को निर्देश दिए कि महिलाओं में सिलाई जैसे कार्यो का स्किल विकसित करें और उनसे बैग आदि बनवाएं, ताकि उन्हें जेल से बाहर आने पर रोजगार मिलने पर उनका मानसिक संतुलन भी बना रहे।

इसके बाद उन्होंने लघु सचिवालय स्थित सभागार में महिलाओं द्वारा की गई उत्पीड़न संबंधित 12 शिकायतों में एक-एक कर सुनवाई की। साथ ही कुछ नई शिकायतें भी आई थीं। सुनवाई में चार मामलों की सुनवाई पूरी कर उनका समाधान करवा दिया गया। तीन-चार मामले न्यायालय में लंबित थे, उन्हें ड्रॉप कर दिया। तीन मामलों में दोनों पक्षों को दस दिन में आयोग मुख्यालय तलब किया है। एक मामले में एनआरआई युवक को विवाह में धोखा करने पर पासपोर्ट जब्त करवाकर आवश्यक कार्रवाई का फैसला लिया है। उन्होंने महाराष्ट्र की एक महिला की शिकायत पर तीन विवाह करने वाले उसके आरोपी पति के खिलाफ सुनवाई करते हुए आईटीबीपी के एसआई को मुख्यालय तलब किया है। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतकर्ता महिलाओं का आह्वान किया कि वे कुत्तों, भैंसों आदि को लेकर झगड़ों में अपनी बहन बेटियों की प्रताड़ना जैसे आरोप न लगाएं। यह बहुत ही शर्मनाक है। बहन बेटियों को पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में आए मामलों में से 60 प्रतिशत मामलों में तलाक, घरों के टूटने का कारण लिव इन रिलेशन में रहना सामने आया है। यह समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। परिवारों से अपील है कि ऐसी बातों से बचें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्मों का सही प्रयोग करें। कई मामलों में सोशल मीडिया के माध्यम से लड़का-लड़की अपने जीवन को खराब कर बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी पीड़ित महिला आयोग के सामने अपनी शिकायत रख सकती है। आयोग द्वारा पारदर्शी रूप से मामलों की सुनवाई की जाती है। दोनों पार्टियों को बुलाकर तह तक जाकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाता है और पीड़ित को न्याय दिलवाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं झूठे केस दर्ज करवाकर आयोग का समय बर्बाद न करें। अपने सामाजिक ताने-बाने को बनाते हुए अपने परिवार में मिलकर जीवन को सुखमय बनाएं। पति-पत्नी छोटी-छोटी बातों को लेकर बड़ा विवाद न बनाएं। सास-ससुर अपनी बहु को बेटी समझे और उन्हें परिवार में पूरा मान सम्मान दें। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे बड़ों के मामलों में अपने बच्चों को न उलझाए। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग, जिला पार्षद कमलेश शर्मा सहित अन्य महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने में सहयोग की अपील की। इससे पूर्व जिला भाजपा कार्यालय में जाकर जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व अन्य नेताओं के साथ बैठक की।

सीवन से लड़की लापता मामले में आयोग ने लिया संज्ञान-कैथल में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने सीवन में एक लड़की के लापता होने व उसके बाद आरोपी पक्ष की महिला द्वारा पुलिस पर प्रताड़ना के आरोप लगाने के मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर मिलने आए लड़की पक्ष की सुनवाई की। उन्होंने सुनवाई के बाद कहा कि इस मामले में लड़की को लापता होने की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा इस मामले में पुलिस पर महिला द्वारा प्रताड़ना के मामले की जांच के लिए भी आयेग ने पुलिस को निर्देश दिए हैं। पुलिस रिपोर्ट के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी शशि बाला, महिला संरक्षण अधिकारी सुनीता शर्मा के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

- सुबह 10 बजे इकट्ठे होकर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ करेंगे धरना प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 8 जुलाई।** केन्द्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्व्यापी हड़ताल की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू की संयुक्त बैठक जवाहर पार्क में हुई। इसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण व सीटू के जिला प्रधान बसाऊ राम चंदाना ने की और संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कैशियर व जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जिले में हड़ताल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जिले के कर्मचारी ब्लॉक स्तर पर सुबह 10 बजे इकट्ठे होकर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि कैथल ब्लॉक में कर्मचारी जवाहर पार्क और परियोजना कर्मी हनुमान वाटिका में एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय में सयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे। बाकि ब्लॉकों से कर्मचारी, मजदूर और परियोजना कर्मी संयुक्त रूप से एक स्थान पर ही एकत्रित होंगे। उन्होंने बताया कि गुहला ब्लॉक में देवीलाल पार्क चीका, सीवन में नगरपालिका कार्यालय परिसर, कलायत में पुरानी तहसील, राजौंद में नगरपालिका कार्यालय व पुंडरी और ढांड के कर्मचारी, मजदूर व परियोजना कर्मी मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर पुंडरी में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज के सभी तबकों में सरकार के प्रति गहरा रोष है, इस बार भी हड़ताल ऐतिहासिक होगी।

# बिहार चुनाव की तैयारियों ने पकड़ा जोर

## एसआईआर के फॉर्म एकत्र करने का लगभग आधा काम 14 दिनों में ही पूरा, शेष की गणना प्रगति पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटना, 8 जुलाई।** बिहार में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग की तैयारी जोरों पर है। एसआईआर की मंगलवार को प्रगति को देखते हुए, इस बात की प्रबल संभावना है कि गणना फॉर्म को एकत्र करने का कार्य इसके अंतिम दिन यानी 25 जुलाई से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 3,70,77,077 गणना फॉर्मों को एकत्र किए जाने के साथ अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है, जो 24 जून की एसआईआर अनुदेश जारी होने के बाद से पहले 14 दिनों में बिहार के कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) निर्वाचकों के एकत्र फॉर्मों का 46.95 प्रतिशत है।




इस प्रक्रिया के पहले दो हफ्तों में 7.90 करोड़ फॉर्म छापे गए और लगभग 97 प्रतिशत फॉर्म 17.70,44,990 निर्वाचकों को वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, 18.16 प्रतिशत फॉर्म ईसीआई-नेट पर अपलोड किए जा चुके हैं। बड़ी संख्या में संभावित निर्वाचक दिनांक 24.06.25 के एसआईआर आदेश में निर्दिष्ट पात्रता दस्तावेजों के साथ गणना फॉनी जमा कर रहे हैं। अब, शेष बचे आधे गणना फॉर्म और पात्रता दस्तावेज एकत्र करने के प्रयास जारी है। जबकि 25 जुलाई से पहले अभी 17 दिन और शेष है।

पिछले 24 घंटों में यानी कल शाम 6 बजे से 82.78.617 गणना फॉर्म एकत्र किए गए है। जो केवल एक दिन में एकत्र किए गए 10.5 प्रतिशत के बराबर है।

### जमीनी स्तर पर समान गति



उप निदेशक पी पवन ने कहा कि जमीनी स्तर पर भी समान गति बनाए रखी गई है. जिसमें केवल लगभग 50 प्रतिशत फॉर्म एकत्र किए जाने शेष हैं और प्रतीत होता है कि यह कार्य समय से पहले पूरा किया जा सकता है। जमीनी स्तर पर 20,603 बीएलओ को शामिल किए जाने से एकत्र करने के प्रयास में और तेजी आई है। पहले से ही 77,895 बीएलओ निर्वाचकों को उनके गणना फॉर्म भरने में सहायता करने के लिए और उन्हे एकत्र करने के लिए घर-घर जा रहे हैं। बीएलओ ने प्रत्येक घर में अपने अनिवार्य तीन दौरी (विजिट्स) में से पहला दौरा पहले ही संपन्न कर लिया है और दूसरा दौरा जारी है।

### बुजुर्गा, दिव्यांगों, बीमार और कमजोर लोगों को एसआईआर प्रक्रिया में की सुविधा प्रदान

लगभग 4 लाख वालंटियर्स जिनमें सरकारी पदधारी, एनसीसी कैडेट, एनएसएस के सदस्य आदि शामिल है. बुजुर्गा, दिव्यांगों, बीमार और कमजोर लोगों को एसआईआर प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, सभी 243 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र्ग में ईआरओ के साथ-साथ 963 एईआरओ 38 डीईओ और राज्य के सीईओ निर्वाधकों को उनके फॉर्म जमा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए क्षेत्र में तैनात है। सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों ने भी बीएलए की नियुक्तियों की गति बढ़ाई है और वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। आज की तारीख तक, 1,56,626 बीएलए नियुक्त किए जा चुके हैं, जबकि इस प्रक्रिया की शुरुआत में 1,38,680 बीएलए नियुक्त किए गए थे। वे अब भी निर्वाचक नामावली पर मैनुअल के 25.2.1 के अनुसार और अधिक संख्या में बीएलए नियुक्त कर सकते हैं।

# युवक की नशे के इंजेक्शन से मौत, तालाब किनारे मिला शव

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** पार्क रोड स्थित शीतलपुरी डेरे के पास मंगलवार को तालाब की पटरी पर एक युवक का शव मिला। उसके हाथ में नशे का इंजेक्शन लगा हुआ था। पुलिस को शक है कि उसकी मौत इंजेक्शन के रिएक्शन से हुई है। मृतक की पहचान गांव बालू के 30 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। पुजारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तलाशी में युवक की जेब से 19,000 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और एक और सिरिंज मिली। पास में एक स्कूटी भी खड़ी थी जो चौशाला गांव के व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड है। डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश ने बताया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगी लेकिन अभी यह नशे का मामला लग रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दीपक नशे का आदी था या नहीं और वह स्कूटी कहां से लाया।


## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं- एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/रोबोटिक यू.एफ.लाइन/2025-26/सी532एच दिनांक:- 02.07.2025, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** कार्यक्षेत्र के अनुसार रोबोटिक अंडर फ्रेम लाइन पर सपोर्टिंग मेम्बर के साथ पूर्ण अंडर फ्रेम का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹) :** 5,97,83,402.00, **अमानत राशि :** ₹ 4,48,900.00 (₹ चार लाख अड़तालीस हजार नौ सौ) मात्र, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) :** शून्य, **कार्य की मात्रा :** 700 अंडर फ्रेम, **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025** को **11:00** बजे। • विस्तृत निविदा, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/शैल

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/उत्पादन, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई-निविदा सं- एमसीएफ/आरबीएल/डि. सीइइ/पी/2025-26/01 दिनांक:- 05.07.2025) खुली **एकल पैकेट प्रणाली** आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** द्वारा **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम :** "वित्त वर्ष 2025-26, 2026-27 के लिए एमसीएफ/आरबीएल में कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी एलडब्ल्यूएसीसीएन कोचों में उपकरणों की हैंडलिंग और स्थापना सहित पूर्ण वायरिंग कार्य।", **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) :**₹2,04,48,220/-, (दो करोड़ चार लाख अड़तालीस हजार दो सौ बीस रुपए मात्र) 18% जीएसटी सहित, **अमानत राशि (रुपया में) :** ₹ 2,52,300/- (रुपये दो लाख बावन हजार तीन सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00 (शून्य), **कार्य की मात्रा :** 403 नंबर LWACCN प्रकार के कोच, **कार्य समापन की अवधि :** 18 महीने • **ई-निविदा** दिनांक 04.08.2025 को 15.00 बजे तक ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी • **ई-निविदा** दिनांक 04.08.2025 को 15.30 बजे के बाद ऑन-लाइन **http://www.ireps.gov.in** के द्वारा खोली जाएगी। • **ई-निविदा** सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य विदयुत इंजीनियर/उत्पादन

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 21/ईटी/2025-26 दिनांक: 03.07.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251139 | पाईप 18X2.0 एमएम इन लेन्थ ऑफ 6000 एमएम | 81571 मीटर | 29.07.2025 |
| | | पाईप 42X2 इन लेन्थ ऑफ 6000 एमएम | 24291 मीटर | |
| 02 | 05251139 | सप्लाई, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग (इनकोलूडिंग आल कनेक्सन एंड ड्रेसिंग विदाउट लोडिंग), रूफ माउंटिंग एसी पैकेज यूनिट (आरएमपीयू) टाईप-II फॉर एलएचबी ईओजी कोचेज | 120 सेट | 20.08.2025 |
| 03 | 05251125 | एन्टीग्रेटेड 60केवीए (55केवीए + 5 केवीए) ट्रांसफारमर | 385 नग | 09.09.2025 |
| 04 | 04251122 | सप्लाई ऑफ विन्डो आरेंजमेंट फॉर एलएचबी एलडब्लूएस कोचेज़ | 548 सेट | 23.07.2025 |
| 05 | 04251173 | इलेक्ट्रो-पीन्यूमेटिक प्रेसराइजड फ्लोरिंग सिस्टम बीजी कोचेज़ | 9653 सेट | 31.07.2025 |
| 06 | 03251755 | सेट ऑफ एल्मुनियम पाउडर कोटेड रूफ पैनलस फॉर एलडब्लूएससीजेड कोचेज़ | 200 सेट | 31.07.2025 |
| 07 | 12251214 | प्राईमरी वर्टीकल डैम्पर फॉर ऑल टाईप ऑफ एलएचबी कोचेज़ फिटेड विद फिएट बोगी | 19171 नग | 24.07.2025 |
| | | यॉ डैम्पर फॉर ऑल टाईप ऑफ एलएचबी कोचेज़ फिटेड विद फिएट बोगी | 9707 नग | |
| | | सेकेण्डरी लेटरल डैम्पर फॉर फिएट बोगी विद ऐयर स्प्रिंग | 4031 नग | |
| | | सेकेण्डरी वर्टिकल डैम्पर फॉर एलएचबी एसी कोचेज़ विद फिएट बोगी | 603 नग | |
| | | सेकेण्डरी वर्टिकल डैम्पर फॉर एलएचबी नॉन एसी कोचेज़ विद फिएट बोगी | 6576 नग | |
| 08 | 13251155 | नाइलोक नट एम 6 स्टेनलेस स्टील | 1451638 नग | 29.07.2025 |
| | | नाइलोक नट एम 10 स्टेनलेस स्टील | 1270404 नग | |
| 09 | 03251075ए | सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एफआरपी मॉडूलर टोयलट फॉर एलएचबी एससीएन कोचेज़ | 100 सेट | 20.08.2025 |
| | | सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एफआरपी मॉडूलर टोयलट फॉर एलएचबी जीएस कोचेज | 100 सेट | |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 15/ईटी/2025-26 दिनांक : 18.06.2025 | टेन्डर नं. 15255136 | आल बिडरस प्लीज़ नोट दैट दॉ स्पेसिफिकेशन शैल बी अप्लीकेबल इसुड वाइड लेटर नं. एमसीएफ/पीएच-41/एलएचजी/24-25/301 दिनांक 18.06.2025 एस इन्कोलोजर इन दॉ डाकूमेंटस टाइटल्ड एसपीइसी कोरीजेन्डम |
| 02 | 18/ईटी/2025-26 दिनांक : 23.06.2025 | टेन्डर नं. 15245319 | निविदा खुलने की तिथि 30.06.2025 के स्थान पर तिथि 15.07.2025 पढ़ें। |
| 03 | 11/ईटी/2025-26 दिनांक : 29.05.2025 | टेन्डर नं. 11241372 | निविदा खुलने की तिथि 01.07.2025 के स्थान पर तिथि 11.07.2025 पढ़ें। |
| 04 | 13/ईटी/2025-26 दिनांक : 10.06.2025 | टेन्डर नं. 03251420 | निविदा खुलने की तिथि 04.07.2025 के स्थान पर तिथि 08.07.2025 पढ़ें। |
| 05 | 19/ईटी/2025-26 दिनांक : 26.06.2025 | टेन्डर नं. 05251055 | निविदा खुलने की तिथि 03.07.2025 के स्थान पर तिथि 09.07.2025 पढ़ें। |
| 06 | 15/ईटी/2025-26 दिनांक : 18.06.2025 | टेन्डर नं. 15255136 | निविदा खुलने की तिथि 10.07.2025 के स्थान पर तिथि 07.08.2025 पढ़ें। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम एंड पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्कूली बस डिवाइडर से टकराकर पलटी, बड़ा हादसा होने से टला

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़। मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया। जब एक स्कूली बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। अगर बस में बच्चों की मौजूदगी होती तो एक बड़ा हादसा होने से टल गया।बस एक निजी स्कूल की थी। बस सेक्टर-42 से होते हुए सेक्टर-43 की तरफ आ रही थी।बस हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर दोनों सुरक्षित है। मौके पर थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची थी।बस क्षतिग्रस्त हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि सड़क पर किसी वाहन को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई और इसके बाद बस पलट कर सीधा डिवाइडर पर बनी लोहे की ग्रिल में जा घुसी। बस की टक्कर से लोहे की ग्रिल भी टूटी है।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/उ. रे/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. जो कार्य के सामने दी गई तिथि 29.07.2025 को समय 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां अंतिम तिथि एंव समय तक ही जमा कर सकेंगे। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि का भुगतान **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ई-पेमेंट गेटवे मोड के माध्यम से नकद में या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में या निविदा दस्तावेजों (अनुलग्नक-VIIA) में उल्लिखित तरीके से करने की अनुमति है। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| ओपन | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदाएं अपलोड करने की तिथि | बोली प्रारंभ तिथि | बोली बंद होने की तिथि/समय |
| 07.07.2025 | 15.07.2025 | 29.07.2025 |

| क्र. सं. | निविदा संख्या | निविदा का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 01-जीएस-इंजी-अंबाला/2025-26 | अंबाला मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन/सुधार के लिए कला एवं संस्कृति के कार्य प्रावधान। |

| विज्ञापन मूल्य (रू0) | अग्रिम राशि (रू0) | ऑफर की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 49,19,370/- | 98,400/- | 60 दिन | 02 माह |

**ध्यान दें:** बोली लगाने से पहले, बोली लगाने वाले को यह जांच लेना चाहिए कि निविदा के विरुद्ध कोई शुद्धिपत्र तो नहीं जारी किया गया। **खुली निविदा संख्या-01-जीएस-इंजी-अंबाला/2025-26 दिनांक: 09.07.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2047/25


# बलटाना से लापता हुए 14 वर्षीय बच्चे के परिजनों व स्थानीय लोगों ने रास्ता जाम कर किया प्रदर्शन

- सवा दो घंटे प्रदर्शनकारी सड़क पर अड़े रहे, पुलिस के आश्वासन के बाद खुला जाम



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** शनिवार रात से सोही टावर के पास किराऐ के मकान में रहने वाले 14 वर्षीय लापता हुए बच्चे का चार दिन बाद भी सुराग ना मिलने के कारण लापता बच्चे के परिजन व स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग पर धरना लगा दिया। भड़के स्थानीय लोगों ने बलटाना जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया। लापता बच्चे रोशन के परिजनों का आरोप है कि पुलिस को शिकायत देने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा पाई। वहीं, भड़की भीड़ के मुख्य मार्ग बंद करने के बाद कई किलोमीटर तंग लंबा जाम लग गया। भीड़ को उग्र होते देख बलटान चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह व जीरकपुर थाने के एसएचओ सतिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस पार्टी ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया लेकिन लापता बच्चे के परिजनों व स्थानीय लोगों की मांग थी कि पहले उनके बेटे की तलाश की जाए अन्यथा वह सड़क पर प्रदर्शन करेंगे। करीब सवा दो घंटे प्रदर्शनकारियों ने सड़क बंद रखी जिसके बाद पुलिस के आश्वासन के बाद जाम खुलवा दिया गया। माहौल खराब होता देख डेरा बस्सी से पुलिस फोर्स मंगवानी पड़ी। जाम खुलने के बाद सहमति बनने पर पुलिस परिजनों के साथ दो लोकेशनो पर सीसीटीवी चैक कर रही है।

दरअसल, सोही टावर के नजदीक किराए के मकान में रहता एक 14 वर्षीय शनिवार शाम से घर से लापता है जो रात भर घर नहीं लौटा तो बच्चे के परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी थी। बच्चे प्रिंस के पिता कल्लू राम की शिकायत के आधार पर बच्चे की तलाश की जा रही थी। इस मामलें में चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने लापता बच्चे के पिता को बताया था की शाम के समय पांच बच्चे फर्नीचर मार्किट से घूमते हुए फ्लाइओवर की तरफ आए जो सीसीटीवी में दिखाई दे रहे है। जिसके कुछ मिनटों बाद चार बच्चे वापिस जाते हुए दिखाई दे रहे है और पांचवा बच्चा रौशन (14) आगे के एरिया ढकोली की तरफ जाता हुआ दिखाई दे रहा है। आगे सीसीटीवी बंद होने की वजह से वह आगे कहीं जाते हुए दिखाई नहीं दिया। पुलिस ने कहा था कि आसपास सभी सीसीटीवी चैक किए जा रहे हैं और रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गुरद्वारे मंदिर हर जगह उसकी तलाश की जा रही है। चौकी इंचार्ज द्वारा बच्चे की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल भी की जा चुकी है।

**लापता बच्चे को आज वैन में देखकर हुआ हंगामा:** लापता रौशन प्रवासी परिवार से संबंध रखता है। रोड जाम करने परिवार व स्थानीय लोगों का आरोप है कि आज कुछ लोगों ने वैन देखी जिसमें रौशन के साथ अन्य पांच बच्चे भी मौजूद थे। लेकिन जब तक वह वैन का पता करते वह निकल गई। वहीं उनका आरोप है कि इसी गांव के अन्य पांच बच्चे भी गायब हैं। लेकिन पुलिस उनकी जांच कर रही है।

-शनिवार का बच्चा लापता है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बाकी परिवार द्वारा एक वैन पर शक है जताया जा रहा है। परीजनों के बयान के आधार मार्किट के सीसीटीवी चैक किए जा रहे है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चे की तलाश कर रही है।

**गुरप्रीत सिंह, चौकी इंचार्ज बलटाना**


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

संख्याः एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी-04/2025-26 दिनांक 07.07.2025

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओटी-09/2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस सीमेंस मैक वेस्टरेस इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम ओवर अंबाला डिविजन | 04.08.2025 at 15.00 hrs | Rs. 38065987.44/- | Rs. 340300/- | 36 महीने |
| 2. | ओटी-10/2025-26 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैन्ट्नन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम/एस मेधा मैक (एम.एस.डी.ए.सी) सिस्टम इन राजपुरा-सराय बनजारा एण्ड सराय बनजारा-साधुगढ़ ऑटोमटिक सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन फॉर पीरियड ऑफ थ्री एयर्स | 04.08.2025 at 15.00 hrs | Rs. 12666940.38/- | Rs. 213300/- | 36 महीने |
| 3. | ओटी-11/2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद डिफ्रैन्ट टी.टी.आर, सी.टी.आर, टी.आर.आर., टी.एस.आर, टी.डब्ल्यू.एस. एफ. एस, डब्ल्यू.सी. एम.एस.सी., सी एम.एस. ई वर्क्स ओवर अंबाला डिविजन | 04.08.2025 at 15.00 hrs | Rs. 50899400.76/- | Rs. 404500/- | 270 Days |

नोट :- वरि. मंडल सिग. एवं टेली0 इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 1. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। 2. निविदाकारों को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास ।।। डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ ले। **2054/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गर्दन पर लोहे की रॉड मारकर साथी की हत्या

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 8 जुलाई।** जींद रोड स्थित बीती देर रात एक खल मिल में गर्दन पर लोहे रॉड मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक के साथ ही काम करने वाले युवक पर इस हत्या का आरोप लगा है। दोनों एक ही मिल में काम करते थे और मिल के पास ही कमरे में रहते थे। हत्या के बाद से ही युवक फरार हो गया। मृतक की पहचान रायबरेली के बेलखारा गांव निवासी 38 वर्षीय रामविलास के रूप में हुई है। हत्या का आरोपी युवक भी उसी के गांव का रहने वाला बताश गया है। घटना कल देर रात करीब 11 बजे की है जब दोनों एक साथ बैठकर खा-पी रहे थे। इस दौरान उनमें किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जैसे ही रामविलास सोने लगा तो युवक ने उसकी गर्दन पर लोहे की रॉड मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर अनाज मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। चौकी प्रभारी राजेंद्र ने बताया कि मृतक पिछले कई वर्ष से कैथल में ही काम कर रहा था। हत्यारोपी का नाम गणेश बताया गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया है। मामले में हत्या संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी जांच की जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे इन्हीं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 24 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.27 बजे
सूर्यास्त 7.29 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 98,990.00 |
| सेंसेक्स | 83,712.51 |
| अमेरिका | 85.67 |
| कैनेडियन | 62.73 |
| आस्ट्रेलिया | 56.03 |

# अभिभावकों के पास आज बच्चों के लिए समय नहीं है: गुलाब चंद कटारिया

राज्यपाल ने टैगोर थियेटर में चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में दिलाई शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** अभिभावकों के पास आज बच्चों के लिए समय नहीं है। यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि बच्चे किन लोगों के साथ रह रहे हैं, क्या देख रहे हैं, किस माहौल में बढ़ रहे हैं। राज्यपाल एवं यूटी के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मंगलवार को टैगोर थियेटर में आयोजित नशीले पदार्थों और मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर आधारित ड्रग्स एंड सब्सटेंस एब्यूज विषय पर एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक पुष्पेन्द्र कुमार भी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष शिप्रा बंसल, डॉ. अखिलेश शर्मा, अतिरिक्त प्रोफेसर, पीजीआईएमईआर तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सा विशेषज्ञ और अभिभावक शामिल हुए।



## जो युवा नशे से बाहर निकले समाज को अपनाना चाहिए

प्रशासक ने यह भी कहा कि जो युवा नशे की गिरफ्त से बाहर निकल चुके हैं, उन्हें समाज को अपनाना चाहिए और सम्मान के साथ पुनः मुख्यधारा में लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। उनके आत्म-सम्मान को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है ताकि वे फिर से जीवन में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सभी उपस्थितों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई सिर्फ प्रशासन की नहीं, पूरे समाज की है। जब तक परिवार, विद्यालय, संस्थाएं और नागरिक मिलकर एकजुट प्रयास नहीं करेंगे, तब तक इस खतरे को जड़ से खत्म करना संभव नहीं होगा। कार्यक्रम में पीजीआई के मनोचिकित्सा विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अखिलेश शर्मा ने एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि किस प्रकार शैशव और किशोरावस्था में बच्चों का सामना अप्रत्यक्ष रूप से नशीले तत्वों से हो जाता है, और यह धीरे-धीरे एक लत का रूप ले लेता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज की भूमिका इस खतरे को पहचानने और रोकने में बेहद अहम है।

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि इस विषय पर जागरूकता फैलाना आज की सबसे बड़ी सामाजिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सूचना साझा करने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक ऐसे भविष्य की नींव है जहां हर बच्चा और नागरिक नशे से मुक्त, सुरक्षित और सशक्त जीवन जी सके। कटारिया ने आधुनिक जीवनशैली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'उन्होंने स्कूलों और अभिभावकों से बच्चों में हो रहे छोटे-छोटे व्यवहारिक परिवर्तनों को गंभीरता से देखने और संवाद बनाए रखने का आग्रह किया।

### 'सुरक्षित बचपन, उज्वल भविष्य : नशामुक्त समाज की ओर' नामक पुस्तिका का किया विमोचन

इस अवसर पर 'सुरक्षित बचपन, उज्वल भविष्य : नशामुक्त समाज की ओर' नामक जन-जागरूकता पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। यह पुस्तिका विशेष रूप से बच्चों को केंद्र में रखते हुए नशे के प्रकार, दुष्परिणाम, व्यवहार में बदलाव, साइकोट्रोपिक पदार्थों के प्रभाव, उपचार की विधियाँ और सामाजिक भागीदारी जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान करती है। पुस्तिका में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 सहित विभिन्न कानूनी पहलुओं को भी समाहित किया गया है।

# उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** यूटी चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने आज स्वतंत्रता दिवस 2025 समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि मुख्य कार्यक्रम सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल, सुचारू एवं त्रुटिहीन आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बैठक में बैठने की व्यवस्था, परिवहन एवं पार्किंग सुविधाओं, विद्युत एवं जल आपूर्ति, चिकित्सा सहायता, अग्निशमन सुरक्षा, मीडिया प्रबंधन, सुरक्षा उपायों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु समग्र एवं पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए।

सुरक्षा एजेंसियों को कार्यक्रम स्थल पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम (पूर्व), एसडीएम (दक्षिण), एसडीएम (मध्य), निदेशक जन संपर्क विभाग तथा पुलिस, अभियंता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ढकोली क्षेत्र में रेलवे ट्रेक पर मिला एक व्यक्ति का शव, ट्रेन के साथ टकराने के बाद हुआ हादसा

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** ढकोली क्षेत्र में अंबाला से चंडीगढ़ जाने वाले रेलवे ट्रेक पर ट्रेन हादसे में एक व्यक्ति का शव मिला है। यह घटना सोमवार रात करीब साढ़े बारां बजे की बताई जा रही है। सुचना के बाद रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर डेराबस्सी सिवल अस्पताल की मोर्चेरी में रखवा दिया है। फिलहाल शव के पास से कोई स्नाखती कार्ड नहीं मिला है। जिस कारण मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी गुरजिंदर सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है देखने में वह प्रवासी लग रहा है। जिसने काले रंग की शर्ट डाली हुई है जिस पर तीन लिखा हुआ है और काले रंग की केपरी डाली हुई है। उन्होंने बताया की मृतक की बाजु पर vik -----हार्ट का निशान गोदा हुआ है। इसके इलावा बाजु व कमर पर भी काला धागा बांधा हुआ है। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक के शव को पहचान के लिए 72 घंटों के लिए डेरा बस्सी सिवल अस्पताल की मोर्चेरी में रखवा दिया गया है। जांच अधिकारी द्वारा अपील की गई है के यदि किसी को शव की पहचान होती है तो रेलवे पुलिस के साथ संपर्क कर जानकारी दे सकता है।

# एमसी चंडीगढ़ ने छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों में फॉगिंग का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** चंडीगढ़ नगर निगम ने छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए शहर के सरकारी और निजी स्कूलों में व्यापक फॉगिंग अभियान चलाया है। यह सक्रिय कदम डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए एमसीसी के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है, खासकर मानसून के मौसम में।

कक्षाओं, खेल के मैदानों, गलियारों और अन्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित स्कूल परिसर में फॉगिंग अभियान चलाया गया। उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया जहां स्थिर पानी मच्छरों के प्रजनन का आधार बन सकता है। शैक्षणिक गतिविधियों में व्यवधान को कम करने के लिए स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर अभियान चलाया गया।



नगर आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि छात्रों का स्वास्थ्य और कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्कूल अधिकारियों और अभिभावकों से निवारक उपाय करने का आग्रह किया, जिसमें आसपास के वातावरण को साफ रखना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि पानी जमा न हो।

एमसीसी शहर में सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है और नागरिकों से सहयोग की अपील करती है।

# व्यापार को सुव्यवस्थित और आसान बनाने के उद्देश्यों पर हुई चर्चा

## विनियमन और अनुपालन में कमी पर टास्क फोर्स की दूसरी बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददात

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन ने शहरी चरित्र को संरक्षित करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए अग्रणी भारतीय राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय मॉडलों से सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मंगलवार को कैबिनेट सचिवालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा शुरू किए गए अनुपालन में कमी और विनियमन अभ्यास पर दूसरी बैठक यू.टी. चंडीगढ़ सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़ में बुलाई गई।

बैठक का उद्देश्य यू.टी. चंडीगढ़ में व्यापार विनियमन को सुव्यवस्थित करना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना था। टास्क फोर्स कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी करना जारी रखेगा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में अधिक अनुकूल व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए और अधिक सरलीकरण का प्रस्ताव करेगा। बैठक की सह-अध्यक्षता एस.सी.एल. दास, आई.ए.एस., सचिव, एम/ओ.एम. एस.ई., भारत सरकार, नई दिल्ली और राजीव वर्मा, आई.ए.एस., मुख्य सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन ने की। बैठक का आयोजन निशांत कुमार यादव, आई.ए.एस., सचिव, उद्योग, चंडीगढ़ प्रशासन ने किया। एस.सी.एल. दास, आई.ए.एस., सचिव, एम/ओ.एम. एस.ई., भारत सरकार, नई दिल्ली को कैबिनेट सचिवालय के साथ यू.टी. चंडीगढ़ के लिए विनियमन अभ्यास को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक के दौरान उनके साथ भारत सरकार के अधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें एमएसएमई मंत्रालय की उप महानिदेशक अनुजा बापट, एमएसएमई मंत्रालय की निदेशक नयनतारा शशिकुमार, कैबिनेट सचिवालय के उप निदेशक अंशुमान कामिला और नीति आयोग के युवा पेशेवर दर्पजीत सेनगुप्ता शामिल थे। यह रेखांकित किया गया कि कुल 23 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा 22 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को टास्क फोर्स को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से, टास्क फोर्स द्वारा भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय को 15 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की सिफारिश की गई है।



### इन्होंने की डी-रेगुलेशन अभ्यास पर चर्चा

बैठक में चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, आईएएस के साथ सभी संबंधित सचिवों, हितधारक विभागों के विभागाध्यक्षों और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें चंडीगढ़ प्रशासन के वित्त सचिव दीप्रवा लाकड़ा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा सचिव-सह-सदस्य सचिव, सीपीसीसी; नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार; चंडीगढ़ प्रशासन के आईटी सचिव हरि कल्लिक्कट; उद्योग सचिव-सह-उपायुक्त, चंडीगढ़ प्रशासन चंडीगढ़ प्रशासन ने डी-रेगुलेशन अभ्यास पर चर्चा की।

# दो पहिया वाहन चोरी मामले में कारपेंटर समेत गिरोह के दो सदस्य काबू

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 5 दो पहिया वाहन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की पलसोरा पुलिस चौकी को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने के मामले में कारपेंटर समेत गिरोह के दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान सेक्टर 56 निवासी 20 वर्षीय कारपेंटर मोनू और 22 वर्षीय संजय उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते। सैक्टर 56 पलसौरा चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह की सुपरविजन में हेड कांस्टेबल ललित मोहन उनकी टीम ने 6 जुलाई को सैक्टर 56 स्थित सरकारी स्कूल के पास नाका लगा रखा था। नाके के दौरान पुलिस आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सैक्टर 56 निवासी संजय चोरी की एक्टिवा स्कूटर पर सवार होकर आया तो पुलिस ने कागजात चेक करवाने के लिए बोला तो आनाकानी करने लगा। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि उसके पास एक्टिवा स्कूटर चोरी की है। पकड़े गए आरोपी मोनू के कब्जे से शिकायतकर्ता का आधार कार्ड बरामद किया। पुलिस जांच के दौरान 7 जुलाई को आरोपी मोनू की पहचान पर एक पंजाब नंबर की बाइक और एक एक्टिवा स्कूटर चंडीगढ़ नंबर की बरामद की। आरोपी संजय के कब्जे से एक अन्य बाइक और उत्तराखंड नंबर का एक्टिवा स्कूटर बरामद किया। पुलिस ने चारों दो पहिया वाहनों को धारा106 बीएनएसएस के तहत अपने कब्जे में लिया। पकड़े गए दोनो आरोपियो को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। रिमांड खत्म होने के बाद आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी संजय के खिलाफ एक जनवरी 2024 को धारा 307, 506 आईपीसी के तहत थाना 39 में मामला दर्ज पाया गया। जबकि मोनू के खिलाफ भी एक मामला दर्ज है।




### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 54 निवासी राम किशन ने पुलिस को बताया था कि 19 मई 2025 को लगभग 11 बजे अपने घर के पास अपनी एक्टिवा स्कूटर पार्क की थी।जब उन्होंने अगली सुबह देखा कि उनकी एक्टिवा उसी स्थान पर नहीं मिली। कोई अज्ञात चोरी कर ले गया था।

# चंडीगढ़ नगर निगम ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रीट लाइट के खंभों से रस्सियां और अवरोध हटाए

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर के विभिन्न हिस्सों, खास तौर पर कॉलोनी क्षेत्रों में, कपड़े सुखाने के लिए स्ट्रीट लाइट के खंभों से निवासियों द्वारा बाँधी गई रस्सियों को हटाने के लिए सुरक्षा अभियान चलाया है। ये रस्सियाँ बिजली के बुनियादी ढाँचे के बहुत नज़दीक होने के कारण सुरक्षा के लिए काफ़ी जोखिम पैदा कर रही थीं।

एमसीसी की टीम ने न केवल रस्सियाँ हटाईं, बल्कि निवासियों को ऐसे उद्देश्यों के लिए बिजली के खंभों का उपयोग करने के खतरों के बारे में भी शिक्षित किया। इसी तरह का अभियान ईडब्ल्यूएस कॉलोनियों और आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी चलाया गया। अभियान के दौरान, स्ट्रीट लाइट के खंभों से जंजीरों से बंधी साइकिलें, रेहड़ी और अन्य निजी सामान भी हटाए गए, क्योंकि वे अवरोध और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहे थे।



नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने सभी नागरिकों से नगर निगम के साथ सहयोग करने और निजी इस्तेमाल के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे का उपयोग करने से परहेज़ करने का आग्रह किया। उन्होंने दुर्घटनाओं को रोकने और शहर के बुनियादी ढाँचे को बनाए रखने के लिए सुरक्षा सलाह और दिशा-निर्देशों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया।

# जीरकपुर में विजन 2047 विकसित भारत एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल इंडिया प्रोग्राम का किया आयोजन



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 8 जुलाई।** 8 जुलाई 2025 को एक एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल इंडिया प्रोग्राम का आयोजन होटल लैंपिंग जीरकपुर में किया गया। इस प्रोग्राम का आयोजन रविंद्र सिंह अध्यक्ष पंजाब एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल इंडिया से किया गया जिसमें यशपाल अटवाल नेशनल डिप्टी वाइस चेयरमैन वात्सल्य बग्गा वर्किंग चेयरमैन ऑफ़ हरयाणा कुलदीप चेयरमैन ऑफ़ हरयाणा एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ऑफ़ इंडिया वास सुनील शर्मा वाइस चेयरमैन ऑफ़ हरयाणा वगैरा ने आए हुए नौजवानों से अपने विचार संजय किया। इस मौके पर कुलदीप ने बातचीत करते हुए बताया कि एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ऑफ़ इंडिया एक ऐसा धारा है जिसके द्वारा हर नौजवान जिसकी उम्र 50 साल तक भी हो के लोगों को अलग-अलग कार्यो के लिए जैसे पशुपालन खेती बड़ी सिलाई कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर सूक्ष्म मध्य व लघु मध्य व लघु उद्योगों द्वारा जरूरतमंद और बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयत्न शील है ताकि हर शहर और गांव को पूर्ण रूप से विकसित किया जा सके। इस मौके पर उन्होंने रविंद्र सिंह अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह राजा, प्रीतम सिंह, सुबह सिंह और कई जाने कई लोग मौजूद थे। अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने इस प्रोग्राम में आए हुए सभी लोगों का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# नगला निवासियों ने कहा-हमारी नहीं सुननी कम से कम बच्चों की तो सुन लो पुकार

## टूटी सड़क, सीवरेज का गंदा पानी व बरसाती पानी ने जीना कर दिया मुहाल, कौन सुनेगा हमारी पुकार

लोगों ने कहा पिछले छह महीनों से खोदी सड़क के काम में क्यों हो रही देरी?

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा







**जीरकपुर, 8 जुलाई।** चंडीगढ़ अंबाला हाइवे से नगला गांव को जाने वाली सड़क की हालात बेहद खराब हो चुकी है।सड़क पर कहीं गड्ढे, कहीं गड्ढों में खड़ा बरसात का पानी और सीवरेज लाइन डालने के बाद खोदकर कर छोड़ी सड़क के चलते लोग बेहद परेशान है। नगला रोड़ पर दर्जनों सोसायटीयां मौजूद हैं और दो गांव भी मौजूद है दो निजी व एक सरकारी स्कूल भी मौजूद है। सरकारी स्कूल के हालात तो इतने ज्यादा बदतर हो चुके हैं के स्कूली बच्चों व टीचरों का स्कूल पहुंचना ही समस्या बना हुआ है। नगला बस्ती गांव में बने स्कूल के रास्ते पर घुटनों तक पानी खड़ा है और सीवरेज के मेनहॉल जहां बनाए है वहां बरसात के कारण जमीन धंस गई है। जिस कारण गड्ढो में पानी भर गया है और वहीं से स्कूल के बच्चे व टीचर निकलते हैं। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे बड़ी बात यह है के स्कूल पहुंचना ही बच्चों व टीचरों के लिए बड़ा सवाल बना हुआ है। क्योंकि पैदल जा नहीं सकते और गाड़ियां वहां तक पहुंच नहीं सकती। गांव निवासियों व स्कूल टीचरों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन उनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। बच्चों के साथ कोई हादसा ना हो जाए लोगों द्वारा बच्चों को स्कूल भी कम ही भेजा जा रहा है। लोगों की मांग है के स्कूल व गांव की सड़क को पक्का बनाया जाए और सीवरेज के मेन हॉल के इर्द गिर्द हुए गड्ढो को पहल के आधार पर भरा जाए। इसके इलावा इस रोड़ दो निजी स्कूल भी है और उनकी बसें भी अक्सर जाना व गड्ढों मेन फस जाती है। जिस कारण लोग बेहद परेशान है।

गांव निवासी अर्जुन कुमार, प्रदीप सिंह, कुलदीप कुमार, बलकार सिंह, नवदीप सिंह सरवन कुमार, ने बताया कि नगला रोड़ पर सीवरेज लाइन नही थी और दिसंबर महीने में यहां सीवरेज लाइन डालने के लिए मेन सड़क और नगला बस्ती गांव की सड़क खोदी थी। जो आज तक ऐसी ही पड़ी है। सीवरेज का गंदा पानी ऐसे ही गलियों में घूम रहा है। जिस कारण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है के जब तक सड़क नहीं बनती तब तक सीवरेज लाइन का तो कोई प्रबंध कर देना चाहिए। लोगों ने बताया की पिछले छह महीने से वह नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है के अब तो उन्हें ऐसा महसूस होता है जैसे वह किसी पछड़े हुए शहर के किसी पछड़े हुए गांव में रहते हैं, जहां सरकार व अधिकारियों की पहुंच ही नहीं है। इससे अच्छा तो हम पंचायती राज में ही ठीक थे। कम से कम सरपंच उनके काम तो कर देता था। लोगों ने कहा के गांव निवासियों का सुनो कम से कम स्कूली बच्चों की तो फरयाद सुन लो, या फिर हादसा होने के बाद ही कोई एक्शन लिया जाएगा।

पुरे नगला रोड़ पर सीवरेज डाली गई है, नगला रोड पर टाइल्स लगाने का काम हमारा है गांव के अंदर स्कूल को जाने वाली सड़क पर टाइल्स लगाने का काम नगर परिषद का है। हमने सीवरेज लाइन बिछाने के बाद सड़क पर टाइल्स बिछानी शुरू कर दी है। बाकी काम नगर परिषद का है।

**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज बोर्ड।**

यह काम सीवरेज बोर्ड का है। यदि हमारा काम है तो स्कूल के कारण काम पहल के आधार पर किया जाएगा। हमने पहले यहां गटका बिछा दिया था ताकि बच्चों को आने जाने में समस्या ना आए। जैसे ही मिट्टी सुख जाएगी टाइल्स लगाने का काम शुरू करवा दिया जाएगा।

**ईशान कुमार, जेई नगर परिषद जीरकपुर।**

सम्पादकीय

# ब्रिक्स देशों की एकजुटता अमेरिका को डरा रही

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स के सदस्य देशों की सफल बैठक और इसमें भारत को अगले वर्ष के लिए अध्यक्ष के रूप में चुना जाना देश के लिए गौरव की बात है। इस समय दुनिया में अनेक संघर्ष जारी हैं और अमेरिका पूरे विश्व पर अपना प्रभुत्व कायम करने के लिए प्रयासरत है। हालांकि तीसरी दुनिया के देशों के लिए अपनी जनता और उसके हित सर्वोपरि हैं। यही वजह है कि इन देशों ने पश्चिमी देशों के एकतरफा रूख के सापेक्ष ब्रिक्स का संचालन कायम रखा है। इस समय रूस, चीन,भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समेत 10 देश इसके सदस्य बन चुके हैं, इनमें संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, ईरान आदि देश भी शामिल हैं। गौरतलब है कि इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका फर्स्ट की नीति पर चल रहे हैं। उनकी यह नीति तीसरी दुनिया के देशों के लिए भी संकट है। अमेरिका चीन से खफा है, लेकिन वह भारत पर भी टैरिफ लगा चुका है। अब वह ब्रिक्स देशों को डरा रहा है कि इन पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। उसका यह भी कहना है कि ब्रिक्स अमेरिका विरोधी नीति अपना रहा है। गौरतलब है कि ब्रिक्स के साझा घोषणा पत्र में टैरिफ का विरोध किया गया है।

**गौरतलब है कि रूस, भारत, चीन और ब्राजील तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं और वैश्विक सुधारों के पैरोकार भी हैं। हालांकि दुनिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों की दादागिरी बढ़ी है और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे इन्हीं देशों का हाथ है वहीं इजरायल-ईरान युद्ध में भी यही देश भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में भारत समेत दूसरे देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने हितों का संधान करें। क्या यह माना जाए कि चीन को यह बात समझ में आ रही है कि भारत के साथ दुश्मनी के बजाय दोस्ती से वह और ज्यादा कुछ हासिल कर सकता है, जोकि उसके देश के हालात को खराब होने से बचा सकते हैं। जाहिर है, परिवर्तन प्रकृति का नियम है, यह भी संभव है कि रूस के प्रभाव में चीन उस रास्ते पर जाने से खुद को रोक रहा है, जोकि टकराव को बढ़ाता है।**

अगले वर्ष के लिए ब्रिक्स की अध्यक्षता मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने जिस प्रकार जी 20 की अध्यक्षता करते हुए इसकी नई परिभाषा की, उसी प्रकार ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान नए संदर्भों में इस संगठन को आगे ले जाया जाएगा। जाहिर है, ब्रिक्स की सदस्यता भारत को उस समय हासिल हुई है, जब वह दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और ब्रिक्स में शामिल देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रयास करें। अब कहा जा रहा है कि ब्रिक्स के देश अगर अपनी करंसी में व्यापार करते हैं, तो इससे डॉलर कमजोर हो जाएगा और डॉलर पर असर पड़ता है तो अमेरिका की मोलभाव की यह नीति कमजोर पड़ सकती है। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स देशों को धमका रहे हैं। गौरतलब है कि ब्रिक्स के सदस्य देश दक्षिण अफ्रीका पर अमेरिका ने 40 फीसदी टैरिफ लगाया है। यह भी सामने आ रहा है कि चीन इस समय ब्रिक्स देशों के जरिये ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों का लीडर बनने की चाहत रखता है। चीन की वैश्विक व्यापार में अभी की हिस्सेदारी 15 फीसदी से अधिक है, जबकि अमेरिका की हिस्सेदारी मुश्किल से 10 फीसदी है। इसी से समझा जा सकता है कि आखिर अमेरिकी हितों के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इतने उत्तेजित क्यों है। हालांकि नए संदर्भों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना ब्रिक्स देशों को नई उम्मीद बंधाता है कि क्षमता निर्माण, सहयोग व सतत विकास के लिए अन्वेषण को आगे बढ़ाया जाएगा। ब्रिक्स देशों की एकता वैश्विक अर्थव्यवस्था में नए गुल खिला सकती है। मोदी ने यह भी कहा है कि ग्लोबल साउथ के विषयों को ब्रिक्स के एजेंडे में जगह दिलाई जाएगी यानी विकासशील देशों के संबंध में योजनाओं को फलीभूत कराया जाएगा।

गौरतलब है कि रूस, भारत, चीन और ब्राजील तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं और वैश्विक सुधारों के पैरोकार भी हैं। हालांकि दुनिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों की दादागिरी बढ़ी है और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे इन्हीं देशों का हाथ है वहीं इजरायल-ईरान युद्ध में भी यही देश भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में भारत समेत दूसरे देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने हितों का संधान करें। क्या यह माना जाए कि चीन को यह बात समझ में आ रही है कि भारत के साथ दुश्मनी के बजाय दोस्ती से वह और ज्यादा कुछ हासिल कर सकता है, जोकि उसके देश के हालात को खराब होने से बचा सकते हैं। जाहिर है, परिवर्तन प्रकृति का नियम है, यह भी संभव है कि रूस के प्रभाव में चीन उस रास्ते पर जाने से खुद को रोक रहा है, जोकि टकराव को बढ़ाता है। ब्रिक्स सम्मेलन की सफलता इसमें भी है कि अब करीब 40 देशों ने इसकी सदस्यता हासिल करने के लिए आग्रह किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के बीच कारोबार को बढ़ावा देते हुए अमेरिकी डालर की हिस्सेदारी कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। अगर स्थानीय मुद्रा में कारोबार को बढ़ावा दिया जाता है तो इससे डॉलर की कीमत पर असर पडना स्वाभाविक है। इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था डॉलर के आसपास घूमती है और इसी वजह से अमेरिका को दुनिया के देशों से मोलभाव करने में आसानी होती है।

# आत्मविश्वास, संतुलन व संवाद से मोदी ने ब्रिक्स को बनाया विकासशील देशों की आशा का मंच



2025 की ब्रिक्स शिखर बैठक ने एक बार फिर यह साबित किया है कि यह समूह न केवल वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में संतुलन लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन और भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थायी भूमिका को रेखांकित किया है। इस बैठक में जहां एक ओर भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूती दी, वहीं दूसरी ओर चीन, रूस और ब्राजील जैसे अहम सहयोगियों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने की पहल भी की।

ब्रिक्स बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की बात करें तो आपको बता दें कि उनका आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद देखने लायक था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में तीन स्तरों पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

1. ग्लोबल साउथ का नेतृत्व- विकासशील देशों की समस्याओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखते हुए भारत ने 'Global South Voice' बनने की भूमिका निभाई।
2. संवाद के माध्यम से मतभेदों का समाधान- बिना टकराव के, संवाद और संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत ने चीन और रूस दोनों के साथ अपने हितों को स्पष्ट रूप से रखा।
3. सतत विकास और समावेशी वैश्वीकरण- डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, हरित ऊर्जा, और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण साझा किया।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और संतुलनकर्ता की भूमिका निभा रहा हैङ्क वह भी आत्मविश्वास, गरिमा और स्थिरता के साथ। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल की सराहना करते हुए ब्रिक्स देशों को इस अनुभव से सीख लेने की सलाह दी और आत्मनिर्भर भारत की नीति को वैश्विक आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जोड़ा और कहा कि एक-दूसरे पर निर्भर होकर भी आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सकते हैं।

देखा जाये तो ब्रिक्स शिखर बैठक 2025 ने यह सिद्ध किया कि यह मंच अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और व्यावहारिक महत्व का बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट, दूरदर्शी और समावेशी विचारों ने भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को उजागर किया। आने वाले वर्षों में ब्रिक्स भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माता के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनता रहेगा।

इसके अलावा, ब्रिक्स समूह की ओर से पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना और आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त न करने' का दृष्टिकोण अपनाना तथा इससे मुकाबला करने में दोहरे मापदंड त्यागने के भारत के रुख को दोहराना, भारतीय विदेश नीति की एक बड़ी जीत है। हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में हुई क्वॉड की बैठक में भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी थी। क्वॉड सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जबरदस्त विरोध करते हुए जो संयुक्त बयान जारी किया था उसका एक एक शब्द दर्शा रहा था कि भारत की बुलंद आवाज का विश्व भर में कितना असर हुआ है।

उधर, ब्रिक्स बैठक 2025 के प्रमुख निष्कर्षों पर गौर करें तो आपको बता दें कि इस वर्ष की बैठक में जो बड़े निर्णय हुए उसके तहत सदस्यों देशों ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक करेंसी सिस्टम विकसित करने पर चर्चा की। साथ ही कई नए विकासशील देशों को 'ब्रिक्स+' के तौर पर जोड़ने की दिशा में सहमति बनी, जिससे समूह का वैश्विक प्रभाव और व्यापक होगा। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और ढ्ढरूस्न जैसे संस्थानों में विकासशील देशों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही सतत विकास, हरित ऊर्जा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में सहयोग को बढ़ाने का निर्णय हुआ। इसके अलावा, ग्लोबल साउथ में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और संघर्ष समाधान पर संयुक्त दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया गया।

भारत की दृष्टि से ब्रिक्स के महत्व की बात करें तो आपको बता दें कि ब्रिक्स भारत को पश्चिमी दबावों से स्वतंत्र होकर अपनी विदेश नीति निर्धारित करने की स्वतंत्रता देता है। रूस और चीन जैसे पड़ोसी राष्ट्रों के साथ मंच साझा कर भारत अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करता है।

इसके अलावा, भारत ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) का नेतृत्व करता है, जिससे उसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से भारत को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वैकल्पिक वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, जो IMF/World Bank जैसे पश्चिमी संस्थानों पर निर्भरता को कम करती है। इसके अलावा, भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को ब्रिक्स देशों का सहयोग मिलने से वैश्विक स्तर पर स्वीकृति और समर्थन मिलता है।

ब्रिक्स सदस्यों के साथ भारत के संबंधों की बात करें तो आपको बता दें कि इस मंच पर भारत और चीन का आमना-सामना उस समय हुआ जब सीमा विवादों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। देखा जाये तो भारत-चीन संबंधों में ब्रिक्स एक रणनीतिक dialogue buffer की भूमिका निभा रहा हैङ्क जहां सहयोग की संभावना है, लेकिन सतर्कता भी आवश्यक है।

इसके अलावा, ब्रिक्स के मंच पर भारत और रूस के संबंधों में गर्मजोशी साफ दिखी। यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत ने रूस के साथ ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी को बनाए रखा है। भारत ने रूस से तेल आयात, रक्षा आपूर्ति और परमाणु ऊर्जा सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही भारत ने ब्रिक्स मंच से कोई पक्ष नहीं लिया, बल्कि रूस के साथ संबंधों को रणनीतिक संतुलन के रूप में प्रस्तुत किया। देखा जाये तो भारत-रूस संबंध ब्रिक्स के भीतर भारत की 'नॉन-वेस्टर्न मैत्री नीति' का आधार स्तंभ बने हुए हैं।

जहां तक ब्राजील के साथ संबंधों की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और ब्राजील, दोनों ग्लोबल साउथ के अगुवा हैं। ब्रिक्स बैठक में इन दोनों देशों की सहभागिता विशेष रूप से कृषि, जलवायु और डिजिटल समावेशन के क्षेत्र में मजबूत हुई। इसके अलावा, ब्राजील के पास जैव ईंधन की प्रचुरता है और भारत हरित ऊर्जा में अग्रणी बनना चाहता है- यह साझा लक्ष्य स्पष्ट रूप से उभर कर आया। साथ ही भारत ने ब्राजील के साथ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मज़बूत करने पर बल दिया। इसके अलावा, दोनों देशों ने वैश्विक संस्थानों में सुधार और ग्लोबल साउथ की भूमिका बढ़ाने पर सहमति जताई। देखा जाये तो भारत-ब्राजील साझेदारी ब्रिक्स को "Global South Strategic Engine" का स्वरूप प्रदान कर सकती है।

हम आपको बता दें कि ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है क्योंकि यह विश्व की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ लाता है, जो वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाला ब्रिक्स एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय मंच है जो विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की आवाज़ को वैश्विक मंच पर बुलंद करता है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन और ब्रिक्स बैठक से इतर उनकी द्विपक्षीय मुलाकातों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि एक निर्णायक वैश्विक भागीदार बन चुका है। भारत अब पश्चिम और ग्लोबल साउथ के बीच एक 'ब्रिज' की भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों की यात्रा ने भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की परिकल्पना को वैश्विक मंचों पर पुनः सशक्त किया है। ब्राजील जैसे देशों के साथ संबंधों को नया आयाम देकर भारत ने यह साबित किया है कि वह न केवल आर्थिक शक्ति है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी विश्व नेतृत्व का सक्षम दावेदार है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### संयुक्त संसदीय समिति शेयर घोटाले की जांच करेगी

नई दिल्ली। आज वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने संसद के दोनों सदनों को बताया कि शेयर घोटाले की संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच की जाएगी। इससे पूर्व वित्तमंत्री के प्रतिभूति घोटाले पर कल के बयान पर बहस शुरु हुई। वित्तमंत्री ने बताया कि वित्तीय क्षेत्रों में अनियमितताओं की जांच का काम इस संयुक्त संसदीय समिति द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अध्यक्ष शिवराज पाटिल से आग्रह किया कि ऐसी समिति गठित की जाए जो जांच का काम शीघ्र कर सके। प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने संसद में बताया कि संयुक्त संसदीय समिति गठित करने में अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों को आम राय बनी है। भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी ने वित्तमंत्री के कल के बयान की चर्चा करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि वह उत्पन्न स्थिति की सही जानकारी नहीं दे रही।

### रेल दुर्घटना में 15 व्यक्तियों की मौत, 20 घायल

नागपुरः यहां से लगभग 130 कि.मी. दूर अहमदाबाद-हावड़ा के बीच एक्सप्रेस नवजीवन के 11 डिब्बे पटरी से उतर जाने पर कम से कम 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा अन्य 20 लोग घायल हो गये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज तड़के सुबह 5 बजे तलनी कस्बे के निकट यह दुर्घटना हुई। घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती किया गया है। वर्धा से चिकित्सक दल ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को उचित उपचार प्रदान किया। केंद्रीय रेल मंत्री श्री सी.के. जाफर शरीफ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने इस दुर्घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है तथा मृतकों के परिवारों के प्रति सम्वेदना प्रकट की है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंचे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1944 ब्रिटेन और कनाडा के बलों ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के एक शहर केन पर कब्जा कर लिया। फ्रांस के आक्रमण के बाद शहर को नाजी जर्मनों द्वारा नियंत्रित किया गया था। लड़ाई को नॉरमैंडी की लड़ाई के रूप में जाना जाता था।

1944 अमेरिका ने सायपन की लड़ाई जीत में हासिल की।

1958 516 मीटर (1,693 फीट) ऊँचा मेगात्सुनामी, उच्चतम सदाबहार, लिटुआ खाड़ी, अलास्का, अमेरिका।

1962 पॉप कला के लिए एक प्रारंभिक क्षण में, एंडी वारहोल के कैंपबेल के सूपकैन्स प्रदर्शनी लॉस एंजिल्स में फेरस गैलरी में खोला गया।

1972 सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

1981 निन्टेंडो ने आर्केड गेम डोंकी कोंग जारी किया, जिसमें मारियो की शुरुआत हुई, जो वीडियो गेम के इतिहास के सबसे प्रसिद्ध पात्रों में से एक था।

1986 न्यूजीलैंड में समलैंगिकता को वैध कर दिया गया था। समलैंगिक सुधार कानून अधिनियम न्यूजीलैंड की संसद द्वारा पारित किया गया था। यह कानून उन व्यक्तियों पर लागू होता था जिनकी आयु 16 वर्ष या उससे अधिक थी। यह निर्णय दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया।

1991 दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा भाग लेने की अनुमति मिली।

1995 श्रीलंकाई गृहयुद्ध-बाद में नागरिकों को पूजा के स्थानों पर ले जाने के लिए सलाह दी गई, श्रीलंका की वायु सेना ने नवली में एक चर्च पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 125 लोग मारे गए।

2002 इथोपिया की राजधानी आदिस अबाबा में अफ्रीकी संघ की स्थापना। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति थाबो म्बेकी इसके पहले अध्यक्ष बने।

2006 साइबेरिया के इरकुर्तसक हवाई अड्डे के रनवे पर शिबिर एयरलाइंस ए 310 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 122 लोगों की मौत।

2011 अफ्रीका का सूडान दो हिस्सों में बंट गया। दक्षिणी हिस्सा रिपब्लिक ऑफ साउथ सूडान बना।

## बोल ब्यूटीफुल

**हर्ष गोयनकाः** किसी भाषा के प्रति सम्मान भीतर से उमड़ी भावनाओं के जरिये उपजना चाहिए, न कि लोगों को डरा-धमका कर। अगर कोई व्यक्ति दूसरी भाषा सीखना चाहता है तो उसे प्रोत्साहित किया जाए। अगर लोगों को कोई भाषा नहीं आती तो इसके लिए उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। महाराष्ट्र की प्रकृति बहुत आधुनिक राज्य वाली है। वहां किसी प्रकार के अनुचित तौर तरीके नहीं चलने वाले।



**दिवा जैनः** आकार लेने से पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौता ऊहापोह से गुजर रहा है। मुझे लगता है कि अगर वियतनाम, चीन, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से कम टैरिफ लगाया जाता है तो इससे भारत को बहुत ज्यादा समस्या नहीं होगी।

# बिहार की कानून व्यवस्था और 243 सीटों को लेकर चिराग पासवान के बोले- सिर्फ बयान या भविष्य की राजनीति का संकेत?

बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव से लेकर विपक्षी गठबंधन में शामिल तमाम राजनीतिक दल राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिहार की जनता को लालू यादव-राबड़ी देवी के जंगलराज की लगातार याद दिला रहे जेडीयू और भाजपा के नेता सरकार के पक्ष में तर्क दे रहे हैं।

लेकिन एनडीए गठबंधन में शामिल और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान ने एनडीए गठबंधन में खासकर जेडीयू नेताओं में खलबली मचा दी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके में एक बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या को लेकर अपनी ही गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने बहुत ही तल्ख अंदाज में इस हत्या को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह हत्याकांड इस बात का संकेत है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। चिराग की पार्टी ने उनके बयान के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। चिराग ने नीतीश सरकार पर सीधा-सीधा हमला बोलते हुए कहा, जिस तरह से बिहार में अपराध बढ़ा है और कानून-व्यवस्था जिस तरह से ध्वस्त हुई है, यह चिंता का विषय है। मैं केवल एक व्यापारी की हत्या को लेकर नहीं कह रहा हूं हालांकि यह भी चिंता का विषय है क्योंकि ऐसी जगह पर यह घटना घटी है जो पटना का एक पॉश इलाका है। 100 मीटर की दूरी पर जहां थाना है और अधिकारियों के घर हैं। यदि यहां पर ऐसी घटना घट रही है तो सोचिए गांव-देहात में क्या हो रहा होगा? अगर बिहार में एक भी हत्या होती है तो सरकार और प्रशासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कहां चूक हुई है, इसे हमें सुधारना होगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके हमें एक उदाहरण देना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना घटे। चिराग पासवान का यह बयान विपक्षी नेताओं के बयानों को और ज्यादा मजबूती देता हुआ नजर आता है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की बात करने वाले नीतीश कुमार बिहार की कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे हैं,अपराधी बेखौफ हो चुके हैं और सुशासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।



ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि आखिर केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान के मायने क्या है? वह चाहते क्या हैं? यह कोई पहला मौका नहीं है जब चिराग पासवान ने अपने बयान से बिहार की नीतीश सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा की हो। इससे पहले भी वो लगातार कई मौकों पर बिहार की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बता चुके हैं।

बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर भी चिराग पासवान ने एनडीए गठबंधन के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर रखी है। एक तरफ वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आधिकारिक आवास पर सीट बंटवारे को लेकर हुई बैठक में शामिल होते हैं, लगातार एनडीए गठबंधन को चुनाव में विजयी बनाने की बात करते हैं, बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं होने की बात कहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हैं। चिराग पासवान के विरोधाभासी बयानों ने बिहार की राजनीति को उलझा दिया है। जरा उनके और उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती के कुछ बयानों पर नजर डालिए। एक तरफ जहां चिराग कह रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है तो दूसरी तरफ वह खुद विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इतना ही नहीं वह बिहार को विकसित बिहार बनाने के लिए बिहार जाने की बात कर रहे हैं। छपरा में एक बार फिर उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने की बात को दोहराते हुए कहा कि, 'आज सारण की इस पावन धरती से, आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा।' इससे पहले उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती एक वीडियो जारी कर चिराग पासवान के शाहाबाद क्षेत्र से चुनाव लड़ने का संकेत दे चुके हैं। अरुण भारती को चिराग पासवान ने पार्टी का चीफ व्हिप भी बनाया हुआ है और वह लगातार यह भी बयान दे रहे हैं कि बिहार चिराग पासवान को बुला रहा है। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अगर बिहार एनडीए गठबंधन में शामिल चिराग पासवान को बुला रहा है ( बकौल लोजपा नेता) तो फिर नीतीश कुमार कहां जाएंगे? और अगर बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है (जैसा कि चिराग पासवान ने स्वयं कई बार कहा है) तो क्या वह केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री का पद और सांसदी सिर्फ एक विधायक बनने के लिए छोड़ेंगे ? उनकी पार्टी को एनडीए गठबंधन में किसी भी सूरत में 30 से ज्यादा सीटें नहीं मिलने वाली है, यह जानने के बावजूद एक तरफ जहां चिराग पासवान बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ने का दावा कर रहे हैं तो साथ ही एनडीए गठबंधन को जीत दिलाने की भी बात कह रहे हैं।

साफ जाहिर हो रहा है कि चिराग पासवान बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर या तो स्वयं कंफ्यूज हैं या फिर अंतिम समय तक बीजेपी और जेडीयू को दुविधा में रखना चाहते हैं। क्योंकि अगर गठबंधन में सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करने के लिए वह इस तरह का विरोधाभासी बयान दे रहे हैं तो फिर लॉन्ग टर्म में इसका खामियाजा उन्हें ही उठाना पड़ सकता है। लेकिन चिराग ने अपने बयानों से बिहार में ऐसे हालात जरूर पैदा कर दिए हैं कि उनके सहयोगी उन्हें शंका और विरोधी उम्मीद की नजरों से देख रहे हैं।

# जिला कांगड़ा को 558 करोड़ रुपये की दो बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को मिली केंद्रीय स्वीकृति : अग्निहोत्री

ज्वाली, शाहपुर, ज्वालामुखी तथा देहरा के लगभग 160 गांव होंगे लाभान्वित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 8 जुलाई।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के कांगड़ा जिला के लिए दो महत्वपूर्ण मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को केंद्र सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से जिला कांगड़ा के लगभग 160 गांवों को सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी जिससे हजारों किसान लाभान्वित होंगे तथा कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित ''सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना'' को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना लगभग 219 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जाएगी।

इस परियोजना के माध्यम से ज्वाली और शाहपुर विधानसभा क्षेत्रों के 45 गांवों की 2,186 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे लगभग 24,120 ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा। यह क्षेत्र अब तक वर्षा पर आधारित पारंपरिक कृषि प्रणाली पर निर्भर था, जहां सिंचाई के अभाव में किसान अनेक कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। परियोजना के कार्यान्वयन से अब खरीफ और रबी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि तथा कृषक आय में बढ़ोतरी होगी।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ज्वालामुखी और देहरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए 339 करोड़ रुपये की एक अन्य मध्यम सिंचाई परियोजना को भी तकनीकी मंजूरी प्रदान की गई है। इस परियोजना से 116 गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। यह क्षेत्र भी लंबे समय से सिंचाई अवसंरचना की कमी से प्रभावित था।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ावा देंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेंगी। निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाएगी और युवाओं को प्रशिक्षित कर तकनीकी कार्यों में भी शामिल किया जाएगा।

इन परियोजनाओं से भू-जल संरक्षण, फसल विविधता को बढ़ावा और जल उपयोग दक्षता में सुधार जैसे बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से भी लड़ने में सहायता मिलेगी।

### परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया जल्द होगी पूर्ण

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य को समयबद्ध शुरू किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में देरी न हो और परियोजना के सभी प्रशासनिक व तकनीकी पहलुओं को पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और प्रदेश के 'हर खेत को पानी' के लक्ष्य की ओर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से प्रदेश में किसानों के सुरक्षित भविष्य के लिए समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 23 वर्षों के बाद पैरा मेडिकल सीटें बढ़ाईं

विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी के दृष्टिगत लिया गया निर्णय

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 8 जुलाई।** प्रदेश सरकार ने लगभग 23 वर्षों के अंतराल के बाद चिकित्सा क्षेत्र में तकनीशियन पाठयक्रमों के लिए सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी के दृष्टिगत लिया गया है। इससे लंबे समय से प्रदेशभर में गुणात्मक स्वास्थ्य देखभाल सेवायें प्रदान करने पर प्रभाव पड़ रहा है और आधुनिक मशीनों तथा अन्य उपकरणों के उपयोग के लिए प्रशिक्षित श्रम शक्ति की आवश्यकता है और इस निर्णय से प्रदेश के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में पैरामेडिकल स्टाफ की सीटें बहुत कम हैं और प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला तथा डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, जिला कांगड़ा में यह सीटें को बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आईजीएमसी शिमला में बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक, बीएससी रेडियो और इमेजिंग, बीएससी एनेस्थीसिया और ओटी तकनीक में प्रत्येक पाठयक्रम की सीटें 10 से बढ़ाकर 50 की गई हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक, बीएससी रेडियोलॉजी और इमेजिंग तथा बीएससी एनेस्थीसिया और ओटी तकनीक में प्रत्येक पाठयक्रम की सीटें 18 से बढ़ाकर 50 की गई हैं, ताकि प्रदेश के युवाओं को राज्य में ही प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से राज्य के अधिक युवाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा, जिससे उन्हें राज्य के बाहर स्थित संस्थानों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में पदों का सृजन और उन्हें भरने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसके अलावा, नर्सिंग और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण के अवसर भी बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल न केवल राज्य में प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। प्रदेश सरकार लोगों को उनके घर के समीप विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को एम्स दिल्ली के समान विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने वाली व्यवस्था बनाने के ध्येय से कार्य कर रहे हैं और यह पहल इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री ने पत्रकार संजय ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 8 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यहां साप्ताहिक समाचार-पत्र पाटन, शिमला के संपादक संजय ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका मंगलवार को लंबी बीमारी के कारण चंडीगढ़ में 42 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि संजय ठाकुर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते थे। पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा स्मरण किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# मंडी में आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए परवाणू के लोग

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 8 जुलाई।** सोलन जिला की औद्योगिक नगरी परवाणू के उद्योगपति व समाजसेवी मंडी जिला में भारी बारिश के कारण प्रभावित परिवारों की मद्द के लिए आगे आए हैं। मंगलवार को परवाणू से मंडी जिला के जंजैहली क्षेत्र के लिए राहत सामग्री से भरा ट्रक रवाना किया। गया। परवाणू के समाजसेवी सुरेंद्र संदल, निशांत चौहान,केतन पटेल रविंद्र प्रकाश गर्ग, सुरेंद्र बंसल, हेमंत शर्मा, संदीप गोयल हैप्पी सहगल, मुकेश साहनी,धर्मपाल शर्मा, मनीषा शर्मा, निशा शर्मा,ठाकुर दास व लखविंद्र सिंह ने जारी बयान में बताय कि दुख की इस घड़ी में पूरा प्रदेश मंडी जिला के विभिन्न इलाकों में त्रासदी के समय प्रभावित परिवारों के साथ है।

# पाइनग्रोव के निदेशक बीएसएआई के अध्यक्ष चुने गए

कैप्टन एजे सिंह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद् हैं और अपने साथ विशिष्ट सेवा और परिवर्तनकारी नेतृत्व की विरासत लेकर आए हैं

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 8 जुलाई।** सोलन जिला के प्रतिष्ठित स्कूल पाइनग्रोव के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह को सर्वसम्मति से वर्ष 2025-2027 के लिए भारतीय बोर्डिंग स्कूल संघ (बीएसएआई) का अध्यक्ष चुना गया है। यह घोषणा देहरादून के दून स्कूल में आयोजित बीएसएआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान की गई, जो भारत में आवासीय विद्यालय नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। कैप्टन एजे सिंह शिक्षा के क्षेत्र में एक दिग्गज हैं और अपने साथ आवासीय विद्यालय शिक्षा में दूरदर्शी नेतृत्व और परिवर्तनकारी प्रभाव की एक शानदार विरासत लेकर आए हैं।

हिमाचल प्रदेश के एक पूर्ण बोर्डिंग स्कूल पाइनग्रोव स्कूल के संस्थापक प्रधानाध्यापक के रूप में, उन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता, समग्र विकास और मूल्य-आधारित शिक्षा में लगातार अनुकरणीय मानक स्थापित किए हैं।

उनके अग्रणी कार्य ने न केवल संस्थागत मानकों को ऊँचा किया है, बल्कि देश भर में शिक्षकों की एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित भी किया है। कैप्टन एजे सिंह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद् हैं और अपने साथ विशिष्ट सेवा और परिवर्तनकारी नेतृत्व की विरासत लेकर आए हैं। उन्हें 2018 में इंडियन पब्लिक स्कूल्स कॉन्फ्रेंस का अध्यक्ष चुना गया और 2021-25 तक बीएसएआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

उन्होंने 2019-22 तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य के रूप में भी कार्य किया और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन धर्मशाला के मनोनीत सदस्य हैं। उन्हें हिमाचल प्रदेश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेरणा स्रोत सम्मान' से भी सम्मानित किया गया, जिसे हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 2023 में हिमाचल प्रदेश के 75वें (प्लेटिनम जुबली) समारोह में प्रदान किया।

### इन शिक्षण संस्थानों ने बनाया एजे सिंह को शिक्षाद्वि...

लॉरेंस स्कूल, सनावर, एनडीए, आईएमए, जेएनयू, पीयू, एमडीयू और कॉलेज ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट, जबलपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के पूर्व छात्र, कैप्टन सिंह स्कूली शिक्षा में स्थिरता, पाठ्यक्रम नवाचार, नैतिकता और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध हैं। कैप्टन सिंह ने राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर शैक्षिक नीति को आकार देने और शैक्षणिक मानकों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीएसएआई के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति के साथ, एक नया अध्याय शुरू हुआ है – जो पूरे भारत में आवासीय स्कूल शिक्षा में समावेशिता और नवाचार द्वारा चिह्नित है। कैप्टन एजे सिंह के विजन से एसोसिएशन के 63 बोर्डिंग स्कूलों को अधिक सहयोगी, भविष्य के लिए तैयार और विश्व स्तर पर सक्षम शैक्षिक परिदृश्य की ओर ले जाने और देश भर के आवासीय स्कूलों को उनकी कार्यक्षमता और प्रणालियों में सुधार करने में मदद करने की उम्मीद है। कैप्टन सिंह के साथ, कसिगा स्कूल के प्रिंसिपल राशिद सरफुद्दीन को उपाध्यक्ष चुना गया; द दून स्कूल के हेडमास्टर जगप्रीत सिंह को सचिव चुना गया; और वेल्हम बॉयज स्कूल, देहरादून की प्रिंसिपल संगीता कैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। कैप्टन सिंह की बीएसएआई के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति, विशेष रूप से पाइनग्रोव स्कूल और सामान्य रूप से हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए बहुत गर्व की बात है।

# मुख्यमंत्री ने रहस्यमयी सेब रोग की वैज्ञानिक जांच के निर्देश दिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 8 जुलाई।** सेब उत्पादकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर, सेब के बगीचों में तेजी से फैल रही एक नई बीमारी से अवगत करवाया। इस बीमारी से उनकी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से इस बीमारी की वैज्ञानिक जांच तथा नियंत्रण के लिए शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया। बागवानों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बीमारी के कारण सेब के पत्ते पीले पड़ रहे हैं तथा समय से पहले ही गिरने लगे हैं, जिससे सेब की पैदावार में भारी गिरावट आ रही है।

मुख्यमंत्री ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, जिला सोलन के कुलपति से दूरभाष पर बात की तथा विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ टीमों को अविलम्ब प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस बीमारी की वैज्ञानिक जांच की जाए तथा बागवानों को जमीनी स्तर पर रोकथाम एवं नियंत्रण उपायों बारे शिक्षित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बीमारी तेजी से फैल रही है तथा बागवानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस स्थिति से यथाशीघ्र निपटना जरूरी है। उन्होंने कुलपति को सात दिनों के भीतर प्रदेश सरकार को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि यथाशीघ्र उचित कदम उठाए जा सकें। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार किसानों और फल उत्पादकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादन राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और हजारों परिवार इस क्षेत्र से अपनी आजीविका कमाते हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान भी उपस्थित थे।

## पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**सोलन, 8 जुलाई (अप्रस)।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचन के सम्बन्ध में आदेश जारी किए हैं। मनमोहन शर्मा ने यह आदेश हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 30 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार ज़िला सोलन के सभी खण्ड विकास अधिकारियों को पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचन के संचालन के लिए अपने-अपने खण्ड में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। मनमोहन शर्मा ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के रूप में उपयोग के लिए प्रस्तावित भवनों की पहचान और निरीक्षण कर 21 जुलाई, 2025 तक पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें।

## सांसद कश्यप ने मंडी भेजे 800 कंबल, आपदा में प्रभावित जनता के साथ सरकार



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**नाहन, 8 जुलाई।** भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने भारी बारिश के कारण प्रभावित परिवारों के लिए 800 कंबल वाली एक गाड़ी सिरमौर जिला से रवाना की। कश्यप ने बताया कि इस दुख की घड़ी में पूरा प्रदेश मंडी जिला के विभिन्न इलाकों में त्रासदी के समय प्रभावित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। भाजपा के सभी संगठन आत्मक जिलाओं में लगातार प्रभावित परिवारों के लिए राशन एवं बर्तन किट का निर्माण भी किया जा रहा है और भेजी भी जा रही है, अभी तक भाजपा ने 5000 से अधिक राशन किट और 1000 से अधिक बर्तन किट मंडी भेज दी है। भाजपा ने उचित व्यक्ति को उचित सामग्री पहुंचाने का कार्य किया और एक-एक घर को चिन्हित करते हुए आपदा राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य किया।

# ऊना वन मंडल में इस मानसून सीजन में रोपे जाएंगे 2.80 लाख पौधे

61 हेक्टेयर भूमि पर होगा पौधारोपण, लगाए जाएंगे 13 प्रजातियों के पौधे

54 हेक्टेयर पर बड़े जबकि 7 हेक्टेयर पर छोटे पौधे होंगे रोपित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 8 जुलाई।** वन मंडल ऊना में इस वर्ष मानसून सीजन के दौरान 2 लाख 80 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इन पौधों में जामुन, शीशम, खैर, आंवला और दरेक सहित कुल 13 प्रजातियां शामिल हैं। डीएफओ सुशील कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के चलते मिट्टी में पर्याप्त नमी है, जो पौधारोपण के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है।

सुशील कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 61 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है, जिसमें जुलाई और अगस्त महीने में 54 हेक्टेयर पर बड़े और 7 हेक्टेयर पर छोटे पौधे लगाए जाएंगे।

डीएफओ ने बताया कि राजीव गांधी संवर्द्धन योजना के अंतर्गत जिला के महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की मदद से यह पौधा रोपण किया जाएगा। इसके लिए 17 स्वयं सहायता समूहों का चयन किया गया है जिनके माध्यम से 28 हज़ार 800 पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पौधारोपण के बाद पौधों की देखरेख का कार्य भी महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा और फैंसिंग का कार्य विभाग द्वारा होगा। इसके अलावा पिछले सीज़न में किए गए पौधारोपण की मेंटेनेंस कार्य भी सुनिश्चित किया जाएगा जिसमें जिन पौधों का विकास नहीं हुआ हैं या क्षतिग्रस्त हुए हैं उनकी जगह नए पौधे रोपित किए जाएंगे। इस कार्य के लिए कुल 83 पौधे रोपित किए जाएंगे।

### किसानों की निजी भूमि पर खैर के 88 हज़ार पौधे होंगे रोपित

डीएफओ ने बताया कि किसानों को अपनी निजी भूमि पर पौधे रोपित करने के लिए 88 हज़ार खैर के पौधों का नि:शुल्क वितरण भी किया जाएगा ताकि आने वाले समय में उनकी आजीविका में भी सुधार हो सके और पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद मिल सके।

### एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत रोपित होंगे 5500 पौधे

उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत जिला के विभिन्न स्कूलों में 50 हज़ार पौधे और स्वास्थ्य संस्थानों में 5 हज़ार पौधे रोपित किए जाएंगे। डीएफओ ने बताया कि पर्यावरण को धार्मिक दृष्टि से देखते हुए पीपल, बिल, बरगद और शामिंग के 5 हज़ार पौधे भी रोपे जाएंगे। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि इस पौधारोपण अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लें ताकि धरती को हराभरा बनाया जा सके ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जलवायु और पर्यावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को पौधारोपण के लिए पौधे प्राप्त करनो चाहता है तो वह वन विभाग या विभागीय नर्सरी से सम्पर्क कर सकता है।

# देश भर से 100 से अधिक छात्र शूलिनी समर स्कूल 2025 में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 8 जुलाई।** स्कूली छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित दो सप्ताह का इमर्सिव कार्यक्रम शूलिनी यूनिवर्सिटी समर स्कूल 2025 रविवार को संपन्न हुआ।

मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चंडीगढ़, जालंधर, पुणे और अहमदाबाद जैसे शहरों के 100 से अधिक छात्रों ने कैंपस में आयोजित समर पेटेंट स्कूल और समर लैब प्रोग्राम में भाग लिया।

यह समर स्कूल शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अतुल खोसला के मार्गदर्शन में शुरू किए गए, जिनका मानना है कि युवा दिमागों को स्वतंत्र रूप से सोचने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए जल्दी ही सशक्त बनाया जाना चाहिए। प्रो. खोसला का विजन, इस विश्वास पर आधारित है कि ÷विचार मायने रखते हैं÷, ने पूरे कार्यक्रम की नींव रखी।

समर पेटेंट स्कूल ने छात्रों को बौद्धिक संपदा के मूल सिद्धांतों और पेटेंट योग्य विचारों को विकसित करने की प्रक्रिया से परिचित कराया। शूलिनी विश्वविद्यालय की बौद्धिक संपदा अधिकार टीम, हिमांशु शर्मा , रिचिका मेहता और दिशा के नेतृत्व में, कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को विचार विकास, नवाचार रूपरेखा और पेटेंट कानूनों को समझने में मदद की। इस पहल का समापन प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किए गए 20 से अधिक पेटेंट योग्य विचारों के साथ हुआ। उद्यमिता पर डॉ. विनय नेगी और नेतृत्व कौशल पर पायल खन्ना द्वारा आयोजित सत्रों ने छात्रों के सीखने को और गहराई दी।

इसके समानांतर, समर लैब प्रोग्राम ने तीन विषयगत क्षेत्रों के माध्यम से व्यावहारिक वैज्ञानिक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया। बायोटेक्नोलॉजी स्ट्रीम में, छात्रों ने अनुभवी शिक्षकों की देखरेख में विश्वविद्यालय की उन्नत प्रयोगशालाओं में माइक्रोबायोलॉजी, जेनेटिक्स और आणविक जीव विज्ञान का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। जनरेटिव एआई सेगमेंट ने डॉ. पंकज वैद्य, डॉ. पीयूष सेवल, डॉ. वलीद सालेही और डॉ. अभिषेक तोमर सहित विशेषज्ञों के नेतृत्व में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और नैतिक एआई उपयोग के माध्यम से मार्गदर्शन किया। एक तीसरी स्ट्रीम ने छात्रों को थिएटर और फिल्म निर्माण के माध्यम से विज्ञान संचार से परिचित कराया, जहाँ प्रसिद्ध एनएसडी के पूर्व छात्र और शूलिनी विव में अस्सिस्टेंट प्रोफेसर अंकुर बशर ने छात्रों को प्रदर्शन और कहानी कहने की तकनीकों का उपयोग करके जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को रचनात्मक रूप से संप्रेषित करने के लिए प्रशिक्षित किया।

समापन समारोह में बोलते हुए, कार्यक्रम प्रमुख विनम्र कौशल ने कहा कि दो सप्ताह के इस कार्यक्रम ने स्कूली छात्रों के लिए अपनी ताकत खोजने और नए विचारों के साथ गहराई से जुड़ने के लिए एक अनूठा स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शिक्षा और रचनात्मक अभिव्यक्ति के संयोजन से प्रत्येक स्ट्रीम में उत्कृष्ट परिणाम सामने आए और देश भर के छात्रों द्वारा लाई गई ऊर्जा और विविधता ने अनुभव को और भी समृद्ध बना दिया।

# आईआईआईटी ऊना को एनसीवीईटी द्वारा 'डीम्ड अवार्डिंग बॉडी (ड्युअल श्रेणी)' का दर्जा प्रदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 8 जुलाई।** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने नई शिक्षा नीति और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क को आगे बढ़ाने के लिए एक अहम कदम उठाया है। इसके तहत, इच्छुक राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआईएस) को 'डीम्ड अवार्डिंग बॉडी (ड्युअल श्रेणी)' का दर्जा दिया जा रहा है। इनमें आईआईटीएस, एनआईटीएस, आईआईएस ईआरएस, एनआईडीएस, आईआईएमएस और केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं। इसका उद्देश्य यह है कि ये संस्थान अपने नियमित पाठ्यक्रमों के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास को भी जोड़ सकें। इस पहल के तहत, आईआईआईटी ऊना ने 29 मई 2025 को अपनी रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की थी। विचार के बाद, सक्षम प्राधिकारी ने इस अनुरोध को स्वीकृति दी और संस्थान को 'डीम्ड अवार्डिंग बॉडी (ड्युअल श्रेणी)' का दर्जा प्रदान किया गया। 7 जुलाई 2025 को संस्थान को इसका मान्यता पत्र प्राप्त हुआ, जिससे वह अब स्वतंत्र रूप से व्यावसायिक और कौशल आधारित कार्यक्रमों को डिजाइन, शुरू और प्रमाणित कर सकेगा। आईआईआईटी ऊना जल्द ही छोटे और लंबे अवधि के कौशल विकास कार्यक्रमों की शुरुआत करेगा। इन कार्यक्रमों को इस तरह तैयार किया गया है कि वे छात्रों को व्यावहारिक और उद्योग से जुड़े कौशल सिखाएं, जिससे वे आज के बदलते जॉब मार्केट में बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। आने वाले समय में संस्थान इन कार्यक्रमों को नए और उभरते हुए क्षेत्रों में भी विस्तार देने की योजना बना रहा है। इन कार्यक्रमों को अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए संस्थान सामुदायिक जागरूकता और जुड़ाव पर भी विशेष ध्यान देगा। इसके तहत स्थानीय क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, जानकारी सत्र और वीकेंड वर्कशॉप्स आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं, स्कूल छोड़ चुके छात्रों, महिलाओं और वंचित वर्गों को ऐसे कौशल देना है, जिनसे उन्हें रोजगार या स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। प्रो. मनीष गौर, निदेशक, आईआईआईटी ऊना ने कहा, 'हमें एनसीवीईटी द्वारा 'डीम्ड अवार्डिंग बॉडी (ड्युअल श्रेणी)' के रूप में मान्यता मिलने पर गर्व है।

यह उपलब्धि हमारे उस लक्ष्य को मजबूत करती है जिसमें हम अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक और उद्योग से जुड़े कौशल भी छात्रों को देना चाहते हैं। यह मान्यता हमें पारंपरिक शिक्षा के साथ लचीले और कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों को शुरू करने का अवसर देगी, जिससे छात्र बदलते हुए रोजगार बाजार के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। हम एनसीवीईटी का आभार प्रकट करते हैं और भारत के कौशल-आधारित शिक्षा तंत्र को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने के लिए तत्पर हैं।'

# पंचकूला में स्वच्छ जल पर छाया संकट, घग्गर में जाने वाला हर नाला अत्यधिक प्रदूषित

पिंजौर शहर के नालों से एंट्रीटेड सीवरेज, पास की गौशाला से अपवाह, नगरपालिका के डंपिंग ग्राउंड से निकलने वाला कचरा और झुग्गी बस्ती से निकलने वाला पानी बांध के जलाशय को प्रदूषित कर रहा

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

पंचकूला। जिले से होकर बहने वाली नदियां और नाले अत्यधिक प्रदूषित हैं। वे लोगों के पीने के लिए उपयुक्त नहीं हैं और यहां तक कि खुले में नहाने के लिए भी अनुपयुक्त हैं। इस वर्ष फरवरी में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचकूला द्वारा लिए गए और मिलेजुले नमूनों से पता चला कि पंचकूला में हिमाचल प्रदेश-हरियाणा सीमा पर कौशल्या नदी का जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) स्तर 8.6 मिलीग्राम पर लीटर और रासायनिक ऑक्सीजन मांग (सीओडी) स्तर 52 मिलीग्राम पर लीटर था। परवाणू-कालका सीमा के पास झज्जरा नदी अधिक प्रदूषित है, जहां का बीओडी 10.8 मिलीग्राम पर लीटर और सीओडी 64 मिलीग्राम पर लीटर है, जो कौशल्या नदी के स्तर से अधिक है। पंचकूला में सुखना चो से मिलने से पहले घग्गर नदी का बीओडी स्तर 9.8 मिलीग्राम पर लीटर और सीओडी स्तर 56 मिलीग्राम पर लीटर था।

तय मानदंडों के अनुसार, नदियों के लिए, स्वस्थ जल निकायों के लिए आदर्श बीओडी ए स्तर 63 मिलीग्राम पर लीटर या उससे कम होना चाहिए, जबकि सीओडी का स्तर आदर्श रूप से 10 मिलीग्राम पर लीटर से कम होना चाहिए, लेकिन जिले में यह स्तर बहुत अधिक है, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। जबकि, नालों के लिए, बीओडी 9 की सीमा अक्सर आदर्श रूप से 30 मिलीग्राम पर लीटर तय की जाती है, जबकि सीओडी की सीमाएं अलग-अलग होती हैं, लेकिन आम तौर पर 250 से 500 पीपीएम की सीमा के भीतर होती हैं। घग्गर नदी में बहने वाले चंडीमंदिर गांव (बुर्ज कोटियन फ्लाईओवर) के नाले से एकत्र किए गए नमूने में बीओडी का स्तर 145 मिलीग्राम/लीटर और सीओडी का स्तर 488 मिलीग्राम/लीटर था। इसी तरह, घग्गर से पहले ककराली गांव के नाले में बीओडी का स्तर 120 मिलीग्राम/लीटर और सीओडी का स्तर 440 मिलीग्राम/लीटर था।



### प्रदूषण बोर्ड की नमूना रिपोर्ट

पंचकूला में हिमाचल प्रदेश-हरियाणा सीमा पर कौशल्या नदी: 8.6 मिलीग्राम लीटर बीओडी स्तर; 52 मिलीग्राम लीटर सीओडी
परवाणू-कालका सीमा के पास झज्जरा नदी: 10.8 मिलीग्राम लीटर बीओडी, 64 मिलीग्राम लीटर सीओडी
पंचकूला में सुखना चोई से मिलने से पहले घग्गर नदी: 9.8 मिलीग्राम लीटर बीओडी; 56 मिलीग्राम लीटर सीओडी
नदियों के मानदंडों के अनुसार, स्वस्थ जल निकायों के लिए बीओडी का स्तर 3 मिलीग्राम लीटर या उससे कम होना चाहिए, जबकि सीओडी का स्तर आदर्श रूप से 10 मिलीग्राम लीटर से कम होना चाहिए।

### अपशिष्ट छोड़ने से पहले हो मानकों का पालन

घग्गर बचाओ अभियान की सह-संस्थापक तपस्या शर्मा ने आरटीआई अधिनियम के तहत यह रिपोर्ट हासिल की। उनका कहना है है कि सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। सबसे पहले, सरकार को औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियम लागू करने चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रदूषक जल निकायों में अपशिष्ट छोड़ने से पहले अपशिष्ट उपचार मानकों का पालन करें। दूसरे, डंपिंग यार्ड में आस-पास के अनुपचारित कचरे के कारण नदी और भूजल में रिसने वाले रसायनों को तत्काल आधार पर संसाधित किया जाना चाहिए ताकि न तो भूजल और न ही पास की नदी प्रदूषित हो। अंत में, सरकार को भविष्य में प्रदूषण को रोकने के लिए उल्लंघन के लिए दंड लागू करने पर विचार करना चाहिए, जिसका उद्देश्य अंततः एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र और बेहतर नदी जल गुणवत्ता प्राप्त करना है। घग्गर बचाओ अभियान के सह-संस्थापक मोहित गुप्ता ने कहा कि निकट भविष्य में कौशल्या बांध से पंचकूला शहर के निवासियों को पानी की आपूर्ति करने की योजना एक बहुत ही संवेदनशील और गंभीर मुद्दा है। घग्गर में जाने वाला हर नाला अत्यधिक प्रदूषित है, इसलिए बांध का पानी भी उसी तरह का जोखिम रखता है। किसी भी तरह का उपचार इसे मानव उपभोग के लिए सुरक्षित नहीं बना सकता।

### दूषित हो रहा कौशल्या का पानी

शिवालिक विकास मंच के अध्यक्ष विजय बंसल ने बताया कि 2012 में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कौशल्या बांध का उद्देश्य एक उपचार संयंत्र के माध्यम से पंचकूला के शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि पिंजौर शहर के नालों से एंट्रीटेड सीवरेज, पास की गौशाला से अपवाह, नगरपालिका के डंपिंग ग्राउंड से निकलने वाला कचरा और झुग्गी बस्ती से निकलने वाला पानी बांध के जलाशय को प्रदूषित कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा ही चलता रहा, तो निवासियों को आपूर्ति किया जा रहा दूषित पानी एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकता है। वर्तमान में, बांध से पिंजौर को पानी की आपूर्ति की जाती है।

# हत्या के मामले में फरार आरोपी काबू



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** यूटी साउथ डिविजन पुलिस की टीम ने महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव बुडैल के रहने वाले 35 वर्षीय शंकर महाली के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।इस मामले में यूटी पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन ने मामले को सुलझाया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महिला सेक्टर 39 निवासी ने पुलिस को बताया था कि वह घर में सफाई का काम करती है।उसकी मौसी की लड़की अपनी 6 साल की बेटी के साथ गांव बुडैल में शंकर के साथ किराए पर रहती थी। घटना वाले दिन शाम करीब साढ़े पांच बजे काम से फ्री होकर अपनी बहन से मिलने उसके घर आई। तो देखा कि उसकी बहन फर्श पर बेहोश पड़ी थी और उसके शरीर पर कई चोट के निशान थे। मुझे पड़ोस से पता चला कि शंकर का उसकी बहन से झगड़ा हुआ था और वह चला गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

महिला को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# पत्रकारिता सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का कार्य: कृष्ण कुमार बेदी



पंचकूला रेड बिशप में पत्रकारों के कार्यक्रम में की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि पत्रकारिता सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का कार्य है जिसे जुनून के बिना कोई नहीं निभा सकता। श्री बेदी ने यह बात पंचकूला स्थित रेड बिशप में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वालों को एक साथ कई मोर्चों पर लड़ाई लड़नी होती है। पत्रकारिता की राह आसान नहीं है यह बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य है। हम सभी त्यौहार मनाते हैं उसकी छुट्टी भी होती है, लेकिन पत्रकारों की कभी छुट्टी नहीं होती।

सुबह उठते ही उलाहना सबसे पहले पत्रकार को मिलता है। चाहे इंतजार करने की बात हो या सहनशीलता की या समयबद्धता की, पत्रकार इन सब बातों को ध्यान में रखकर ही अपने कार्य को बखूबी अंजाम दे पाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि हरियाणा सरकार ने श्री मनोहर लाल के मुख्यमंत्री रहते हुए पत्रकारों के लिए पेंशन शुरू की। उन्हें इस बात की खुशी है कि पत्रकारों की इस पेंशन के शुरू होने में उनका भी थोड़ा सा योगदान है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पत्रकारों की पेंशन बढाने पर सरकार विचार करेगी।
उन्होंने कहा कि मैंने पत्रकारों के साथ ग्राउंड लेवल पर काम किया है हमने वह समय भी देखा है जब हम अपने कार्यक्रम की सूचना देने के लिए पत्रकारों के पास स्वयं जाते थे और कार्यक्रम के पश्चात प्रेस नोट बनाकर भी स्वयं देते थे अगले दिन अखबार में देखते थे कि खबर कहां-कहां छपी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता तथ्य पर आधारित होनी चाहिए। इस अवसर पर पंचकूला के महापौर श्री कुलभूषण गोयल, अमर टैक्स के अध्यक्ष अरुण ग्रोवर के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अश्विनी शर्मा को पंजाब भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर नयागांव में लड्डू बांटकर खुशी मनाई: जोगिंदर पाल गुज्जर

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** भाजपा मंडल नयागांव के प्रधान जोगिंदर पाल गुज्जर ने आज नयागांव के शहीद भगत भाजपा चौक पर एकत्र हुऐ भाजपा मंडल नयागांव के सदस्यों को अश्विनी कुमार शर्मा को पंजाब बीजेपी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर बधाई दी तथा मोतीचूर के लड्डू बांटे । भाजपा मंडल नयागांव के प्रधान जोगिंदर पाल गुज्जर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए अश्विनी कुमार शर्मा को पंजाब बीजेपी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है । पार्टी में इस फेरबदल को आगामी चुनावों की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है जिसमें अश्विनी कुमार शर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब में नया राजनीतिक प्रयोग करते हुए पठानकोट के विधायक अश्वनी शर्मा को प्रदेश का कार्यकारी प्रधान बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस आशय का पत्र जारी किया था । इस मोके पर जोगिंदर पाल मंडल प्रधान, संजय गुप्ता,नरेश कुमार महासचिव, लाभ सिंह,अतुल अरोड़ा सचिव,जसवंत सिंह उपाध्यक्ष,जीत भुंबला, सोनू, जगदीश, संजीव लाखन पाल,महिपाल सिंह, माखन नाडा , चौधरी अर्जुन सिंह कांसल, सीनियर भाजपा नेता गुरधियान सिंह मंड , सतिंदर सिंह, सतनाम सिंह सत्तू, सरवण सिंह सानिया, सीमा सिंह, पार्षद विनोद बिंदोलिया सहित लगभग 200 भाजपा के सदस्य मोजूद थे ।

# रेहड़ी पर खाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

पुलिस ने चंद घंटों में दबोचा आरोपी, आज अदालत में किया जाएगा पेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। सेक्टर 26 में देररात को एक खाने की रेहड़ी पर रुके एक युवक का रेहड़ीवाले से विवाद हो गया, जिसके बाद वहां खड़े अन्य युवक ने चाकू उठाकर उसकी छाती में घोंप दिया, जिससे युवक की मौत हो गई। थाना चंडीमंदिर प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह व चौकी सेक्टर-25 टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक हत्या के आरोपी को महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सेक्टर-26 मंडी क्षेत्र से दबोचा गया।

यह मामला 7 जुलाई की रात का है, जब मृतक रमन (उम्र 23 वर्ष), जो मूल रूप से गांव बूआना, जिला



जींद का रहने वाला था और पिछले एक वर्ष से ज़ीरकपुर (पंजाब) में एक अपार्टमेंट में केयरटेकर के रूप में कार्यरत था, अपने दोस्तों के साथ मोरनी टी-पॉइंट के आगे पार्टी करने गया था। यह जानकारी रमन के बड़े भाई राहुल और दोस्त अमन ने पुलिस को दी। अमन ने बताया कि उसका जन्मदिन था, और सभी दोस्त पार्टी के बाद सेक्टर-26 पंचकूला स्थित आशियाना गेट के बाहर पहुंचे, जहां एक अर्जुन नामक युवक की फास्ट फूड रेहड़ी है। रमन ने अर्जुन से कुछ खाने-पीने की मांग की, लेकिन अर्जुन ने बताया कि सामान खत्म हो गया है। इसी बात को लेकर रमन और रेहड़ी पर काम करने वाले आकाश के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक हो गई। आरोप है कि आकाश ने रेहड़ी पर रखा चाकू उठाकर रमन की छाती में वार कर दिया, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। घायल रमन को तुरंत सेक्टर-6 अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी युवक के खिलाफ थाना चंडीमंदिर में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(2) व 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस चौकी सेक्टर-25 इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर विकास द्वारा की जा रही है।

### तकनीकी जांच में हुई आरोपी की पहचान

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हमारी टीम ने मौके का निरीक्षण किया, सीन ऑफ क्राइम यूनिट ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए और तकनीकी जांच के साथ आरोपी की पहचान सुनिश्चित की गई। यह हमारी पुलिस टीम की प्रोफेशनल दक्षता और तेज कार्रवाई का परिणाम है कि महज कुछ घंटों में आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। अगर इसमे किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्ता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कल आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

# पंजाब भाजपा को मिला नया कार्यकारी अध्यक्ष, अश्वनी शर्मा की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह: एन. के. वर्मा



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** नयागांव के आदर्श नगर में भाजपा लीगल सेल पंजाब के कनवीनर एन.के. वर्मा ने बताया कि पंजाब भाजपा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम फैसला लेते हुए अश्वनी शर्मा, विधायक पठानकोट, को पार्टी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (कार्यकारिणी प्रधान) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के अनुभवी नेतृत्व को पुनः सक्रिय भूमिका में लाकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने वाली है। अश्वनी शर्मा का पार्टी में लम्बा और समर्पित योगदान रहा है। वे पूर्व में भाजपा पंजाब अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष, तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में पंजाब भाजपा ने कई मोर्चों पर सफलता प्राप्त की थी। अब एक बार फिर पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा लीगल सेल पंजाब के कनवीनर श्री एन.के. वर्मा ने श्री शर्मा की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। अश्वनी शर्मा जी ने हमेशा संगठन के हर स्तर पर सकारात्मक संवाद और सहयोग का वातावरण बनाया। श्री एन के वर्मा ने बताया कि लीगल सेल के कनवीनर के रूप में उनकी नियुक्ति भी श्री अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में हुई थी और हर कदम पर उन्होंने बड़े भाई की तरह मार्गदर्शन और समर्थन दिया।

भाजपा लीगल सेल पंजाब के कनवीनर श्री एन.के. वर्मा ने यह भी बताया कि श्री शर्मा का सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से मधुर संबंध रहा है और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को फिर मिलेगा। उनका यह पुनः आगमन संगठनात्मक दृष्टिकोण से भाजपा पंजाब को और अधिक मजबूत करेगा ओर 2027 में होने वाले विधान सभा इलेक्शन में उनकी नियुक्ति से बीजेपी, पंजाब में अपने दम पर सरकार बनाएगी। भाजपा लीगल सेल पंजाब के कनवीनर श्री एन.के. वर्मा ने बताया कि भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी श्री शर्मा की नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी।

# नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को खेलमंत्री ने किया सम्मानित

मंत्री गौरव गौतम ने कहा मास्टर एथलीट युवाओं के लिए प्रेरणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। विश्व व नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के विजेताओं को हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को पंचकूला में आयोजित एक समारोह में बतौर मुख्यातिथि सम्मानित किया। सम्मान समारोह में उनके साथ हरियाणा के संगठन मंत्री फनिंद्रनाथ शर्मा, बीजेपी जिला प्रधान अजय मित्तल, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव रामकिशोर शर्मा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने ने कहा कि देश व प्रदेश की तरक्की में उसके स्वस्थ नागरिकों का अहम योगदान होता है। इसी परिपाटी पर चलते हुए प्रदेश के मास्टर एथलीटों ने न सिर्फ स्वयं को स्वस्थ रखा बल्कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर हरियाणा का गौरव भी बढ़ाया है। हमारे मास्टर एथलीट प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं और हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने में इन एथलीटों का अहम योगदान होगा।

इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन को 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है। प्रदेश की खेल नीति देश में सबसे बेहतरीन है। युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश में 2000 खेल नर्सरियां खोली गई हैं, जिनमें 37 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास कर सफलता की नई गाथा लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खेल नीति भारत में नंबर वन है। हमारे खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन व कामनवेल्थ गेम्स में पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार भी खिलाड़ियों का पूरा मान व सम्मान कर योग्यता के आधार पर नौकरियां दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 में प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों पर महज 38 करो? रुपये खर्च किए थे, जबकि वर्ष 2014 से 2024 तक प्रदेश के खिलाड़ियों को पर सरकार ने 592 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न सिर्फ खिलाड़ियों को आर्थिक मजबूती दे रही है बल्कि खेल के दौरान चोटिल होने पर खिलाड़ियों के इलाज पर 20 लाख रुपये तक खर्च कर रही है। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल एकेडमी खोलने के लिए सरकार किफायती दरों पर खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपये तक का लोन भी मुहैया करवा रही है। खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि खेल नीति के तहत उन्हें अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# कारोबारी से 1.50 लाख लेता एएसआई गिरफ्तार

## एसीबी की टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते जांचकर्ता पर लगाया ट्रेप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), पंचकूला ने आज साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला के जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक जसबीर सिंह को एक शिकायतकर्ता से 1,15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को एक शिकायत प्रस्तुत की जिसमें कहा गया कि वह निजी सैनेटरी ट्रेडिंग में लगा हुआ है। फरवरी 2024 में, उसने मुथूट फाइनेंस कंपनी के पास अपना सोना गिरवी रखकर गोल्ड लोन लिया। बाद में, सोना बेचकर लोन चुकाने के लिए, उसने सेक्टर-20, पंचकूला में कैश योर गोल्ड कंपनी से संपर्क किया। 12 जून, 2024 को, कंपनी ने आरटीजीएस के माध्यम से उसके बैंक खाते में 5,65,000 रुपये स्थानांतरित किए। बदले में, उसे मुथूट फाइनेंस से सोना प्राप्त करना था और इसे कैश योर गोल्ड कंपनी को सौंपना था।



हालांकि, कैश योर गोल्ड कंपनी ने गुरुग्राम के साइबर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, उन्हें गुरुग्राम पुलिस से कॉल आने लगे, जिसमें नकदी या सोना वापस करने की मांग की गई।शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि कंपनी की शिकायत के आधार पर, गुरुग्राम पुलिस ने उनके और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को फीज कर दिया, यह संदेह करते हुए कि हस्तांतरित 5,65,000 रुपये किसी ज्ञात व्यक्ति के खातों में स्थानांतरित किए गए थे। बाद में, उनके खिलाफ शिकायत गुरुग्राम पुलिस से साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला में स्थानांतरित कर दी गई। पंचकूला साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में, एएसआई जसबीर सिंह शिकायत के सत्यापन को संभाल रहे थे। हालांकि उन्होंने शिकायतकर्ता के बैंक खाते को अनफ्रीज करने में मदद की, लेकिन उन्होंने शिकायत को बंद करने के बदले में कथित तौर पर 2,50,000 रुपये की नकद रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता द्वारा राशि कम करने के बार-बार अनुरोध करने के बाद, अधिकारी ने रिश्वत के रूप में 1,15,000 रुपये स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जाल बिछाया और एएसआई को 1,15,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया

# वार्ड नंबर 27 में आम आदमी पार्टी के वार्ड इंचार्ज ने शुरू करवाए विकास कार्य

पिछले कई दिनों से लोगों मूलभूत सुविधाओं को लेकर हो रहे थे परेशान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। पटियाला रोड़ पर पड़ती शिवालिक विहार सोसायटी में लंबे समय से टूटी सड़को, सीवरेज के टूटे ढक्कन बरसाती पानी के भराव के कारण स्थानीय निवासी बेहद परेशान चल रहे थे। पिछ्ले कुछ दिनों से हो रही बरसात के कारण सड़क व गड्ढो में पानी भर गया था। जिस कारण स्थानीय लोग बेहद परेशान थे। जिसकी शिकायत वह वार्ड पार्षद व नगर परिषद को भी कई बार कर चुके थे। लेकिन लोगों की समस्या का किसी ने कोई हल नहीं निकाला। जिसके बाद लोगों ने आम आदमी



पार्टी से वार्ड नंबर 27 के इंचार्ज प्रताप सिंह विर्क की अगवाई में हलका विधायक से मुलाकात कर अपनी समस्या के बारे में बताया तो हलका विधायक ने साथ की साथ सबंधित जेई को डियूटी लगाकर सभी काम पुरे करने के बाद रिपोर्ट करने के आदेश दिए। जिसके बाद नगर परिषद के जेई ने मंगलवार को जेसीबी मशीन लेकर सोसायटी में पहुंच गए और सड़क पर मिट्टी डालकर सोसायटी के सारे गड्ढे भरे। इस दौरान सड़क पर मिट्टी डालकर बैड तैयार कर दिया गया है ताकि मिट्टी सुखते ही यहां सड़क बना दी जाए। इसके इलावा सीवरेज के खुले पड़े ढक्कन लगाए गए और टूटे सीवरेज के मेनहॉल की रिपेयर भी शुरू करवा दी गई। इसके इलावा जहां



भी इंटरलॉकिंग टाइल्स वाली सड़क टूटी हुई है की रिपेयर करवाने के लिए ठेकेदारों को भी आदेश दे दिए गए हैं। इस दौरान वार्ड इंचार्ज प्रताप सिंह विर्क के साथ गुरप्रीत सिंह विर्क, हरजिंदर सिंह भुड्डा, जेई मेजर सिंह और अन्य सोसायटी निवासी भी मौजूद थे। जिन्होंने हलका विधयाक का धन्यवाद किया और कहां की वार्ड के बहुत सारे विकास कार्य रुके हुए हैं उन्हें जल्दी पूरा करवाने की मांग की। इस दौरान बात करते हुए प्रताप सिंह विर्क ने कहा की लोगों की समस्या उनकी खुद की समस्या है। काफी समय से कुछ लोगों द्वारा यहां गलत ढंग की राजनीती की जा रही है। जिस कारण विकास कार्य रुके हुए थे। लेकिन अब हलका विधायक द्वारा जीरकपुर शहर में रुके हुए विकास कार्यों को पूरा करने के लिए खुद कमान संभाल ली है। जिससे अब लोगों को राहत मिलेगी और विकास कार्य तेज होंगे। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की के वह किसी से डरे बिना काम करवाने के लिए सामने और सोसायटी समस्याएं बताएं ताकि लोगों के काम पहल के आधार पर किए जा सके।

भुड्डा गांव व नाभा गांव का एरिया अभी कुछ समय पहले ही मुझे दिया गया है। जिसके बाद साथ की साथ काम भी शुरू कर दिए गए है। सबसे पहले सड़को का काम किया जा रहा है। जल्द ही लोगों के सारे काम पुरे किए जाएंगे।
मेजर सिंह जेई नगर परिषद जीरकपुर।

एडीसी लक्षित सरीन का अधिकारियों को सख्त निर्देश

# शिकायतों को लंबित न रखें, समाधान में बरतें तत्परता

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोमवार व गुरुवार को लगने वाले समाधान शिविर में अधिकारी स्वयं मौजूद रहे ताकि अधिकतर शिकायतों का समाधान मौके पर ही हो सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का यही उद्देश्य है कि लोगों को अपनी शिकायतों लेकर इधर-उधर न चक्कर लगाने पड़े उन्हें सभी अधिकारी एक जगह पर ही उपलब्ध हो जाए, जिससे उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके।अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने मंगलवार को लघु सचिवालय में बिजली, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के एक्सईएन लेवल के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने एक-एक शिकायत की समीक्षा करते हुए स्पष्ट शब्दों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपके पास जो भी पुरानी शिकायतें लंबित है उनका एक सप्ताह के अंदर समाधान करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अगर आपके पास विकास कार्यों को लेकर कोई शिकायत आती है तो पोर्टल पर उसे विकास कार्यों की कटैगरी में अपलोड कर उसपर कार्यवाही शुरू करें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अगर आप किसी शिकायत पर कोई कार्यवाही करते है तो उसकी पूर्ण जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें ताकि उसकी जानकारी मुख्यालय को प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत गलती संबंधित विभाग के बजाय अन्य दूसरे विभाग को भेज दी जाती है तो उसे अपने पास न रखकर आप समाधान शिविर के दौरान ही उसकी जानकारी तुरंत मुझे दें ताकि उसे सही विभाग के पास भेजकर उसका समाधान करवाया जा सके।एडीसी ने कहा कि समाधान प्रकोष्ठ को लेकर हर सप्ताह समीक्षा बैठक की जाती है इसलिए बैठक में सभी अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि प्रत्येक लंबित शिकायत की समीक्षा हो सके और उसके बारे में पूर्ण जानकारी मिल सके कि उस शिकायत का अब तक समाधान क्यों नहीं हो पाया है। अगर भविष्य में कोई अधिकारी बैठक में नहीं उपस्थित हुआ तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा समाधान शिविर की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाना सुनिश्चित करें।बैठक में एसीयूटी योगेश दिल्हौर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, पीडब्ल्यूडी से एक्सईएन पंकज गौड व प्रशांत कौशिक, बिजली विभाग से एक्सईएन अश्वनी कुमार, एचएसएएमबी विभाग से एक्सईएन शिवरत्न सहित संबंधित सभी विभागों के एक्सईएन मौजूद रहे।

# डीटीपी विभाग का चला पीला पंजा अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**गोहाना।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गांव नगर की राजस्व भूमि पर गोहाना-सोनीपत रोड पर 02 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में 07 डीपीसी व कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया।इसके अलावा गोहाना बाईपास पर 3.5 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में डब्लयूबीएम रोड़, डिमार्केशन, 5 डीपीसी व सीवर नेटवर्क को ध्वस्त किया गया।

डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण/कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अवैध कॉलोनियों से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित हुड्डा कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# सदस्यता अभियान को मिला ज़बरदस्त समर्थन: दवेंद्र कादियान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जननायक जनता पार्टी के द्वारा गनौर विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व प्रभारी दवेंद्र कादियान ने किया सदस्यता अभियान के तहत निम्न गाँवो का दौरा किया गया जिसमे बेगा,पीरागढ़ी,खेड़ी तगा, घसौली,शाहपुर तगा,भखरपुर, गूमढ़ शेखपूरा में सदस्यता अभियान को ज़बरदस्त जनसमर्थन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दवेंद्र कादियान ने कहा - संगठन की मजबूती तभी संभव है जब अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ें। यह अभियान हमारे विचारों और नीतियों को आम जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है।अशोक सरोहा ने कहा पूरे हरियाणा प्रदेश में सदस्यता अभियान चला हुआ है जिसका नेतृत्व राष्टीय अध्यक्ष अजय चौटाला कर रहे है सरोहा ने अभी कहा दुष्यंत चौटाला हरियाणा की राजनीति में युवाओं की आवाज बनकर उभरे है, सियानंद त्यागी जी ने कहा - नवयुवकों और बुर्जगों की भागीदारी इस अभियान में उल्लेखनीय रही है। यह आने वाले समय में संगठन की नई ऊर्जा का संकेत है। हम सबका दायित्व है कि इस अभियान को गाँव-गाँव तक पहुँचाया जाए।

इस अवसर पर,अनिल सरोहा, पूर्व चेयरमैन लालमण त्यागी, महसिंह,सतबीर, सुरेन्द्र सरपंच, नरेंद्र, नरेश प्रजापत, बालसिस्ट त्यागी, करण सिंह,सुभाष ,संजीव, लालचंद शर्मा, रामनिवास कश्यप शामिल थे।

## निर्वाचन आयोग के निर्देशन में राई विधानसभा के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**सोनीपत (अप्रस)।** निर्वाचन कानूनगो पूजा शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुरथल स्थित राजकीय ताऊ देवीलाल महाविद्यालय में 29-राई विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारियों(बीलएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे कर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करने, मृत/स्थानांतरित/दोहरीप्रविष्ठि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया, मतदाता सूची के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंट से संबंधित समस्त प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बीएलओ को वोटर हेल्पलाईन एप, बीएलओ एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल की तकनीकी की बारिकियों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार राई अभिनव ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना बीएलओ की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, क्योंकि लोकतंत्र की बुनियाद एक मजबूत मतदाता सूची पर ही टिकी होती है।

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** प्रावीन कुमारी पत्नी हरनाम चन्द गांव मौजू खेड़ा, जिला सिरसा ने अपना नाम प्रावीन कुमारी से बदलकर प्रवीन कुमारी रख लिया है।

**मैं,** हर्शप्रीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह गाँव चनालहेडी, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर हर्शप्रीत रख लिया है।

**मैं,** कृषण लाल पुत्र साईं दास गाँव ढाणड , कैथल ने अपने नाबालिग पुत्र राहुल का नाम बदलकर राहुल राहुल रख लिया है।

**मैं,** Kushpreet Kaur पुत्री बलीहार सिंह गाँव तलहेडी ,पिहोवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Khushpreet Kaur रख लिया है।

**मैं,** राम लाल पुत्र जगदीश राय निवासी H.NO. 4, वार्ड न. 16, अनाज मंडी, पेहोवा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ने अपना नाम राम लाल सिंगला रख लिया है।

**मैं,** जसविन्द्र सिंह पुत्र बलकार सिंह गाँव संतपुरा (डेरा फतेह सिंह) ,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर जसविन्द्र उपनाम सिंह रख लिया है।

**मैं,** कोमलप्रीत कौर पत्नी सुखविन्द्र सिंह गांव मांडीं., कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर कोमलप्रीत उपनाम कौर रख लिया है।
एपी-2478

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करनपुर खण्ड पिंजौर जिला पंचकूला कि कंडम धर्मशाला के मैट्रियल की बोली पुनः दिनांक 24.07.2025 को दिन के 09.00 AM बजे सार्वजनिक स्थान कंडम धर्मशाला के परागन में की जाएगी। बोली देने से पहले बाली दाता को 5000 रूपये बतौर सिक्योरिटी मोके पर जमा करवानी होगी बाकी शर्ते मौके पर बता दी जाएगी। इसलिए इच्छुक बोली दाता मौके का लाभ उठाए।
(जय राम) सरपंच,
ग्राम पंचायत करनपुर
खण्ड पिंजौर जिला पंचकूला
दिनांक:-08.07.2025 Mob No. 9996169845

AP-2469

### नीलामी सूचना

ग्राम पंचायत कम्बास खण्ड बराड़ा जिला अम्बाला की पंचायती भूमि में खड़े कुल 1872 पेड़ किस्म सफेदा की सरेआम बोली दिनांक 18/07/2025 को दिन शुक्रवार प्रातः 11 बजे सरेआम पंचायत घर में की जाएगी। नीलामी की सभी शर्ते मौके पर बता दी जाएंगी।
सरपंच श्रीमति पूजा
मोबाइल नम्बर-9996410575
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी खण्ड
बराड़ा सुशील कुमार मंगला

AP-2467

### सार्वजनिक सूचना

**कार्यालय खण्ड विकास एव पचायत अधिकारी, पलवल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड पलवल हेतू मनरेगा (सोशल ऑडिट कलैण्डर अनुसार) करवाने हेतू Blcok Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्यदिवश राशि 750/- रुपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्यो दिवसो की सख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट कलैण्डर अनुसार) होगा। अभ्यार्थी स्नातक हो, कम्पयूटर एम0आई0एस0 का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत वी0आर0पी0 सोशल ऑडिट को वरीयता दी जाएगी। विस्तृत जानकारी एव आवदेन प्रारुप व शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कमरा न0 4 मे समस्त जरूरी दस्तावेजों की प्रति सहित दिनाक 09.07.2025 से 18.07.2025 तक सायं 3:00 बजे तक करवाना सुनिश्चित करें।
खण्ड विकास एव पचायत अधिकारी, पलवल।

AP-2471

### सार्वजनिक सूचना



**श्री विनय चौधरी, सब-रजिस्ट्रार, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष**

चूंकि, श्री लक्ष्मी कांत उपाध्याय पुत्र श्री सूर्य नारायण उपाध्याय निवासी मकान सं. 587, सरस्वती विहार, समीप शिव मंदिर बोहावा, शाहपुर, अम्बाला, हरियाणा ने स्व. श्री दिनेश (Denesh) चंद्र गुप्ता पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान सं. 2107, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़, जिनकी 06.11.2023 को मृत्यु हो गई है, की अपंजीकृत वसीयत दिनांक 10.10.2023 के पंजीकरण हेतु आवेदन किया है। स्व. श्री दिनेश (Denesh) चंद्र गुप्ता पुत्र श्री सोहन लाल निवासी मकान सं. 2107, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़ की वसीयत के अनुसार कथित वसीयत में वर्णित अनुसार श्री लक्ष्मी कांत उपाध्याय पुत्र श्री सूर्य नारायण उपाध्याय निवासी मकान सं. 587, सरस्वती विहार, समीप शिव मंदिर बोहावा, शाहपुर, अम्बाला, हरियाणा के पक्ष में सरस्वती विहार, गांव बोहावा, तहसील अम्बाला कैंट, जिला अम्बाला, हरियाणा में स्थित अपने प्लाट सं. 587, माप 13-13/30 मरला, खसरा सं. 6/20 की वसीयत की है।
आम जनता को एतद्द्वारा इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को कथित अपंजीकृत वसीयत के पंजीकरण के संबंध में कोई आपत्ति अथवा दावा है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर भूतल, 30 बेज भवन, सेक्टर 17, चंडीगढ़ पर स्थित कार्यालय सब-रजिस्ट्रार में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, जिसमें असफल रहने पर यह भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 40 के अधीन पंजीकृत की जाएगी।
मेरे हस्ताक्षर एवं इस कार्यालय की मोहर के अधीन जारी।
सब-रजिस्ट्रार,यूटी., चंडीगढ़

### सार्वजनिक सूचना

**विषय:** शहरी एस्टेट, गुड़गांव, हरियाणा में अनिर्मित संपत्ति प्लॉट संख्या 315, सेक्टर -27 के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण, मालिक स्वर्गीय श्रीमती रश्मि कपूर पत्नी श्री इंद्र मोहन कपूर की मृत्यु के परिणामस्वरूप।
स्वर्गीय श्रीमती रश्मि कपूर पत्नी श्री इंदर मोहन कपूर, जो उक्त संपत्ति के मालिक थे, की मृत्यु 22.05.2021 को हो गई है और उन्होंने कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं बनाई है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:- (1) इंदर मोहन कपूर (पति) (2) माणिक कपूर (बेटा) (3) अंकिता कपूर (बेटी) (4) रितिक कपूर (बेटा)।
अब इंद्र मोहन कपूर पुत्र श्री जगमोहन सिंह कपूर निवासी फ्लैट नंबर 8, डीडीए एसएफएस फ्लैट्स, हौज खास, साउथ दिल्ली-110016 कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पक्ष में संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लॉट के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संपदा अधिकारी-2, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम को सहायक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं तथा बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं कर सकते हैं।
कानूनी उत्तराधिकारी:-
श्री इंद्र मोहन कपूर की ओर से
संपदा अधिकारी-2, एचएसवीपी, गुरुग्राम

AP-2453

### सार्वजनिक सूचना

**विषय:-** संयुक्त मालिक स्वर्गीय श्री अंजन कुमार भट्टाचार्य की मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित संपत्ति मकान संख्या 1409 सेक्टर 17 गुड़गांव के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।
स्वर्गीय श्री अंजन कुमार भट्टाचार्य, जो उल्लिखित संपत्ति के संयुक्त मालिक थे, की मृत्यु 24.02.2023 को हो गई और उन्होंने कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं बनाई है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:- (1) नंदिनी भट्टाचार्य (पत्नी) (2) अव्रोनिल भट्टाचार्य (पुत्र) (3) अर्नबनील भट्टाचार्य (पुत्र)।
अब श्री अव्रोनिल भट्टाचार्य, पुत्र स्वर्गीय श्री अंजन कुमार भट्टाचार्य, निवासी 3711, 122वां एवेन्यू एनई बेलेव्यू डब्ल्यूए यूएसए 98005 कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पक्ष में संपत्ति के अविभाजित हिस्से के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संपदा अधिकारी-1, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम को सहायक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं तथा बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं कर सकते हैं।
कानूनी उत्तराधिकारी:-
श्री अवरोनिल भट्टाचार्य, संपदा अधिकारी-1,
एचएसवीपी, गुरुग्राम की ओर से

AP-2453

### सार्वजनिक सूचना

**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, हसनुपर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड पलवल हेतू मनरेगा (सोशल ऑडिट कलैण्डर अनुसार) करवाने हेतू Blcok Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्यदिवश राशि 750/- रुपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्यो दिवसो की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट कलैण्डर अनुसार) होगा। अभ्यार्थी स्नातक हो, कम्पयूटर एम0आई0एस0 का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत वी0आर0पी0 सोशल ऑडिट को वरीयता दी जाएगी। विस्तृत जानकारी एंव आवदेन प्रारुप व शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे कमरा न0 4 में समस्त जरुरी दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 09.07 2025 से 18.07.2025 तक साय 3:00 बजे तक करवाना सुनिश्चित करें।
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, हसनपुर

AP-2471

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email: arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** स्वीटी सिंगला पत्नी राजेन्द्र कुमार निवासी मकान नं 229 बी, जींद रोड, मॉडल टाऊन, कैथल (हरियाणा) अपना नाम स्वीटी सिंगला से बदलकर स्वीटी रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** करन पुत्र जितेन्द्र सचदेवा निवासी मकान नं 1108 , वार्ड नं 10 , प्रताप गेट, कैथल (हरियाणा) अपना नाम करन से बदलकर करन सचदेवा रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** ईश्वर दास पुत्र रेमल दास अरोड़ा निवासी 79/20, अमरदीप मिड्ल विद्यालय के सामने, अमरगढ़ गामड़ी कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम ईश्वर दास से बदल कर ईश्वर दास अरोड़ा रखता हूँ ! भविष्य में कृपया मुझे ईश्वर दास अरोड़ा के नाम से जाना जाये। सम्बंधित कृपया नोट करें।
एपी-2454

I JC-613488X sub/Clk Sonu Kumar s/o Shri Ram Chand of Unit Records 14 GTC Subathu ( Shimla Hills ) permanent resident of House No 206 Kashmiri Mohalla , Subathu PO Subathu Tehsil and District Solan HP have declare that in my army service records my mother's date of birth mistakenly entered as 45/98 and name entered as Kamla Verma but correct name of my mother is Kamla Devi and her correct date of birth is 1st August 1945 . All concerns note.

I JC-613488X sub/Clk Sonu Kumar s/o Shri Ram Chand of Unit Records 14 GTC Subathu ( Shimla Hills ) permanent resident of House No 206 Kashmiri Mohalla , Subathu PO Subathu Tehsil and District Solan HP have declare that in my army service records my Father's date of birth mistakenly entered as 48/98 and name entered as Ram Chander Verma but his correct name is Ram Chand and his correct date of birth is 28th October 1940 . All concerns note.
एपी-2455

I Parveen Dahiya s/o Shri Mehar Singh r/o # 701 2nd floor tower no.30 police complex Dhanas chandigarh have changed my minor son name lekh Dahiya to Abhi Dahiya

I Sangeeta w/o Samir kumar r/o # 940 GF sector 40A Chandigarh have changed my name from Sangeeta to Sangeeta Khatter.

I Sandeep Saxena s//o. Dharmendra kumar Saxena r/o. 475 Delux Enclave, near Delux Marriage Place, Bitna Road Pinjore Panchkula Haryana have changed my name Sandeep Saxena to Sandeep Kumar Saxena.
एपी-2456

**मैं,** Mahesh Sharma पुत्र श्री Mukhtiar Chand, निवासी फ्लैट नं. 2बी, 2nd फ्लोर, Silver Creek-1, Modern Complex, पुराना थाना रोड, जीरकपुर, जिला एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब), घोषणा करता हूं कि मैंने मेरी नाबालिग पुत्री का नाम NIYATI VERMA से बदलकर NIYATI SHARMA (SHARMA as surname), रख लिया है, Passport No. V8459298 & Aadhaar No. 5567 2738 2817.
एपी-2457

**मैं,** प्रवीन पुत्र श्री परमा नंद निवासी हाउस नंबर 1446/2, सेक्टर 29बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम प्रवीन से बदलकर प्रवीन कुमार कर लिया है।

**मैं,** निर्मला पत्नी गुरमेल सिंह, निवासी गांव रामगढ़, तहसील व जिला पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम निर्मला से बदलकर निर्मला देवी कर लिया है।

**मैं,** देवराज पुत्र श्री ईश्वर चंद गर्ग निवासी मकान नंबर 244 सेक्टर-9, पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम देवराज, से बदलकर देव राज गर्ग, कर दिया है ।

**मैं,** श्रेया पुत्री श्री देव राज गर्ग, निवासी मकान नंबर 244 सेक्टर 9, पंचकूला हरियाणा, ने अपना नाम श्रेया, से बदलकर श्रेया गर्ग, रख लिया है।
एपी-2458

**मैं,** कृष्णा पत्नी श्री रमेश निवासी #2315, विकास नगर, मौलीजागरां, चंडीगढ़ घोषणा करती हू कि मेरा नाम कृष्णा है, और जबकि मेरी बेटी पूनम के Education Documents में नाम कृष्णा देवी है।

**मैं,** पूनम पुत्री श्री रमेश , निवासी #2315, विकास नगर, मौलीजागरां, चंडीगढ़ घोषणा करती हूं कि मेरा नाम पूनम है, और जबकि मेरे Education Documents में मेरा नाम पूनम राजोरिया है।
एपी-2459

I RAJPAL S/o BALJEET SINGH R/o House No 1062, Sector 03, urban Estate, Kurukshetra, Haryana -136118 have changed the name of my minor son TEJAS aged 11 years and he shall hereafter be known as TEJAS DAHIYA.
एपी-2461

**मैं,** सलिन्द्र पुत्र जागर निवासी गांव धुन्दरेहड़ी जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम सलिन्द्र से बदलकर सुरेन्द्र रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-2454

**मैं,** प्रिंस पुत्र श्री मदन लाल निवासी मकान नं. 26, न्यू बहादुर चंद कॉलोनी, करनाल, मैने अपनी पुत्री का नाम अक्षिता से बदलकर अक्षिता गैगन रख लिया है। भविष्य में उसे अक्षिता गैगन के नाम से जाना जाए।
एपी-2463

**मैं,** कु. रश्मी शर्मा पत्नी श्री ललित शर्मा निवासी # 2545/1 सेक्टर 45-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम कु. रश्मी शर्मा से बदलकर रश्मी शर्मा कर लिया है।
एपी-2464

**मैं,** लक्ष्मी देवी पत्नी पवन कुमार वासी गांव व डाक Chirao जिला करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर लक्ष्मी भाटिया से लक्ष्मी देवी रखा है।

**मैं,** सतीश शर्मा पुत्र ओम प्रकाश वासी मकान नं 1161, सैक्टर 9, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर सतीश कुमार से सतीश शर्मा रखा है।

**मैं,** अंजू पत्नी संदीप Saharan वासी मकान नं 1735 सैक्टर 14 हिसार हरियाणा ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अंजू से अंजू Saharan रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** Neeyati जिंदल पुत्री राजेश जिंदल वासी मकान नं 517 प्रीति नगर हिसार हरियाणा ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Neeyati जिंदल से Niyati जिंदल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

**मैं,** नवीन मदान पुत्र देवकीनंदन वासी मकान नं.जी-26, वार्ड नं.7, स्टेशन एरिया, नीलोखेड़ी करनाल ने अपने नाबलिग पुत्र का नाम बदलकर ईशान मदान से तक्ष मदान रखा है।

**मैं,** उर्मिला पत्नी दर्शन वासी वार्ड नं 12 टिब्बा कॉलोनी रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर उर्मिला सोनी रखा है।
एपी-2465

**मैं,** करण पुत्र सुरिंदर कुमार निवासी मकान नंबर 836, न्यू इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा चंडीगढ़ ने अपना नाम करण से बदलकर करण कुमार रख लिया है।

**मैं,** बमबम कुमार पुत्र मंगल साह निवासी मकान नंबर 916, आदर्श नगर, नया गांव, जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम बमबम कुमार से बदलकर विक्की शाह रख लिया है।

**मैं,** Baljit Kaur पत्नी श्री अमरजीत सिंह, निवासी मकान नंबर 88, Near Gugga Mari, धनास चंडीगढ़ ने अपना नाम Baljit Kaur से बदलकर Baljeet Kaur रख लिया है।

**मैं,** शुभम पूनिया पुत्र सुरिंदर सिंह, मकान नंबर 27, सेक्टर 9, चंडीगढ़ ने अपना नाम शुभम पूनिया से बदलकर शुभ सिंह रख लिया है।
एपी-2466

**मैं,** सविता पत्नी रायसिंह निवासी गांव सलेमगढ़, जिला हिसार बयान करती हूँ कि मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम छोटूराम दर्ज है जबकि मेरे पिता का सही नाम हरीराम है। मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम हरीराम दर्ज है। मैं अपने पैन कार्ड में अपने पिता का सही नाम हरीराम दर्ज करवाना चाहती हूँ।
एपी-2468

**मैं,** मनदीप कौर सोढ़ी पत्नी लखविंदर सिंह सोखी, मकान नं. 3878, सेक्टर 47डी, चंडीगढ़, मैंने अपना नाम मनदीप कौर सोढ़ी से बदलकर मनदीप कौर सोखी रख लिया है।

**मैं,** देवी प्रसाद पैन्यूली पुत्र दिल राम मकान नं. 2208, सेक्टर 37-सी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर देवी प्रसाद रख लिया है।

**मैं,** हरदीप पुत्र दशरिया राम निवासी मकान नंबर 607 आईएएस आईपीएस कॉलोनी सेक्टर 49ए चंडीगढ़, ने अपना नाम हरदीप से बदलकर हरदीप सिंह रख लिया है।
एपी-2470

**मैं,** जोगिन्द्र सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह निवासी गांव कलौदा कलां तह. नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम जोगिन्द्र सिंह नैन से बदलकर जोगिन्द्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी उदेश्यों के लिए जोगिन्द्र सिंह के नाम से जाना व पुकारा जाए।

**मैं,** सन्दीप नैन पुत्र श्री इन्द्र सिंह निवासी दनौदा कलां तह. नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे पुत्र ईशु के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सन्दीप व मेरी पत्नी का नाम मोनिका दर्ज हैं, जोकि गलत हैं। मैं अपने पुत्र ईशु के स्कूल रिकार्ड में हमारा सही नाम सन्दीप नैन व मोना देवी दर्ज करवाना चाहता हूं।

**मैं,** महावीर सुपुत्र श्री सांगी राम गाँव दौलतपुर तह.जगाधरी जिला यमुना नगर(हरियाणा)ब्यान करता हुँ कि मैने अपना नाम महावीर से बदल कर महावीर सिंह रख लिया है।भविष्य में मुझे महावीर सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाए।
एपी-2458

**मैं,** पूजा बंसल पत्नी मोहित बिंदलिश निवासी मकान नं 417/3, कनुगोयन स्ट्रीट, कैथल (हरियाणा) अपना नाम पूजा बंसल से बदलकर पूजा रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-2454

**मैं,** शिल्पी पत्नी नं. 15726307एफ रैंक हवलदार नाम राम पाल, निवासी क्वार्टर नं. 1426 सेक्टर डी, WCSR C/O 56 एपीओ चंडीमंदिर कैंट, पंचकूला घोषणा करती हूं कि मैंने भविष्य के सभी संदर्भों के लिए अपना नाम शिल्पी देवी से बदलकर शिल्पी रख लिया है।

**मैं,** हसनतारा कटुन सैन्य संख्या 16019523W रैंक- हवलदार नाम-सैमुल कुरैसी की माँ हूँ, वर्तमान में यूनिट- 8 राजरीफ सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है, स्थायी पता- गाँव- रामपुरवा, पोस्ट- मैनाटांड़, जिला- पश्चिमी चंपारण, तहसील- नरकटिया गंज, राज्य- बिहार, पिन- 845306, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम हसनतारा कटुन से बदलकर हसन तारा नेशा रख लिया है। और साथ ही अपनी जन्मतिथि 10/03/1953 से 01/01/1959 में सुधार कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901941, दिनांक- 08/07/2025

**मैं,** संध्या रानी सैन्य संख्या- 14672173एफ रैंक-नायक नाम-अल्लम वेंकटेश्वर राव की पत्नी हु जो वर्तमान में यूनिट- डब्ल्यूसीएसआर सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 2- 120ए, चिन्ना कंबुम, गांव- कुंबुम मंडल, चिन्ना कंबुम, प्रकाशम, आंध्र प्रदेश, पिन-523333 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम संध्या रानी से बदलकर अल्लम संध्या रानी कर लिया है।

**मैं,** के हैमावती सैन्य संख्या- 15726670एक्स रैंक- लास/नायक नाम- कदंबा भाग्यराजू की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- डब्ल्यूसीएसआर सी/ओ 56 एपीओ स्थायी पता- गांव- कंतरागाड़ा, पोस्ट- सैलाडा, तहसील- गुरंदी, जिला- गजपति, राज्य- ओडिशा, पिन- 761211 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम के हैमावती से बदलकर कादम्बाला हिमावती कर लिया है।

**मैं,** कांति देवी सैन्य संख्या-15682469K रैंक- हवलदार नाम- रंजन कुमार की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ। स्थायी पता- चैनपुर, पोस्ट- शारतेलपा, शहर तेलपा, अरवल, राज्य- बिहार, पिन- 804419 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम कांति देवी से बदलकर कांति कुमारी रख लिया है।

**मैं,** कांति कुमारी, सैन्य संख्या- 15682469K रैंक- हवलदार नाम- रंजन कुमार की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ। स्थायी पता- चैनपुर, पोस्ट- शारतेलपा, शहर तेलपा, अरवल, राज्य- बिहार, पिन- 804419 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 22/05/1987 से 22/05/1989 में सही कर ली है।

**मैं,** पुरुवत्स यादव पुत्र जय प्रकाश यादव निवासी- डी205, एयरो होम्स गाजीपुर ढकोली, उपतहसील जीरकपुर जिला एसएएस नगर मोहाली, पंजाब घोषणा करता हूं कि पुरुवत्स और पुरुवत्स यादव एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-2472

**मैं,** दीपक पुत्र सुभाष चंद निवासी गांव बाहरी तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम मोनू से बदलकर दीपक रख लिया है। भविष्य में मुझे दीपक नाम से जाना जाए ।

I Lakshya S/o Puneet Kumar R/o Ghikara Road, Charkhi Dadri City, Bhiwani, Haryana - 127306, have changed my name to Lakshya Vats.
एपी-2473

**मैं,** मोनम तिवारी पत्नी नं.15725667L लांस नायक कृपा शंकर दुबे निवासी ग्राम- गंगहारा कला, तहसील-लालगंज, जिला- मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) और वर्तमान निवासी क्वार्टर नं.1641/डी, सेक्टर-डी, चंडीमंदिर कैंट-पंचकुला (हरियाणा) मेरे पति के सेना रिकार्ड मे मेरा नाम त्रुटिवश मोनम दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम मोनम तिवारी है इसलिए मैं मेरे पति के आर्मी रिकार्ड मे मेरा सही नाम मोनम तिवारी दर्ज करवाना चाहती हूँ जो कि सही व सत्य है।

**मैं,** रिया बंसल पत्नी राहुल सिंगला, 28/24 अग्रवाल मार्केट तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम रिया बंसल से बदलकर रिया सिंगला रख लिया है।
एपी-2457

मैं तरुण कुमार शर्मा पुत्र श्री हरीश चंद्र निवासी मकान नंबर 448 आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा यमुनानगर, वर्तमान पता 24 ,शास्त्री कॉलोनी यमुनानगर की मैंने अपना नाम तरुण कुमार शर्मा से बदलकर तरुण शर्मा रख लिया है।
एपी-2476

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

### बेदखली सूचना

**मैं,** जसविन्द्र विधवा स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, रादौर, तह. रादौर जिला यमुनानगर, हरियाणा की हूं और अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का अर्जुन व उसकी पत्नी रोजी दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और कभी भी हमारा कहना नही मानते, और बार-बार मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा करते हैं। इसलिए मैं अपने लड़के अर्जुन व उसकी पत्नी रोजी को अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं और इनके साथ जो भी कोई लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अब मेरा व मेरे परिवार के किसी का इनके साथ कोई वास्ता नहीं है और ना ही भविष्य में रहेगा।
एपी-2460

हम, संजय कुमार पुत्र रोशन लाल वा मधु रानी पत्नी संजय कुमार निवासी # 2529, शिवपुरी-बी, सोनू करियाना के पास, जिला यमुनानगर अपने हल्फ से ब्यान करते है कि हमारा लड़का हर्ष कुमार वा उसकी पत्नी पूजा देवी हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं व लड़ाई झगड़ा करते है। इसलिए हम इनको अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करते है। भविष्य में इनके साथ लेन-देन करने वाले व संबंध रखने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे, हम और हमारा परिवार नहीं।
एपी-2462

**मैं,** मीना (आधार नं. 6077 8733 7172) धर्मपत्नी जसबीर निवासी चनालहेडी, तहसील पेहवा, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र मिन्टू कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है व शराब पीने व गलत संगत का आदी है को अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल करती हूँ। यदि भविष्य में उसके साथ कोई किसी किस्म का लेन देन तथा वाद विवाद इत्यादि करेगा उसका स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरा उससे कोई सम्बन्ध अथवा वास्ता ना होगा ।
एपी-2461

मैं Anguri पत्नी Sh. Raj Kumar कुमार, निवासी मकान नं. 1757, जनता कॉलोनी, सेक्टर 25, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा Anil Kumar और उसकी पत्नी Manpreet Kaur मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-2466

**मैं,** गुलाब सिंह पुत्र चंदा सिंह निवासी गांव थेह बुटाना तहसील गुहला जिला कैथल अपने हल्फ से ब्यान करता हू कि मेरा बेटा वीरेंद्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में जो भी उसके साथ लेन-देन करेगा, वह इसके लिए जिम्मेदार होगा।
एपी-2469

**मैं,** महेश दत्त पुत्र श्री शिव करण निवासी गांव करोड़ा जिला कैथल हाल आबाद मकान नंबर 300 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जीन्द का स्थाई निवासी हूं। और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र विकास व उसकी पत्नी पुजा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । जो कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेन देन व व्यवहार रखता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2474

हम जय प्रकाश पुत्र कुंदन लाल व ऊषा रानी पत्नी जय प्रकाश निवासी मकान नंबर 187 गाँव चुडियाला तहसील अम्बाला छावनी जिला अम्बाला कि हमारा ल?का पंकज कुमार और उसकी पत्नी नेहा रानी दोनों हमारे कहने सुनने से बाहर है हम इन्हे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करते है इनसे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा हम या हमारा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।

**मैं,** जितेन्द्र पुत्र कस्तूरी लाल निवासी मकान नंबर 6065 जमना दास बिल्डिंग अम्बाला छावनी जिला अम्बाला कि मेरे ल?के जतिन और गौरव दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है मै इन्हे अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बे-दखल करता हूँ इनसे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नही होगा। नोट करे।
एपी-2475

**मैं,** बिमला पत्नी श्री कृष्ण गांव दुर्जनपुर तह. उचाना जिला जीन्द घोषणा करती हूं कि मेरा पुत्र विकास जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं कोई इससे किसी प्रकार का लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-2477

**मैं,** मोहिंदर पाल पुत्र चमन लाल निवासी गांव सतोडा, तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र शन्टी पुत्रवधू नेहा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगे।
एपी-2478

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

# 'न्यायिक सुधार मुहिम में अग्रणी बना हरियाणा'

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा भारत मंडपम, नई दिल्ली में दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित तीन नए आपराधिक कानूनों पर एक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो: अजय गौतम

**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 8 जुलाई।** बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में दोषी को छह महीने से भी कम समय में सजा हो जाए, यह किसी ने सपने में भी न सोचा होगा। लेकिन यह सपना नहीं, हकीकत है। हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों की बदौलत एक नाबालिग के बलात्कार के मामले में सिर्फ 140 दिनों के भीतर दोषी को मौत की सजा सुनाई गई है।

इसके अलावा, कई अन्य आपराधिक मुकदमे भी 20 दिनों से कम समय में पूरे हुए हैं। उच्च प्राथमिकता वाले चिन्हित अपराध के मामलों में, कई जिलों में सजा दर 95 फीसदी से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा, चिन्हित अपराध पहल के जरिए, 1,683 जघन्य मामलों को सख्ती से फास्ट-ट्रैक किया गया है और उच्चतम स्तर पर निगरानी की गई है। यह सब हरियाणा की त्वरित, कुशल और पारदर्शी न्याय दिलाने की क्षमता का जीता जागता सबूत है।

दिल्ली सरकार द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित तीन नए आपराधिक कानूनों पर एक प्रदर्शनी में हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, डॉ. सुमिता मिश्रा ने भाग लिया। इसके पश्चात मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी, उन्नत फोरेंसिक बुनियादी ढांचे और नए आपराधिक कानूनों के तहत गहन प्रशिक्षण की बदौलत, हरियाणा ने केवल राष्ट्रीय मानक स्थापित किए हैं बल्कि देश की न्याय सुधार मुहिम में भी अग्रणी बनकर उभरा है। समग्र और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रदेश के इस मॉडल की बड़े पैमाने पर सराहना हुई है।

उन्होंने कहा कि विशाल क्षमता निर्माण पहल हरियाणा के सुधारों की रीढ़ है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के सूक्ष्म प्रावधानों में 54,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण के दौरान न केवल कानूनी समझ बल्कि पीड़ित-संवेदी जांच, डिजिटल एकीकरण और आधुनिक साक्ष्य प्रबंधन पर भी बल दिया गया। राज्य पुलिस बलों के बीच कानूनी शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से, 37,889 अधिकारियों को आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर डाला गया है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि ई-समन और ई-साक्ष्य जैसे प्लेटफार्मों के सफल कार्यान्वयन के बल पर हरियाणा ने डिजिटल पुलिसिंग में लंबी छलांग लगाई है। अब 91.37 फीसदी से अधिक समन इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किए जाते हैं, जबकि शत-प्रतिशत तलाशी और जब्ती डिजिटल तरीके से दर्ज की जाती हैं। उल्लेखनीय है कि 67.5 प्रतिशत गवाहों और शिकायतकर्ताओं के बयान ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए दर्ज किए जा रहे हैं। इससे न केवल साक्ष्य संग्रह का मानकीकरण हो रहा है बल्कि जांच में पारदर्शिता भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला में पॉक्सो अधिनियम के तहत फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों के मार्फत राज्य के लिंग-संवेदी न्याय के दृष्टिकोण को मजबूती मिली है। इससे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराधों में तेजी से सुनवाई सुनिश्चित हो रही है।

गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. मिश्रा ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत, गवाहों की जांच अब पारंपरिक अदालतों से आगे बढ़ चुकी है। गवाहों की जांच अब 'निर्दिष्ट स्थानों' पर की जा सकती है। इन 'निर्दिष्ट स्थानों' में सरकारी कार्यालय, बैंक और सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने वाले अन्य स्थान शामिल हैं। प्रदेश के सभी जिलों में ऑडियो/वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से गवाहों की जांच के लिए 2,117 'निर्दिष्ट स्थान' बनाए गए हैं, जिससे पहुंच और सुविधा में काफी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सभी जिलों में महिलाओं/कमजोर गवाहों के लिए विशेष रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम/सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

राज्य ने अपने फोरेंसिक बुनियादी ढांचे का भी विस्तार किया है। हर जिले में मोबाइल फोरेंसिक वैन और बड़े जिलों में दो वैन तैनात की गई हैं। इसके अलावा, 68.70 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक साइबर फोरेंसिक उपकरण खरीदे गए हैं। राज्य सरकार ने 208 नई फोरेंसिक पदों को मंजूरी दी है। इसमें 186 पद भरे जा चुके हैं, जिससे सघन जांच को और मजबूती मिली है।

वर्कफ्लो में ट्रैकिया और 'डमकस्म्ब्च्' (मेडिकल लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्ट मॉर्टम रिपोर्टिंग) जैसे प्लेटफॉर्म का सहज एकीकरण किया गया है। इसके माध्यम से पोस्टमार्टम और मेडिकल जाँच रिपोर्ट अब सात दिनों के भीतर डिजिटल रूप से दर्ज की जाती हैं, जिससे चार्जशीट दाखिल करने और केस के फैसले में तेजी आई है। क्राइम-ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत करने के लिए, हरियाणा नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (नफीस) और चित्रखोजी जैसे बायोमीट्रिक और डिजिटल पहचान उपकरणों का भी बखूबी लाभ उठा रहा है।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि करनाल में 'न्याय श्रुति' पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से न्यायिक पहुँच को आधुनिक बनाया गया है। वहाँ पर पाँच जिला न्यायालय अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्यूबिकल से सुसज्जित हैं। अब 50 फीसदी से अधिक पुलिसकर्मी और 70 फीसदी आरोपी न्यायिक कार्यवाही में वर्चुअली भाग ले रहे हैं। इससे आरोपियों को न्यायालय लाने-ले जाने से जुड़ी चुनौतियों में काफी हद तक कमी आई है। साथ ही, समय और सार्वजनिक संसाधनों की भी बचत हुई है।

## प्रदेशभर में बागवानी की खेती के प्रसार के लिए काम कर रहा उद्यान विश्वविद्यालय: प्रो. सुरेश मल्होत्रा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 8 जुलाई।** किसानों को खेती किसानी के लिए नवीनतम तकनीक, गुणवत्तायुक्त पौध-बीज के साथ विज्ञान स्तरीय जानकारी हासिल हो, इसके लिए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल हर स्तर पर काम कर रहा है। ये बाते उद्यान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने पिंजौर स्थित यादविंद्र गार्डन में आयोजित 32 वें आम मेले में प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को बागवानी सम्बधित नवीनतम जानकारी उपलब्ध करवाने वाले वैज्ञानिकों से कही। माननीय कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि उद्यान विश्वविद्यालय प्रदेश की अलग-अलग जलवायु के हिसाब से शोध कार्य आगे बढ़ा रहा है ताकि किसानों को उनके क्षेत्रवार बागवानी फसलों के बारे में विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकें। उनके क्षेत्र में कौन सी फसल अधिक फायदेमंद साबित होंगी, इसके अलावा उनके क्षेत्रों के हिसाब से शोध किए जा रहे है। इसके अलावा एमएचयू द्वारा किसान भाईयों को विश्व स्तरीय जानकारियां उपलब्ध करवाने के लिए हर प्लेटफार्म का उपयोग कर रहा है, जैसे प्रदेश के हर क्षेत्र में लगने वाले कृषि मेला, किसानों के बीच जाना, प्रदर्शनी प्लाट लगाकर किसानों को जानकारी उपलब्ध करवाना, सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देना आदि शामिल है। इसी दिशा में माननीय कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि एमएचयू करनाल के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा एक प्रदर्शनी स्टॉल 4 से 6 जुलाई तक लगाई गई। प्रदर्शनी स्टॉल पर आने वाले किसानों को विशेष तौर पर मशरूम की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई गई साथ ही बताया कि एमएचयू के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में किसानों को निश्शुल्क प्रशिक्षण लगातार दिया जा रहा है, प्रदेश या देश के हर हिस्से किसान, महिलाएं, युवा, स्टूडेंट आकर मशरूम की खेती से सम्बधित प्रशिक्षण हासिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि सेब की अन्ना एवं डोरसैट उन्नत किस्मों के फलों को भी एम.एच.यू करनाल की स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से आम मेले में आगंतुकों को आम की कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और मूल्य संवर्धन के माध्यम से शेल्फ लाइफ बढ़ाने के प्रति जागरूक किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### गायत्री स्कूल की छात्रा ने 'नच ले हरियाणा' में जीता दूसरा स्थान



**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** गायत्री पब्लिक स्कूल की छात्रा गुंजन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में आयोजित 'नच ले हरियाणा' राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में उसने दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल में विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य वनिता गुप्ता ने गुंजन को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गुंजन की मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उसने यह मुकाम हासिल किया। समारोह में उपस्थित भाजपा कैथल शहरी मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। हमें गर्व है कि गुंजन ने प्रदेश भर में शहर और स्कूल का नाम ऊंचा किया। उनकी सफलता से अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन भविष्य में भी विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन देता रहेगा। छात्रा गुंजन ने अपनी उपलब्धि के लिए स्कूल के अध्यापकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### लायंस क्लब हांसी ने मनाया डिस्ट्रिक्ट पखवाड़ा समारोह



**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** लायन्स क्लब, हांसी द्वारा 1 जुलाई से 8 जुलाई तक डिस्ट्रिक्ट पखवाड़ा समारोह मनाया गया। जिसमें 1 जुलाई को डॉक्टर व सी.ए. दिवस के अवसर पर डॉ. रणजीत सिंह सैनी, एन.के. अरो?ा, वी.एम. लीखा व सी.ए. एस.पी. गोयल, पंकज सिंगल, रितु कुकरेजा को सम्मानित किया गया। 2 जुलाई को पंचायती रामलीला ग्राउण्ड में पौधारोपण किया गया। 3 जुलाई को लायन महेश बांगा के ग्रीन फार्म हाउस में पौधे लगाये गये। 4 जुलाई को सैक्टर 6, हुड्डा, हांसी के पार्को मे पौधारोपण करके उत्सव मनाया गया। 5 जुलाई को सुबह स्वर्ग आश्रम,काली देवी रोड हांसी में पौधे लगाए गए व सांय लायन सेवा सदन में जनपद अध्यक्ष लायन विशाल वढेरा, संजय गांधी, महेश बंसल द्वारा पौधारोपण भी किया गया। 6 जुलाई को हरियाणा कंकरीट हाजमपुर में पौधे लगाकर उत्सव मनाया गया। 7 जुलाई को दोबारा पंचायती रामलीला, स्वर्गआश्रम सिसाय पुल व सैक्टर 4 इन्दिरावती एन्क्लेव सोसायटी में पौधारोपण किया गया। 8 जुलाई को श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल में पौधे लगाये गये। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एस.एच.ओ. सदानन्द ने शिरकत की। इन अवसरों पर लायन प्रधान संजय बंसल, सुरेश बंसल, जुगल ग्रोवर, प्रवीण गर्ग, रामस्वरूप खट्टर, महेन्द्र पुष्करणा, नरेश लीखा, मदन लाल पाहवा, अशोक जुनेजा, लुकेश भुटानी, योगैश मुंजाल, गोपाल मुंजाल, विजय शर्मा, अशोक बंसल, आशीष गोयल, ज्ञान पोपली, कुणाल अग्रवाल, भारतभूषण महता, दीपक मित्तल, सुरेन्द्र बांगा, यश अरोड़ा, महेश बांगा, चेयरमैन प्रवीण इलावादी, राजेश लाम्बा, राजपाल यादव, दिलबाग सिंह जाखड़ आदि उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा की कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा रोड रूल्स, लाइफ टूल्स विषय पर एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में स?क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. कुशल पाल ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता रानी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट का उपयोग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, और ट्रैफिक संकेतों का पालन जैसे साधारण उपाय सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम कर सकते हैं और अनमोल जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज में जिम्मेदार सड़क संस्कृति को बढ़ावा देने वाले बदलाव के वाहक के रूप में देखा। कार्यक्रम में विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सुनीता रानी ने छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित कानूनी पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत दंडों की जानकारी दी और यह भी बताया कि स?क दुर्घटना की स्थिति में उनके अधिकार और कर्तव्य क्या होते हैं।

## नशा रोकने के लिए आगे आएं, 1933 पर दें जानकारी: डीसी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 8 जुलाई।** डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन - मानस - 1933 की शुरुआत की गई है। यह हेल्पलाइन नंबर 24×7 सक्रिय रहेगा और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा देगा।

डीसी डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि विशेष बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**नशा रोकने के लिए आगे आएं, 1933 पर दें जानकारी:** डीसी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी या दुरुपयोग की जानकारी हो, तो वे हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

## गंदगी फैलाने व पॉलीथिन का प्रयोग करने पर नगर परिषद थानेसर ने 49 दुकानदारों के किए चालान

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक



**थानेसर, 8 जुलाई।** नगर परिषद थानेसर की टीम ने पॉलिथीन और गंदगी फैलाने वालों पर शिकंजा कसते हुए करीब 49 दुकानदारों के चालान किए है। मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थी कि दुकानों पर खुलेआम प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग किया जा रहा है, इसके अलावा रेहड़ी व कई दुकानदार डस्टबिन का प्रयोग भी नहीं करते। इसलिए उनके द्वारा चालान काटने की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी दुकान पर डस्टबिन नहीं मिला और पॉलिथीन का प्रयोग करते हुए मिला तो अब चालान के साथ-साथ सामान जब्त करने की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जितेंद्र नरवाल ने कहा कि पिछले करीब एक सप्ताह से उन्होंने शहर के कई क्षेत्रों में चालान काटे हैं जिसमें मुख्य रूप से पिपली से थर्ड गेट, मोहन नगर, सेक्टर-13, सेक्टर-5, सेक्टर-17, रेलवे रोड, झांसा रोड व सलारपुर रोड स्थित अनाज मंडी के सामने का एरिया है।

उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के दौरान करीब 49 चालान काटे गए हैं जिनमें से पॉलिथीन के 30, प्लास्टिक 5 व गंदगी फैलाने के 14 चालान हैं। इस दौरान दुकानदारों से चालान की राशि के रूप में करीब 45 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दुकानदार सरकार द्वारा तय किए गए मानकों के आधार को पूरा करने वाला थैला ही खरीदें और उनमें ही ग्राहकों को सामान दें। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे घरों से थैला लेकर आए। इस अवसर पर उनके साथ सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, सुपरवाईजर राजेश कुमार, राजन व सफाई दरोगा की टीम मौजूद रही।

## 52.02 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के दिशा-निर्देशन में एंटी नारकोटिक्स सेल ने कार्रवाई करते हुए 52.02 ग्राम हेरोइन के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव रोड निवासी परमजीत के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नारा नाका पर चेकिंग के दौरान आरोपी को काबू किया गया। उसकी लोअर की जेब से हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह नशा फिरोजपुर (पंजाब) से खरीदा था और बेचने के लिए मतलौडा की ओर जा रहा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस सप्लायर तक पहुंचने के लिए आगे की जांच में जुटी है।

## कांवड यात्रा में जाने वाले शिव भक्त अपने साथ रखे पहचान के लिए कोई एक आईडी: जसपाल गिल

अर्थ प्रकाश/संजीव कुमार



**व्यासपुर, 8 जुलाई।** 11 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाल कांवड यात्रा के आयोजन को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय व्यासपुर में उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने अधिकारियों कर्मचारियों व कांवड सेवा शिविर लगाने वाले समाज सेवी लोगों की मीटिंग लेकर कावड यात्रा के दौरान किए जाने वाले प्रबंधों बारे विस्तार से चर्चा की। मीटिंग में उप-पुलिस अधीक्षक, हरविन्द्र सिंह व्यासपुर मुख्य रूप से उपसिथत रहें उन्होंने कांवडियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा की जाने वाली तैयारियों बारे बताया। मीटिंग में प्रतिनिधि खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, व्यासपुर व सढौरा,प्रवर चिकित्सा अधिकारी, व्यासपुर डा. समा परवीन सहित सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कावड यात्रा के दौरान शिव भक्तों / कावडियों की सुख्क्षा के लिये पुख्ता प्रबन्ध करने बारे निम्नलिखित निर्देश दिए। कावडियों के लिए रूट मैप तैयार करके उसका निरिक्षण करना,कावड शिविरों के पास वैरिगेडिंग करवाना तथा कावड यात्रा के दौरान कावडियों की सुरक्षा व यातायात के सुचारू व सुरक्षित आवागमन बनाए रखने की समुचित व्यवत्या करने के निर्देश दिए।

जिले के बाहर से आने वाले सभी कावडियों के लिए शहर के बाहर से रूट निर्धारित करने,पी0.सी0.आर0 राईडर का सड़क पर लगातार आवागमन रहे ताकि किसी भी दुर्घटना से समय रहते बचाव हो सके। किसी वाहन पर ध्वनि यन्त्रों, साऊंड सिस्टम,लाउड स्पीकर,डी0. जे0 का प्रयोग कम ध्वनि के साथ करें। क्रेन का प्रबंध करे ताकि कावड़ यात्रा के दौरान आवश्यकता पड़ने पर उनको प्रयोग किया जा सके। सभी संबन्धित थाना प्रभारियों को हिदायत दी कि वह कावड यात्रियों की एक सूची सरपंच व ग्राम सचिव के साथ मिलकर तैयार करें। कावड यात्रा के दौरान कावडियों की सुरक्षा व यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिये अपने-अपने खण्ड में कार्यरत अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं एवं शान्ति कमेटी के सदस्यों से सम्पर्क करके बैठक का आयोजन करे। सामाजिक व धार्मिक सस्थाओं द्वारा कावड़ियों की सुरक्षा के लिये जगह-जगह जो शिविर लगाये जायेगें उनकी अनुमति संबन्धित उपमण्डलाधीश द्वारा ली जाये।

## महावीर पार्क की झील में डूबने से दो लड़कियों की मौत

**अंबाला (रवि पाहुजा)।** सिटी महावीर पार्क की झील में मंगलवार को दो लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। दोनों युवतियां शहर के एक कंप्यूटर सेंटर में कोर्स कर रही थीं और सेंटर से निकलने के बाद पार्क में गई थीं। झील में गाद ज्यादा होने के कारण उन्हें बाहर निकालने में दिक्कत आई। मौके पर मौजूद युवकों ने झील में उतरकर उन्हें बाहर निकाला और CPR देकर बचाने की कोशिश की। डायल-112 टीम ने उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अंजलि (शिवपुरी) और जस्मीन कौर (बसौली, पंजाब) के रूप में हुई है। हादसे के बाद पार्क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लाडवा विधानसभा के तीन व्यक्तियों को 6 लाख रुपये के चैक किए वितरित

अर्थ प्रकाश/शंकर लाल

**लाडवा, 8 जुलाई।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के हर वर्ग के लिए योजनाओं बनाकर उन्हें लागू किया जा रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश में अंत्योदय की नीति से कार्य कर रही है। सबसे पहले अंतिम व्यक्ति का लाभ दिया जा रहा है। एक लाख से कम आय वाले लोगों के लिए सबसे ज्यादा योजनाएं लागू की हुई हैं।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने लाडवा विधानसभा के 3 व्यक्तियों को 6 लाख रुपये के चैक वितरित किए। दो व्यक्तियों को पेटी ग्रांट के तहत 50-50 हजार रुपए और एक महिला को मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत 5 लाख रुपए का चैक दिया गया।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश के किसानों व मजदूरों की खेती का कार्य करते समय दुर्घटना की स्थिति में सरकार द्वारा मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत सहायता की जाती है। इसी योजना के तहत मार्केट कमेटी बाबैन के गांव घिसरपड़ी निवासी कविता रानी को आर्थिक सहायता के तौर पर 5 लाख रुपए की राशि का चैक दिया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, विकास शर्मा, अमरेंद्र सिंह और नरेंद्र दबखेड़ा, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, पूनम सैनी, मोनिका बंसल व जसवंत छपरा भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व का भागीदारी न्याय महासम्मेलन 25 को दिल्ली में: योगेंद्र योगी

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी, 8 जुलाई।** कांग्रेस पार्टी और नेता विपक्ष राहुल गांधी बार-बार भारत की शक्ति संरचना जैसे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, उच्च श्रेणी के सिविल सेवकों, मीडिया प्राधिकरणों और कॉरपोरेट क्षेत्र में ओबीसी की अनुपस्थिति की ओर इशारा करते रहे हैं।राहुल जी दृढ़ता से मानते हैं कि महात्मा फुले, महात्मा गांधी, नेहरूजी और बाबासाहेब के सपनों को साकार करने के लिए उच्चतम प्राधिकारी पदों पर ओबीसी वर्ग की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रेस के नाम जारी बयान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र योगी पूर्व चेयरमैन हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। आज, हमें हाशिए पर खड़े वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए लड़ना होगा।योगी ने कहा इसके लिए एक मजबूत और जीवंत ओबीसी आंदोलन आवश्यक है।

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के ओबीसी नेता इस नई शुरुआत की घोषणा करने के लिए 25 जुलाई, 2025 को सुबह 10 बजे दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एकत्रित हो रहे हैं। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के लोगों से आह्वान किया कि इस भागीदारी न्याय महासम्मेलन में आपकी उपस्थिति देश भर के ओबीसी वर्ग को एकजुट और जागरूक करने में बहुत महत्वपूर्ण होगी।

योगी ने आगे की जानकारी देते हुए कहा महासम्मेलन में माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता न्याय योद्धा राहुल गांधी मुख्य रूप से संबोधन करेंगे। योगी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने ओबीसी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अनिल जयहिंद के संयोजन में एक 24सदस्यों की एडवाइजरी कमेटी गठित की है।

## अस्पताल में स्टाफ की कमी, मरीज हुए बेहाल


### इन्द्री सरकारी हस्पताल में डाक्टर्स की 11 पोस्ट लेकिन काम कर रहे केवल तीन डाक्टर

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



**इन्द्री, 8 जुलाई।** कहने व देखने में तो तो इन्द्री में बहुत बड़ा सरकारी हस्पताल है लेकिन यहां काम करने वाले चिकित्सक केवल गिनती भर के ही है। हस्पताल में डाक्टर्स की कमी के चलते हल्कावासी बहुत परेशान है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इस कमी के बारे में कई बार मरीज अधिकारियों व विधायक के आगे गुहार लगा चूके है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मरीज हिसम जोकि गांव गुढ़ा से अपनी चोट का ईलाज करवाने आए थे लेकिन कोई चिकित्सक ना मिलने के कारण काफी समय तक इंतजार करते रहे। उन्होंने कहा कि काफी समय से ऐसी समस्या चल रही है। हस्साल में दवाईयां भी नहीं मिलती है वो भी बाजार से खरीदनी पड़ रही है। गर्भवती महिला की जांच करवाने के साथ आई एक महिला ने बताया कि वो पिछले काफी समय से यहां इंतजार कर रही है। उनके मरीज को ग्लुकोज लगना है लेकिन कोई चिकित्सक मौके पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की कोई भी सुविधा यहां नहीं मिल रही है। केवल एक लेड़ी चिकित्सक है वो भी किस किस मरीज को देखेगी। उन्होंने कहा कि इतने बड़े हस्पताल को कौन सभांलेगा। हमारी मांग है कि हस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए एक अलग से लेडी चिकित्सक होनी चाहिए। कांग्रेसी नेता सुमित मंढ़ाण ने बताया कि हस्पताल में बहुत बुरा हाल है। सरकारी हस्पताल में सुविधााओं के अभाव होने के कारण ही लोग प्राईवेट हस्पताल में ईलाज करवाने को मजबूर हो रहे है। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी विधायक महोदय से हस्पताल में ओर चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की थी लेकिन कोई नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने चेताया कि यदि हस्पताल में चिकित्सकों की जल्द नियुक्ति ना हुई तो हम अपनी युवा टीम के साथियों के साथ प्रदर्शन करेगें ओर विधायक के निवास का घेराव करेगें। हम मुख्यमंत्री को पत्र लिखेगें कि या तो इन्द्री के हस्पताल में चिकित्सक नियुक्त किए जाएं नहीं तो इस हस्पताल को बंद कर दे। सुमित मंढ़ाण ने कहा कि सरकार ने गरीब आदमी को हर तरफ से मार रखा है। हस्पताल के एसएमओं ड़ा.संदीप अबरोल ने कहा कि इन्द्री हस्पताल में कुल 11 ड़ाक्टर्स की पोस्ट है लेकिन इस समय यहां केवल तीन डाक्टर्स ही काम कर रहे है। इसी प्रकार ब्याना, खूखनी व भादसों पीएससी में भी केवल एक एक ड़ाक्टर ही हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई बार सीएमओं व स्थानीय विधायक को बोला गया है ओर उन्होंने आश्वासन दिया है कि जैसे ही कोई भर्ती होती है तो यहां पर चिकित्सक उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

# आचार्य भिक्षु मारवाड़ के रेगिस्तान में गुलाब के फूल की तरह खिलने वाले आश्चर्य के समान थे: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक



**चंडीगढ़।** मंगलवार को आचार्य भिक्षु के 300 वें जन्मदिवस पर मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अपने प्रवचनो मे कहा आचार्य भिक्षु मारवाड़ के रेगिस्तान में गुलाब के फूल की तरह खिलने वाले आश्चर्य के समान थे। सरल व्यक्ति दलबंदी नहीं कर सकता, जो मायाचार जानता है, जो अपने चेहरे को बदलना जानता है, उसके आगे का चेहरा अलग होता है,वह दलबंदी करता है, आचार्य भिक्षु ने ऐसे व्यक्ति के चरित्र का, बहुत मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया आचार्य भिक्षु ने अपने मौलिक चिंतन के आधार पर नये मूल्यों की स्थापना की।

मनीषीसंत ने आगे कहा आचार्य भिक्षु ने धर्म क्रांति के द्वारा सामाजिक धार्मिक रुढ़ियों का विरोध किया तथा शुद्ध धर्म पालने की शिक्षा दी। वे कुशाग्र प्रज्ञा के धनी थे और उनकी हाजिर जवाबी के सभी कायल थे। आज से 250 वर्ष पूर्व उन्होंने जो मर्यादा से संबंधित संविधान लिखा वह आज भी प्रासंगिक है और उसमें बहुत कम परिवर्तन हुआ है।

## संतो पर बोलना आसान है लेकिन उनके उपदेशो पर चलना कठिनः मुनि सुधाकर जी

इस अवसर पर मुनि सुधारक जी ने कहा आज का दिन बेहद ही सौभागयशाली भरा दिन है। उन्होने कहा महाभिक्षु तुम इस धरा महावीर बनकर आये थे। एक बार किसी ने मुझसे पूछा कि सबसे कठिन और सबसे आसान कार्य कौन सा है तो मैने कहा सुबह पेस्ट निकालना आसान और उसी पेस्ट को दोबारा डालना कठिन है, इसी प्रकार से संतो के जीवन पर बोलना आसान है लेकिन उनके उपदेशो को जीवन मे ढालना बेहद ही कठिन है। आचार्य भिक्षु जब गर्भ मे थे तो माता ने सिंह का स्वप्र देखा और बाबा भिक्षु सिंह के सम्मान निर्भय, साहसी अपनी बात पर पेहरा देने वाले महान संत थे। आज मंगलवार का दिन है और आज के ही दिन भगवान राम, हनुमान भगत, रामायण की रचना भी आज के दिन ही हुई।

### जो दूसरों की पीड़ा देखकर रोये उसे जैन कहा जाता हैः श्री सम्पूर्णानंद ब्रहमचारी

अगिन अखाडा के महासचिव श्री सम्पूर्णानंद ब्रहमचारी ने आचार्य भिक्षु के 300 वे जन्ममहोत्सव पर श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा आचार्य भिक्षु के पास जो था अपने पास न रखकर सबको 13 भिक्षुओं मे समर्पण कर दिया। आचार्य भिक्षु का पूरा जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए था। ब्रहमचारी ने कहा जो दूसरो की पीडा देखकर रोये उसे जैन कहते है। धर्मसंघ के आद्यप्रवर्तक परम श्रद्धेय आचार्यश्री भिक्षु द्वारा प्रणीत संघ में वैयक्तिक सोच और स्वतंत्र चिंतन के लिए पूर्ण अवकाश है। इसके साथ साथ धर्मसंघ के चतुर्थ आचार्य श्रीमज्जयाचार्य सुयोग भी है। बोलचाल की भाषा में यह लोकतंत्र और एकतंत्र का ऐसा मिश्रण है जिसमें धर्मसंघ को हिमालयी ऊंचाईयों और सागर सी गहरांईयों प्रदान की है।

आचार्य भिक्षु के 300 वे जन्मदिवस पर बोलते हुए नरेश मुनि ने कहा मैं नाम पुकारन तेरा मेरे दिल मे करो बसेरा गीत प्रस्तुत कर अपने विचारो की अभिव्यक्ति प्रकट की।

### सीएम नायब सैनी ने तेरापंथ युवक परिषद के रक्तदान अमृत महोत्सव के बैनर का किया लोकार्पण

इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद के रक्तदान अमृत महोत्सव के बैनर का हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोकार्पण किया है। बतां दे कि तेरापंथ युवक परिषद जिसने विश्वभर मे रक्तदान कैंप का आयोजन कर सम्पूर्ण मानवता को एक एक सूत्र मे पिरोने का कार्य कर रहे है। विगत वर्षों में अभातेयुप द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में अनेक भव्य आयोजनों के माध्यम से विश्व स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं।

इसके अलावा कार्यक्रम मे पंजाब यूनिर्सिटी हिंदी विभाग के प्रोफेसर अशोक कुमार जी और नवलखा ने हरियाणा सीएम सैनी का पट्ट पहनाकर स्वागत किया। वही पीसी सिंगला व नवलखा ने सम्पूर्णानंद ब्रहमचारी का पट्ट पहनाकर स्वागत किया। वही मनोज जैन, नरेश जी ने रमण कृष्ण शास्त्री का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही राजेश सेठिया, अरूण ढागा ने ब्रहमचारी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अणुव्रत समिति के चेयरमैन मनोज जैन व सलील बंसल ने किया।





नोकरियां यहां देखें

**भारतीय नौसेना में**
चार्ज मैन, स्टोरकीपर व अन्य के
कुल पद : 1110
आवेदन की अंतिम तिथिः 18 जुलाई, 2025
करें आवेदनः
**joinindiannavy.gov.in**

**असम राइफल्स में**
वारंट ऑफिसर, राइफल मैन व अन्य के
**कुल पदः** 79
आवेदन की अंतिम तिथिः 21 जुलाई, 2025
आयु सीमाः न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 25 वर्ष
करे आवेदनः
**assamrigles.gov.in**

**राष्ट्रीय जल अभिकरण में**
अधीक्षण अभियंता व अन्य के
**कुल पदः 13**
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 जुलाई, 2025

**एमपीटीआरएएनएससीओ में**
सहायक अभियंता, विधि अधिकारीव अन्य के
**कुल पदः 633**
आवेदन की अंतिम तिथिः 04 अगस्त 2025
योग्यताएंःस्नातक इंजीनियरिंग व अन्य पात्राएं
करे आवेदनः
**mptransco.in**

**दिल्ली विकास प्राधिकरण में**
नायब तहसीलदार व कानूनगो के
**कुल पदः** 91
आदेवन की अंतिम तिथिः 18 जुलाई 2025
योग्यताः ग्रेजुएशन व अन्य
करे आवेदनः
**dda.gov.in**

**दिल्ली जल बोर्ड में**
ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर व अन्य के
**कुल पदः** 80
आवेदन की अंतिम तिथिः 15 अगस्त, 2025
**आयु सीमाः** न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष
करे आवेदनः
**delhijalboard.delhi.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
**arthparkash.com** देखें


## प्राइम डे से पहले 'अमेजन ब्यूटीवर्स 2025' में सौंदर्य प्रेमियों का संगम

चंडीगढ़। अमेजन इंडिया ने आज मुंबई को सौंदर्य नवाचार का केंद्र बना दिया, जहां अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेबेलिन द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बेला वीटा, विशकेयर और एक्सिस-वाई सहयोगी ब्रांड्स के रूप में शामिल थे। प्राइम डे 2025 (12 से 14 जुलाई) से पहले आयोजित इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में 1400 से अधिक ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस इवेंट की शोभा बढ़ाई बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि ने। इनके साथ-साथ अमेजन प्राइम सदस्य, कंटेंट क्रिएटर्स और सौंदर्य उद्योग से जुड़े अग्रणी विशेषज्ञ भी शामिल हुए।इस दौरान उपस्थित लोगों को हाइफन, सेरा वी, लेनीज, टीएफआईटी, मिलानी, रियल टेक्नीक्स, नॉटिका फॉर हर, लामेल और अन्य प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट लॉन्च की पहली झलक भी देखने को मिली।अमेजन ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने कहा, ÷हम अमेजन ब्यूटीवर्स 2025 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं, यह एक विशेष आयोजन है जो प्राइम सदस्यों और अमेजन इन्फ्लुएंसर्स के लिए सौंदर्य की खोज के अनुभव को नए रूप में प्रस्तुत करता है।

## भक्त और महापुरुष कभी भी अपनी मर्जी नहीं चलाते

भक्त ने सदा सब कुछ इस दातार, इस प्रभु-परमात्मा को ही माना है कि हे दातार, तेरी ही सब वस्तुएं हैं। तू ही दाता है, तू ही देने वाला है। मेरा तो है ही क्या जो मैं इन चीजों का असर ग्रहण करूँ। यह तो तेरी ही वस्तुएं हैं, तू ही मालिक है। इसलिए भक्त बेफिक्र हो जाता हे और कोई बोझा अपनेपर कभी नहीं लेता-

चिन्ता तो सतनाम की, ओर न चितवे दास।
जो कुछ चितवे नाम बिन, सोई काल की फांस।

इस नाम के बगैर भक्त को और चिन्ता नहीं होती। अगर भक्त नाम को छोड़ कर और चीजों की चिन्ता करता है तो वह काल की फांस की तरह उसके गले को जकड़े रहती है, उससे उसके सांस सूखते रहते हें। इसलिए कहा है कि-
एकला चिन्ता।

भक्त इस एक प्रभु की चिन्ता (सोच-विचार) करते हैं, किसी ओर की चिन्ता नहीं रखते। इस ईश्वर प्रभु-परमात्मा, इस निराकार को ही कर्ता मानकर, सब कुछ इसी को ही मानकर, जिस-जिस ने भी जीवन व्यतीत किया है, वही सुखी हो गया है, वही आनन्दित हो गया है।

जिनको कछु न चाहिए सोई शहनशाह।

जिसके मन में कोई लालसा नहीं, वही सबसे बड़ा शहनशाह हुआ करता है, वही भरपूर हुआ करता है,


सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

वही अपने आपको संतुष्ट मानते हैं। निरलेप जीवन जीने वालों की यही अवस्था हुआ करती है।

लोग अपने पद, विद्याओं और जातियों के अभिमान के कारण भी भक्ति नहीं कर पाते। जितने भी महापुरुष हुए हैं, क्या उन्होंने अपनी जाति का अभिमान किया? किसी ने भी जाति का अभिमान नहीं किया। किसी ने अपने आप को विद्वान नहीं माना कि मैं बड़ा विद्वान हूँ, मैं तो कविताओं की रचना करता हूँ, मैं तो सुन्दर शब्दों का प्रयोग करता हूँ। दूसरे इन्सान तो ऐसा कर ही नहीं पाते। कभी भी किसी महापुरुष ने ऐसा अभिमान नहीं किया। उन्होंने हमेशा इस दातार की कृपा ही मानी है।

ना कुछ किया, न करि सका न करने जोग शरीर।
जो कुछ किया सो हरि किया, भयो कबीर कबीर।

हे दातार, सब तू ही करने वाला है, आप तो मेरा यश कराना चाहते हैं, मेरा नाम कराना चाहते हैं। इसलिए ही मेरा नाम हो जाता है। तेरे कारण ही मेरी यश-कीर्ति हो रही है।

भक्त और महापुरुष कभी भी अपनी मर्जी नहीं चलाते। संसार के मनुष्य तो केवल अपनी मर्जी ही चलाने की कोशिश करते हैं। लेकिन भक्तों की विशेषता यह बताई जाती है कि भक्त सब कुछ हमेशा इस दातार के ऊपर ही छोड़ते हैं। अपनी मर्जी के बजाए दातार की मर्जी को अहमियत देते हें। यह भी एक अकिकत है कि यहां अपनी मर्जी से होने वाला भी क्या है? इन्सान अपने सर की कसम खाता है, तो हज़रत ईसा मसीह ने कहा है कि हे इन्सान तू सर को तो अपना बता रहा है, पर तुझे इसमें अख्तियार क्या है? अपने सर पर एक बाल भी सफेद होने से तू रोक सकता है क्या? तुझे तो इतना भी अख्तियार नहीं। फिर इस सर में तेरा क्या है, जिसकी कसमें खाता है? ये सब कुछ दातार का है, इस दातार के सहारे ही सब कुछ चलता है, उसी का जीवन सरल और सहज बन जाया करता हे। इसी को निरलेप अवस्था वाला कहा जाता है। इसी को कमल की फूल की तरह बताया जाता है कि इस संसार में रहता हुआ भी वह इस संसार के न्यारा रहता है। वह हर घड़ी उतार-चढ़ाव में, सुख-दुख में दातार की ही रजा मान रहा होता है और ऐसी दशा को प्राप्त करके वह निरंतर अपने मार्ग पर ही चलता जाता है।

## पंचांग

बुधवार, 9 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:30 ए एम, सूर्यास्तः 07:22 पी एम, चन्द्रोदयः 06:28 पी एम, चन्द्रास्तः 04:34 ए एम, जुलाई 10, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः चतुर्दशी - 01:36 ए एम, जुलाई 10 तक, नक्षत्रः मूल - 04:50 ए एम, जुलाई 10 तक, योगः ब्रह्म - 10:09 पी एम तक, करणः गर - 01:11 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 01:36 ए एम, जुलाई 10 तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः धनु, राहुकालः 12:26 पी एम से 02:10 पी एम, गुलिक कालः 10:42 ए एम से 12:26 पी एम, यमगण्डः 07:14 ए एम से 08:58 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:54 पी एम, अमृत कालः 10:00 पी एम से 11:43 पी एम, वर्ज्यः 11:46 ए एम से 01:29 पी एम, वर्ज्यः 03:07 ए एम, जुलाई 10 से 04:50 ए एम, जुलाई 10

## भविष्य फल



**मेषः** गलतफहमी और लगातार असहमति परिवारिक माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह स्थिति आपको तनावग्रस्त कर सकती है।

**वृषः** आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आपकी सेहत बेहतर बनी रहेगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे।

**मिथुनः** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें। उन्नति के रास्ते खुलेंगे।

**कर्कः** आज पारिवारिक समस्याओं से मन विचलित हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि के योग हैं।

**सिंहः** इस माह आपको भाग्य के साथ शानदार परिणाम मिलेंगे। आप प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे।

**कन्याः** करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। अपने कार्यों में संतान से पूरी मदद मिलेगी।

**तुलाः** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। अपने काम पर पूरी नजरे रखें। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियों में धन खर्च होने की संभावना है, प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः** आर्थिक रूप से यह बहुत अच्छी अवधि है। व्यापारी वर्ग वांछित परिणाम प्राप्त करेंगे और अपने कार्य क्षेत्र में अपने लिए जगह बनाएंगे।

**मकरः** पारिवारिक मामलों में आपको भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है।

**कुंभः** बिजनेस में आत्मनिर्भरता रहेगी। नए लोगों से कॉन्टैक्ट बनेंगे। कामकाज बढ़ेगा। साथ के लोगों से सहयोग मिल सकता है।

**मीनः** अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखे।

## अलेक्सा , फायर टीवी और किंडल व्हाइट के साथ इको स्मार्ट स्पीकर पर 50 प्रतिशत तक की छूट

चंडीगढ़। अमेजन इंडिया की प्राइम डे शॉपिंग इवेंट फिर से शुरू हो रही है, जिसमें प्राइम सदस्यों को तीन दिनों, यानी 12 से 14 जुलाई तक आकर्षक ऑफर एवं डील्स मिलेंगी। 72 घंटों की इस शॉपिंग इवेंट में डिवाइसेज़ पर शानदार ऑफर दिए जा रहे हैं। अलेक्सा -इनेबल्ड इको स्मार्ट स्पीकर, स्मार्ट डिस्प्ले, फायर टीवी स्ट्रीमिंग स्टिक और लेटेस्ट किंडल पेपर व्हाइट तक हर डिवाइस बहुत ही आकर्षक ऑफरों के साथ मिल रही है। इसलिए स्मार्ट होम का सेट-अप करना हो, मनोरंजन सेटअप को अपग्रेड करना हो, या कोई किताब पढ़ना हो, इस शॉपिंग इवेंट में हर रुचि के लोगों को बेहतरीन डील्स मिलेंगी। अमेजन का अब तक का सबसे तेज किंडल , ऑल-न्यू किंडल पेपर व्हाइट आपको कहानियों की दुनिया में ले जाएगा। 7-इंच के ग्लेयर-फ्री डिस्प्ले, 25त्न अधिक तेज पेज टर्न और सिंगल चार्ज में 12 सप्ताह तक की बैटरी लाइफ के साथ, अमे?न का यह नया ई-रीडर अब तक के सभी पेपरवाइट से बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करता है। आप घर में हों या ऑन-द-गो रहते हों, इसके साथ आप कभी भी और कहीं भी पढ़ सकते हैं। ऑफर में किंडल पेपरवाइट 3,000 रुपए के फ्लैट डिस्काउंट के साथ केवल 13,999 रुपए में मिल रहा है।

## अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

चंडीगढ़। अमेजन इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, अमेजन डिवाइसेज, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है। यह शॉपिंग का एकदम सही समय है, इसलिए अपनी प्राइम मेंबरशिप का अधिकतम लाभ उठाएं और खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार किए गए ऑफर्स का आनंद लें। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड व एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान कर 10त्न तक की बड़ी बचत कर सकते हैं।प्राइम वीडियो ने इस प्राइम डे के मौके पर 17 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ व फिल्मों की जबरदस्त लाइन-अप का ऐलान किया है, जो विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध होंगी।

## चातुर्मास केवल ठहराव नहीं, आत्मा के उत्थान का उत्सव है: पूज्य अरुण मुनि जी महाराज

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत।** संघ शास्ता, शासन प्रभावक, पूज्य गुरुदेव श्री सुदर्शनलाल जी महाराज के सुशिष्य, योगिराज, युवाप्रेरक, प्रज्ञा महर्षि पूज्य अरुण मुनि जी महाराज ने सोमवार को अग्रवाल मंडी स्थित जैन स्थानक में आयोजित धर्मसभा में 'चातुर्मास क्या है और क्यों है?' विषय पर सारगर्भित प्रवचन देते हुए आत्मा की साधना के इस काल की महिमा को रेखांकित किया। पूज्य मुनिश्री ने कहा, चातुर्मास केवल ऋतुजन्य ठहराव नहीं, आत्मा को चेतनता, संयम और साधना की ओर मोड़ने का काल है। यह धर्म की खेती का मौसम है। उन्होंने अपनी मधुर वाणी में उपदेश दिया कि चातुर्मास वर्षा ऋतु में आने वाला वह विशेष चार महीनों का कालखंड है (आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा तक), जब जैन साधु-संत एक स्थान पर ठहरते हैं। इस ठहराव का उद्देश्य पर्यावरण की विवशता नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, तपस्या और लाखों सूक्ष्म जीवों की रक्षा करना है।



पूज्य गुरुदेव ने विशेष रूप से कहा दुनिया बदल गई, लेकिन जैन साधु नहीं बदला। भगवान महावीर से लेकर आज तक जैन मुनि भगवान की आज्ञा अनुसार नंगे पाँव ही विहार करते हैं, घरों से गौचरी मांगकर भोजन करते हैं, बिजली, पंखा, माइक आदि का प्रयोग नहीं करते, रात्रि में चौबिहार का पालन करते हैं। संसार में एक जैन साधु ऐसा है जो पानी भी मांगकर पिता है अपने आप तुन्टी या नलके से पानी नहीं पिता है ईनका जीवन खांडे की धार पर चलने जैसा है। गृहस्थों के लिए भी अमूल्य अवसर मुनिश्री ने कहा कि यह समय केवल साधुओं के लिए नहीं, अपितु गृहस्थ समाज के लिए भी आत्मिक जागरण और आत्मसंयम का दुर्लभ अवसर है। उन्होंने कहा चातुर्मास में किया गया तप, व्रत, ध्यान, उपवास और सेवा सामान्य काल से कई गुना फलदायी होता है। यह आत्मा की यात्रा प्रारंभ करने का श्रेष्ठ अवसर है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस अवधि में सामायिक, प्रतिक्रमण, उपवास, ध्यान, स्वाध्याय और गुरुभक्ति को जीवन का अंग बनाएं।

चार सूत्र जो जीवन बदल दें। प्रवचन के अंत में मुनिश्री ने चार मौलिक सूत्रों के माध्यम से आत्मिक उत्थान का मार्ग बताया।

1 भगवान की पहली आज्ञा सामायिक है- आत्मा में स्थिर होना ही सच्चा धर्म है।

2 सधर्मिक को दिया गया दान कई गुना होकर लौटता है- यह दान आत्मिक उन्नति का साधन है।

3 सेवा से मनुष्य का अहंकार शून्य होता है ङ्क विनम्रता आत्मा को प्रभु से जोड़ती है।

4 आत्मा की शुद्ध अवस्था ही ईश्वर है ङ्क ईश्वर कहीं बाहर नहीं, वह हमारे भीतर ही है।

श्रद्धालुओं ने लिया आत्मसाधना का संकल्प

पूज्य मुनिश्री के ओजस्वी, प्रेरक और आत्मा को झकझोर देने वाले वचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्ममंथन की ओर प्रेरित किया। प्रवचन के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे चातुर्मास की इस पुण्यावधि में धर्माराधना, संयम और सेवा को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे।

## आधारशिला: कक्षा 5वीं-12वीं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ट्राइसिटी का प्रीमियर कोचिंग संस्थान




क्या आप ऐसे कोचिंग संस्थान की तलाश कर रहे हैं जो सिर्फ़ पाठ्यक्रम को कवर करने से कहीं ज़्यादा कुछ करता हो? आधारशिला में आपका स्वागत है, ट्राइसिटी का सबसे भरोसेमंद नाम, जहाँ अकादमिक उत्कृष्टता समग्र विकास से मिलती है। आधारशिला में, हम सिर्फ़ पढ़ाते ही नहीं हैं - हम छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए मार्गदर्शन, प्रेरणा और तैयारी कराते हैं।

हम कक्षा 5वीं से 12वीं के लिए व्यापक अकादमिक कोचिंग प्रदान करते हैं, जिसमें सभी प्रमुख विषय एक ही छत के नीचे शामिल होते हैं। हमारा उद्देश्य प्रत्येक छात्र की मानसिक क्षमता, तार्किक तर्क और व्यावहारिक समझ को बढ़ाते हुए अवधारणाओं में एक मज़बूत आधार बनाना है। चाहे आपका बच्चा अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करना चाहता हो या ह्श्वश्वञ्ज, छ्वश्वश्व, ढ्ढ्ढञ्ज या बैंकिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हो, आधारशिला हर कदम पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करता है।

### आधारशिला क्यों चुनें?

**व्यक्तिगत ध्यानः** व्यक्तिगत मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के लिए छोटे, केंद्रित बैच

**उच्च योग्यता प्राप्त संकायः** परिणामों के प्रति जुनूनी अनुभवी शिक्षक

**स्मार्ट क्लासरूमः** सीसीटीवी और आधुनिक व्हाइटबोर्ड से सुसज्जित एसी कमरे

**ऑल-इन-वन स्टडी सपोर्टः** हर छात्र के लिए किताबें, नोट्स और बैग के साथ स्टडी किट

**लाइब्रेरी एक्सेसः** स्वयं या समूह सीखने के लिए शांत और सहयोगी अध्ययन स्थान

**नियमित मूल्यांकनः** ताकत और कमजोरियों की निगरानी के लिए साप्ताहिक और मासिक परीक्षण

**100 प्रतिशत छात्रवृत्तिः** योग्यता के आधार पर योग्य छात्रों के लिए पूर्ण सहायता

**अभिभावक जुड़ावः** प्रगति और प्रतिक्रिया को ट्रैक करने के लिए नियमित अभिभावक-शिक्षक बैठकें

**शांतिपूर्ण, छात्र-अनुकूल वातावरणः** केंद्रित सीखने को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किया गया स्थान

आधारशिला सिर्फ़ एक कोचिंग सेंटर नहीं है - यह उन युवा दिमागों के लिए एक लॉन्चपैड है जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं। अकादमिक बुनियादी बातों से लेकर परीक्षा में सफलता की रणनीतियों तक, हम यहाँ उज्ज्वल, आत्मविश्वासी उपलब्धि हासिल करने वालों को आकार देने के लिए हैं।

## सिर्फ खरीदारी मत कीजिए, इस प्राइम डे को अमेजन पे के साथ बनाइए और भी स्मार्ट

शिमला। प्राइम डे 2025 बस आने ही वाला है, 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक चलने वाला यह उत्सव इस बार पहले से भी बड़ा और बेहतर है, जिसमें 72 घंटों तक एक्सक्लूसिव डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का धमाका होगा। लेकिन अगर आप एक स्मार्ट शॉपिंग करने वाले ग्राहक हैं, तो आप जानते हैं कि एक अच्छा सौदा सिर्फ ऑफर तक ही सीमित नहीं होता, खासकर जब आप अमेजन पे का इस्तेमाल करते हैं।फिर चाहे बात हो यात्रा की, महंगी ख़रीदारी की, रोजमर्रा की ज़रूरतों की या गिफ्ट कार्ड्स की इस प्राइम डे पर जानिए कैसे आप हर रुपये का ज़्यादा से ज़्यादा फायदा उठा सकते हैं और अधिकतम वैल्यू अनलॉक कर सकते हैं।अगर आप प्राइम डे के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, होम अप्लायंसेज़ या फैशन खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करना आपके लिए वाकई फायदेमंद साबित हो सकता है।प्राइम मेंबर्स को हमेशा मिलने वाला 5प्रतिशत कैश बैक तो है ही, लेकिन प्राइम डे पर उन्हें अतिरिक्त 5त्न इंस्टेंट कैश बैक भी मिलेगा जिससे पहले से ही शानदार डील्स और भी बेहतर हो जाएंगी।

## तेज डिलीवरी स्पीड के साथ इस अमेजन प्राइम डे का आनंद लें

**चंडीगढ़।** अमेजन इंडिया अपने सबसे प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट ङ्क प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए आयोजित किया जा रहा है। 12 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग के लिए तैयार हो जाइए, जहां मिलेगा सबसे बड़ा कलेक्शन, सबसे तेज डिलीवरी, बेमिसाल डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट। चाहे आप अपने गैजेट्स अपग्रेड करना चाहते हों, वॉर्डरोब को रिफ्रेश करना हो या घर को नया लुक देना हो, प्राइम डे में स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज़, अमेजन डिवाइसेज़, फैशन, ब्यूटी, होम व किचन, फर्नीचर, किराना, रोजमर्रा की जरूरतें और बहुत कुछ शानदार छूट के साथ मिलेगा।प्राइम, डिलिवरीज और रिटर्न्स, इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स के डायरेक्टर अक्षय साही ने कहा, प्राइम डे हमारे ग्राहकों के लिए एक उत्सव है, और इस साल हम इसे अब तक से भी बड़े स्तर पर मना रहे हैं, 72 घंटों की शॉपिंग, बेहतरीन बचत और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट के साथ। हजारों डील्स के साथ, प्राइम डे देशभर के प्राइम सदस्यों के लिए अमेज़न का सबसे अच्छा अनुभव लाएगा। ग्राहक अब 'रुफस' का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

हमारा जनरेटिव एआई - संचालित शॉपिंग असिस्टेंट, जो खरीदारी की प्रक्रिया को आसान बनाता है। यह प्रोडक्ट्स की तुलना, व्यक्तिगत सुझाव और सबसे उपयुक्त विकल्प खोजने में मदद करता है। इस साल, रुफस और बेहतर हुआ है और अब डेस्कटॉप पर भी उपलब्ध है।




# मर्सिडीज लूटकांड का खुलासा
# दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, चार दिन के रिमांड पर

दोनों कुख्यात आदतन अपराधी, सुखी के खिलाफ पंजाब व हिमाचल प्रदेश में 4 व साबी के खिलाफ 8 मुकदमें पंजाब व हिमाचल प्रदेश में दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 8 जुलाई।** सेक्टर 3 के नजदीक एक कारोबारी को उसी की मर्सडीज कार में अगवा कर कार, मोबाइल, सोने की चेन लूटने के बाद नालागढ़ में छोड़ कर फरार हुए दो लुटेरों को पंचकूला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच-26 ने मर्सिडीज कार लूटकांड में शामिल दो कुख्यात अपराधियों को मढ़वाला बस स्टैंड से दबोचने में अहम सफलता प्राप्त की। आरोपी सुखजीत सिंह उर्फ साबी (33) होशियारपुर, पंजाब और सुखबीर सिंह उर्फ सुखी ( 29) किरतपुर, जिला रूपनगर, पंजाब के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी पेशेवर अपराधी हैं और इन पर पहले से हत्या की कोशिश, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में कई मामले दर्ज हैं। जिसमें सुखी के खिलाफ ऐसे 4 मामले पंजाब व हिमाचल प्रदेश में दर्ज है व साबी के खिलाफ ऐसे 8 मामले पंजाब व हिमाचल प्रदेश में दर्ज है।



### लूटी गई कार और सामान की पड़ताल जारी

डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही कर उसके क्रिमिनिल रिकार्ड की सभी एंगल से जांच की जा रही है। अदालत में पेश करने पर पुलिस को दोनों आरोपियों का 4 दिन का रिमांड मिला है रिमांड के दौरान लूटी गई कार, मोबाइल, घड़ी और सोने की चेन की बरामदगी के प्रयास किए जाएंये। जिसमें पुलिस इस गैंग के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जानकारी भी जुटाएगी।

### ...ताकि निडर हो कर जी सकें नागरिक

फ़पंचकूला को अपराध मुक्त बनाना सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक जनसंकल्प है—जिसके लिए पंचकूला पुलिस दिन-रात मेहनत कर रही है। हमारी हर कार्रवाई का उद्देश्य यही है कि आमजन निडर होकर जीवन जी सके। जो भी समाज की शांति को भंग करेगा, वह कानून की सख्त पकड़ में होगा—चाहे वह जितना भी शातिर या संगठित क्यों न हो। साथ ही यदि किसी भी प्रकार की अपराध या कोई गुप्त जानकारी सांझा करनी है तो आप बेझिझक 8146630006 पर बता सकते है, आपकी पहचान गुप्त रहेगी ।

**अमित दहिया, डीसीपी क्राइम**

### घर लौट रहा था करोबारी

शिकायतकर्ता आरिफ शेख ने थाना सेक्टर-5 में शिकायत दी थी कि 1 जुलाई को वह अपनी मर्सिडीज कार में फूड मार्केट, सेक्टर-5 पंचकूला से मोहाली जा रहा था। माजरी चौक से होते हुए जब वह पीर बाबा सेक्टर-3 पंचकूला पहुंचा तो दो युवकों ने एक गाड़ी से उसकी कार को रोक लिया और उसकी कार में बैठकर जबरदस्ती उसे पिंजौर-नालागढ़ की तरफ ले गए। वहां उसकी मर्सिडीज कार, दो मोबाइल फोन, एक घड़ी व सोने की चेन लूट ली और उसे रास्ते में उतारकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-5 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) ,127(2) ,140(3) , 304, 61(2) व आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया। मामले की जांच क्राइम ब्रांच 26 को सौपी गई।

### लूटकांड के बाद तकनीकी सुराग से दबोचे आरोपी

डीसीपी क्राइम अमित दहिया के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच टीम ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सुरागों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर तेज़ी से कार्रवाई शुरू की। अंततः 7 जुलाई को पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए दोनों आरोपियों को मढ़ावाला बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।

# रंजिश के चलते युवक की बेरहमी से हत्या

दिनदहाड़े मर्डर,झामपुर बैरियर बना खून का मैदान

सीसीटीवी कैमरो को खंगाल रही पुलिस

आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 8 जुलाई।** सोमवार दिनदिहाड़े उस वक्त हड़कंप मच गया। जब ई रिक्शा पर सवार होकर आए आरोपियों ने अपनी रंजिश निकालने के लिए दो दोस्तो पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर एक युवक को मौत के घाट उतार दिया।जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। जख्मी हुए दोनों दोस्तों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया।जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल में भर्ती युवक की पहचान आकाश के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार पता चला कि सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे दोनों दोस्त मार्केट जा रहे थे। जैसे ही वह झामपुर बैरियर रोड मलोया के पास एक बाइक रिपेयर के पास पहुंचे तो इसी दौरान ई रिक्शा पर सवार आरोपियों ने कहा कि वह वही है। जिन्होंने मार था। उक्त आरोपियो ने उन्हें पकड़ लिया।और दोनों दोस्तों पर ताबड़तोड़ तेजधार हथियार से हमला कर दिया। एक युवक उनकी चुगल से किसी तरह बच कर भाग कर जान बचा ली। जबकि आरोपियों ने उसके दोस्त पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।और आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार पता चला कि शिकायतकर्ता के मृतक भाई और उसके दोस्त का 3 जुलाई को झगड़ा हुआ था। उसकी रंजिश निकालने के लिए आरोपियों ने उन पर हमला किया।घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सभी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# गुरुग्राम निकाय सम्मेलन में बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को स्पीकर ने किया प्रोत्साहित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ, 8 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईटेल में 3-4 जुलाई को हुए राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों की विधानसभा के समिति कक्ष में बैठक ली । उन्होंने राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन की विशेष सफलता के लिए विधानसभा के सभी संबंधित कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की कामयाबी से हरियाणा विधानसभा का कद दूर दराज के इलाकों में बढ़ा है और ये हम सब के लिए गर्व की बात है । लोकसभा ने काबिलियत को देखते हुए इस राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन की मेजबानी के लिए हरियाणा विधानसभा पर विश्वास जताया और ये अपने आप में गौरवान्वित करने वाली बात है, ये परंपरा भविष्य में भी बरकरार रहे इसलिए सभी को हर स्तर पर पहले से बेहतर काम करना है ।

कल्याण ने कहा कि आने वाले समय में इस तरह के बड़े स्तर के कार्यक्रम आयोजित होते रहें हम सबको इसके लिए तैयार रहना है । उन्होंने राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन में निष्ठा, उर्जा व लग्न से काम करने वाले अधिकारियों को अपने सहयोगी कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कर्मचारियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सकारात्मक भाव से जब हम टीम के रूप में काम करते हैं तो उसका प्रभाव आने वाले समय में बहुत अच्छा होता है इसलिए हमेशा सकारात्मक बनाए रखें। उन्होंने राष्ट्रीय सम्मेलन के कारण कर्मचारियों में पैदा हुए आत्मविश्वास की भी तारीफ की । विधानसभा अध्यक्ष के सलाहकार रामनारायण यादव ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन की सफलता का श्रेय हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के उचित मार्ग -दर्शन व टीम के आपसी समन्वय को दिया।

# पंचकूला बना अपराधों की राजधानी, अपराध के साए में कारोबारी: मनोज अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं पंचकूला जिलाध्यक्ष शहरी मनोज अग्रवाल ने पंचकूला जिला में रोजाना हो रहे अपराधों, चोरी डकैतियों, चेन स्नेचिंग तथा हत्याओं की घटनाओं पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि पंचकूला जिला अपराधों की राजधानी तथा अपराधियों का शरणस्थली बन गया है । वहीं आज हरियाणा सबसे ज्यादा असुरक्षित राज्य बन गया है । राष्ट्रीय क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट कहती है कि हरियाणा प्रदेश हत्या, लूट, फिरौती, डकैती, चोरी, रेप जैसे अपराधों में देश के टाप राज्यों में शामिल हो गया है।

औसतन रोजाना दो तीन घरों में चोरियां, एक दो चेन स्नेचिंग तथा एक दो वाहन चोरी हो रहे हैं । डी एल एफ जैसे सुरक्षित इलाके में भी कल चोरी की दो घटनाएं हुई जहां आइएएस, आइपीएस तथा न्यायधीशों सहित बड़े अधिकारी रहते हैं । पंचकूला जैसे वीआईपी जिला की जनता अपराधियों, हत्यारों, डकैतों, चोर उच्चकों के रहमो-करम पर निर्भर हो गई है । पंचकूला में दिनदहाड़े हो रही चेन स्नेचिंग, डकैतियां, चोरियां, हत्याएं पंचकूला प्रशासन की काबिलियत तथा कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही है ।

मनोज अग्रवाल ने कहा कि किसी समय पंचकूला हरियाणा प्रदेश में सबसे शांत तथा सुरक्षित जिला था। दूसरे राज्यों के लोग यहां बसने को तरजीह देते थे । पंचकूला इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं जहां लगभग सत्तर प्रतिशत आबादी दूसरे राज्यों से आकर बसी हुई है । पहले जहां पंचकूला पूरे प्रदेश में सबसे शांत, अपराध रहित शहर था आज उसी पंचकूला में अब एक भी दिन ऐसा नहीं होता जिस दिन कोई ना कोई हत्या, चोरी, डकैती, या चेन स्नेचिंग की घटना ना घटे । असलियत में मनोज अग्रवाल ने कहा कि अब हालात यह बन गए हैं कि उद्योगपति तथा व्यापारी डर के साए में रहने को मजबूर हैं। पता नहीं कब फिरौती मांग ली जाए, कब कोई गोली मार दे । पिछले कुछ दिनों में ही चोरी डकैती की कई घटनाएं हो चुकी है।




# हाईकोर्ट पहुंचा मगन आत्महत्या केस का आरोपी, मांगी जमानत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** रोहतक के मगन आत्महत्या प्रकरण में मृतक की आरोपी पत्नी दिव्या के बॉयफ्रेंड दीपक ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। रोहतक कोर्ट से पहले ही आरोपी की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। मंगलवार को याचिका दायर किए जाने के बाद यह माना जा रहा है कि बुधवार को हाईकोर्ट इस केस की सुनवाई कर सकता है।

रोहतक निवासी मगन ने 18 जून को फांसी लगाकर जान दे दी थी। मरने से पहले उसने एक वीडियो बनाया था। जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी दिव्या और उसका पुलिस वाला बॉयफ्रेंड उसे परेशान कर रहे हैं। पत्नी दिव्या उसे कहती है कि अपने पिता की हत्या कर पैतृक जमीन बेच दे क्योंकि उसके पुलिसवाले बॉयफ्रेंड को प्रमोशन कराने के लिए रुपए चाहिए। उसने अपनी पत्नी व उसके बॉयफ्रेंड को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार छापे मार रही है।

मगन की पत्नी दिव्या तथा उसके मित्र दीपक ने पिछले सप्ताह रोहतक कोर्ट में भी अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। जज शैलेंद्र कुमार ने आत्महत्या से पहले रिकॉर्ड किए गए वीडियो, अश्लील क्लिप, कॉल डिटेल और बैंक रिकॉर्ड के आधार पर याचिका खारिज कर दी थी। रोहतक की अदालत से राहत नहीं मिलने पर आरोपी ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका पर संभ्वत बुधवार को सुनवाई हो सकती है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)